सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 15 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 191, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 247 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और सेंसेक्स 247 अंक की गिरावट के साथ 82,253 .46 अंक पर बंद हुआ। } 14

## गडकरी ने किया पुल का उद्घाटन, सीएम रहे कार्यक्रम से दूर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कर्नाटक के शिवमोगा में देश के दूसरे सबसे लंबे केबल-आधारित सिगंदूर पुल का उद्घाटन किया। } 16

## संक्षेप

### हथियार गिरोह का हुआ भंडाफोड़

अहमदाबाद। गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने अहमदाबाद में कथित तौर पर उत्तर प्रदेश से संचालित हो रहे हथियार लाइसेंस गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। यहां एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। टीम ने इस मामले में संदिग्ध दो बिचौलियों को भी हिरासत में लिया है। एटीएस ने मुकेश सिंह चौहान, अभिषेक त्रिवेदी, वेदप्रकाश सिंह, राजेंद्र सिंह सांखला, अजय सेंगर, विजय सेंगर और शोलेसिंह सेंगर से सात आग्नेयास्त्र, 285 कारतूस और हथियारों के फर्जी लाइसेंस जब्त किए। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया।

### स्कूल बस की टक्कर से तीन कांवड़िये घायल, की तोड़फोड़

मेरठ। जिले में कांवड़ यात्रा के दौरान उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब एक स्कूल बस ने जल लेकर जा रहे तीन कांवड़ियों को टक्कर मार दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक इस हादसे में तीनों श्रद्धालु घायल हो गए, जिसके बाद नाराज कांवड़ियों ने बस में तोड़फोड़ की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह मामले को शांत कराया। यह घटना जिले के सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेगमपुल चौकी के पास दिल्ली मार्ग पर हुई। गाजियाबाद निवासी संदीप, बॉबी और अभिषेक हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे थे, तभी कैंट अस्पताल के समीप पीछे से आई स्कूल बस कांवड़ियों से मामूली रूप से टकरा गई। टक्कर लगते ही तीनों कांवड़िए घायल हो गए। इस घटना से आक्रोशित अन्य कांवड़ियों ने बस को घेर लिया और उसके शीशे तोड़ डाले। उन्होंने बस चालक के साथ मारपीट भी की, जो घबराकर वाहन छोड़कर भाग निकला। इस घटना के चलते कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

### उप्र सरकार के फैसले के खिलाफ होगी सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय कम छात्र संख्या वाले 100 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों का अलग-अलग किसी अन्य विद्यालय में विलय करने के उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सोमवार को सहमत हो गया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले को इसी सप्ताह सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। याचिकाकर्ता तैय्यब खान की ओर से पेश अधिवक्ता प्रदीप यादव के तत्काल सुनवाई का अनुरोध करने पर पीठ ने यह रजामंदी जतायी। यादव ने कहा कि अगर 16 जून के सरकारी आदेश पर रोक नहीं लगाई गई तो सैकड़ों सरकारी स्कूल बंद हो जाएंगे।

## डीआरएम ऑफिस में सीबीआई छापा, महिला क्लर्क को दबोचा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। सीबीआई ने सोमवार शाम डीआरएम आफिस में छापा मारा और उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मिशन गति शक्ति प्रोजेक्ट में तैनात महिला रेलकर्मी को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा। सीबीआई के छापे से डीआरएम ऑफिस में काफी देर तक अफरातफरी मची रही और अधिकारी व कर्मचारी काफी परेशान भी रहे। रेलवे की इंजीनियरिंग अनुभाग में महिला क्लर्क अंजुम निशा है। आरोप है कि एक बिल पास कराने के लिए अंजुम निशा क्लर्क ने ठेकेदार से रिश्वत मांगी थी। ठेकेदार ने इसकी शिकायत सीबीआई से कर दी। इसके बाद शाम करीब चार बजे लिफाफे में नोट रखकर ठेकेदार ने महिला रेलकर्मी को डीआरएम ऑफिस के बाहर बुलाया। महिला ने जैसे ही लिफाफा पकड़ा, सीबीआई ने उसको रंगेहाथ पकड़ लिया। सीबीआई देर शाम तक ऑफिस में डटी रही। गति शक्ति यूनिट में दिल्ली और लखनऊ की टीम वरिष्ठ मंडल अभियंता अधिकारी से पूछताछ कर रही है। यह यूनिट अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का कायाकल्प कर रही है। देर रात तक पूछताछ चलेगी। मौके पर बड़ी मात्रा में खानपान सामग्री मंगाई गई है। सीबीआई की ओर से किसी प्रकार की और कोई सूचना अभी नहीं प्रदान की गयी है।

> ❍ बिल पास करने के लिए ठेकेदार से मांगा था धन

## शुभांशु शुक्ला की वापसी का सफर शुरू, आज पहुंचेंगे कैलिफोर्निया

एजेंसी

नयी दिल्ली। ड्रैगन ग्रेस अंतरिक्ष यान के सोमवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से अलग होने के साथ शुभांशु शुक्ला और वाणिज्यिक एक्सिओम-4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की पृथ्वी की वापसी यात्रा शुरू हो गई। पिछले 18 दिनों से चारों अंतरिक्ष यात्री आईएसएस पर थे। ड्रैगन अंतरिक्ष यान आईएसएस से भारतीय समयानुसार शाम 4:45 बजे अलग हुआ। इसमें मूल कार्यक्रम से 10 मिनट की देरी हुई तथा कक्षीय प्रयोगशाला से दूर जाने के लिए उसने दो बार थ्रस्टर्स चालू किए।

शुक्ला, कमांडर पैगी व्हिटसन, तथा मिशन विशेषज्ञ पोलैंड के स्लावोज़ उज़्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू सहित एक्सिओम-4 के चालक दल ने 26 जून को आईएसएस से जुड़ने के बाद से लगभग 76 लाख मील की दूरी तय करते हुए पृथ्वी के चारों ओर लगभग 433 घंटे या 18 दिन में 288 परिक्रमाएं कीं। गले मिलने और हाथ मिलाने के बाद, चारों



अंतरिक्ष यात्री अनडॉकिंग से लगभग दो घंटे पहले ड्रैगन अंतरिक्ष यान में प्रवेश कर गए, अपने स्पेससूट पहन लिए और भारतीय समयानुसार अपराह्न 2:37 बजे अंतरिक्ष यान को आईएसएस से जोड़ने वाले हैच को बंद कर दिया। रविवार को आईएसएस पर विदाई समारोह में शुक्ला ने कहा जल्दी ही धरती पर मुलाकात करते हैं। राकेश शर्मा के 1984 में अंतरिक्ष की यात्रा करने के बाद शुक्ला दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। अंतरिक्ष स्टेशन के आसपास के सुरक्षित क्षेत्र से बाहर निकलने के बाद, अंतरिक्ष यात्रियों ने पृथ्वी पर वापसी की 22.5 घंटे की आरामदायक यात्रा के लिए अपने स्पेससूट उतार दिए। ड्रैगन ग्रेस अंतरिक्ष यान द्वारा मंगलवार को भारतीय समयानुसार दोपहर 3:01 बजे कैलिफ़ोर्निया तट पर पहुंचने के लिए डी-ऑर्बिट प्रक्रिया शुरू करने से पहले, अंतरिक्ष यात्री एक बार फिर स्पेससूट पहनेंगे। चारों अंतरिक्ष यात्रियों को पुनर्वास में सात दिन बिताने होंगे, क्योंकि उन्हें कक्षा में अनुभव की जाने वाली भारहीनता के विपरीत, गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में पृथ्वी पर जीवन के लिए खुद को ढालना होगा। रविवार को एक्सपीडिशन 73 के अंतरिक्ष यात्रियों ने एक्सिओम-4 चालक दल के लिए एक पारंपरिक विदाई समारोह का आयोजन किया। एक्सिओम-4 मिशन चार दशकों से अधिक समय के बाद भारत, पोलैंड और हंगरी के लिए अंतरिक्ष में वापसी का प्रतीक था। अंतिम तैयारियों में कैप्सूल के ट्रंक को अलग करना और वायुमंडल में प्रवेश से पहले हीट ...शेष पृष्ठ 14 पर

# चिकित्सा परंपरा व राष्ट्र सेवा का प्रतीक है केजीएमयू

### सीएम योगी ने दी बड़ी सौगात, 941 करोड़ रुपये की 7 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

विशेष संवाददाता

लखनऊ। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) ने अपने 120 वर्षों की गौरवशाली यात्रा में एक और ऐतिहासिक अध्याय जोड़ते हुए चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को केजीएमयू परिसर में 941 करोड़ की लागत से निर्मित 7 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने वार्ड में जाकर न सिर्फ मरीजों का हालचाल लिया, बल्कि डॉक्टरों से संवाद करते हुए भावी स्वास्थ्य विस्तार की योजनाओं पर भी चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यह सिर्फ एक संस्थान नहीं, बल्कि एक युग की चिकित्सा परंपरा और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा का प्रतीक है। 120 वर्ष की अपनी इस शानदार यात्रा में केजीएमयू ने अनेक मील के पत्थर गढ़े हैं। यह यात्रा सामान्य नहीं रही इसने पिछली सदी की महामारी से लेकर कोविड-19 जैसी वैश्विक त्रासदी का मुकाबला कर प्रदेश और देश का मार्गदर्शन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह संस्थान महामारी में अग्रणी रहा, चिकित्सा शिक्षा के विस्तार में सहायक बना और अब टेक्नोलॉजी के साथ भविष्य के लिए तैयार हो रहा है। आज जब 941 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं, तो यह महज निर्माण नहीं, बल्कि स्वस्थ उत्तर प्रदेश, समर्थ भारत२ की दिशा में एक नए युग की




शुरूआत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब कोविड-19 का प्रकोप प्रारंभ हुआ था, उस समय केजीएमयू प्रदेश का पहला संस्थान था, जहां कोविड जांच की सुविधा शुरू की गई। पहले 100 कोविड संदिग्ध मरीजों की जांच यहीं से प्रारंभ हुई थी। इसी साहसिक और त्वरित पहल से यूपी ने समय रहते महामारी से मुकाबले की रणनीति विकसित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक और न्यू कार्डियोलॉजी...शेष पृष्ठ 14 पर

## कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। श्रावण मास के दौरान उत्तर प्रदेश में संचालित हो रही कांवड़ यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह पवित्र यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हो, इसके लिए शासन-प्रशासन पूरी सजगता, संवेदनशीलता और सक्रियता से कार्य करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, चिकित्सा, पेयजल, भोजनालय, विश्रामालय और शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महिला श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उन्होंने विशेष निर्देश दिए कि महिला कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम हों तथा महिला पुलिस बल की प्रभावी तैनाती की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से 24 घंटे सातों दिन निगरानी की जाए। उन्होंने खुफिया तंत्र को पूरी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 29 को आयेगा नेशनल हेराल्ड मामले में फैसला

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने को लेकर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा संज्ञान के पहलू पर सभी पक्षों की ओर से दलीलें समाप्त हो गई हैं। मामले को 29 जुलाई को आदेश के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

उन्होंने ईडी को निर्देश दिया, यदि आवश्यक हो तो 15 से 17 जुलाई के बीच मामले की फाइलों के निरीक्षण के लिए जांच अधिकारी (आईओ) की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। आदेश में कहा गया है, प्रस्तावित अभियुक्तों की ओर से विभिन्न वकीलों द्वारा केस लॉ और रिकॉर्ड में मौजूद दस्तावेजों के संदर्भ में दी गयी विस्तृत दलीलों को देखते हुए यह निर्देश दिया जाता है कि आरोपी 19 जुलाई तक अपनी दलीलों का एक संक्षिप्त सारांश दाखिल करें, जो तीन-चार पृष्ठों से अधिक न हो। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने 12 जुलाई को अपनी दलीलें पूरी कीं, उसके बाद सोमवार को कुछ अभियुक्तों के वकीलों ने अपनी अंतिम दलीलें पेश कीं। अदालत दो जुलाई से हर कार्यदिवस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मुठभेड़ में मारा गया मुख्तार का करीबी पठान

### मुजफ्फरनगर में एनकाउंटर, हत्या व रंगदारी के आधा दर्जन से अधिक मुकदमे थे दर्ज

विशेष संवाददाता



पठान (फाइल फोटो)

लखनऊ। यूपी एसटीएफ की फील्ड इकाई मेरठ ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फर नगर जिले के थाना छपार क्षेत्र में एक मुठभेड़ के दौरान मुख्तार अंसारी व संजीव जीवा गैंग के शार्प शूटर शाहरुख पठान को मार गिराया है। यह मुजफ्फरनगर के खलापार का रहने वाला है।

यूपी एसटीएफ के चीफ अमिताभ यश नें बताया कि संजीव जीवा गैंग का शार्प शूटर शाहरुख पठान पर हत्या और रंगदारी के आधा दर्जन से अधिक मुकदमे है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर पुलिस कस्टडी में आसिफ जायदा नामक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। गिरफ्तार होने के पश्चात जेल में रहने के दौरान संजीव जीवा और मुख्तार अंसारी के संपर्क में आ गया और संजीव जीवा के लिए काम करने लगा। कुछ दिन जेल में रहने के पश्चात यह सिविल लाइन मुजफ्फरनगर से वर्ष 2016 में फरार हो गया। फरारी के दौरान जीवा के कहने पर इसने हरिद्वार में हरिद्वार के कंबल व्यापारी गोल्डी की हत्या 2017 में कर दी थी! इसी फरारी के दौरान आसिफ जायदा मर्डर केस के गवाह आसिफ जायदा के पिता की हत्या वर्ष 2017 में कोतवाली मुजफ्फरनगर में कर दी थी। एसटीएफ चीफ अमिताभ यश नें बताया कि इस हत्या के बाद इसपर 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। इसके पश्चात यह पुनः गिरफ्तार होकर जेल चला गया था। गोल्डी मर्डर केस में संजीव जीवा के ...शेष पृष्ठ 14 पर

> वर्तमान में जमानत पर चल रहा था। करीब छह माह पूर्व जमानत पर आने के बाद इसने हत्या के मुकदमों के गवाही देने वालों को धमकाना व मारने का प्रयास करने में संभल में हत्या के प्रयास और धमकी देने का मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसमें वह वांछित चल रहा था। उसकी तलाश की जा रही थी। - अमिताभ यश




## उत्तराखण्ड के विकास के लिए पीएम मोदी से मिले सीएम धामी

### हरिद्वार महाकुंभ 2027 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए मांगे 3500 करोड़

प्रमुख संवाददाता

नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर उत्तराखंड राज्य के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने केंद्र सरकार के सतत सहयोग के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि उत्तराखंड विकसित भारत 2047 के विजन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को 27 देशों द्वारा प्रदान किए गए सर्वोच्च नागरिक सम्मानों के लिए बधाई दी और उन्हें उत्तराखंड की संस्कृति और परंपरा से जुड़े उपहार भेंट किये। इनमें कार्तिक स्वामी मंदिर का प्रतिरूप, आदि कैलाश यात्रा पर आधारित कॉफी



टेबल बुक, धारचूला का घी, पुरोला का लाल चावल, बासमती चावल, काला जीरा, गंध रैण, जम्बू और स्थानीय शहद शामिल थे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से हरिद्वार गंगा कॉरिडोर, ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर और चम्पावत स्थित शारदा कॉरिडोर के लिए अवस्थापना ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 'उत्तराखंड निवेश उत्सव' के मुख्य अतिथि होंगे अमित शाह

प्रमुख संवाददाता

देहरादून (उत्तराखंड)। उत्तराखंड में औद्योगिक निवेश को लेकर बड़ा आयोजन होने जा रहा है। राज्य में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों द्वारा किए गए एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की ग्राउंडिंग के उपलक्ष्य में 'उत्तराखंड निवेश उत्सव कार्यक्रम' आगामी 19 जुलाई को ऊधम सिंह नगर के रुद्रपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में देश के गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के तौर पर ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- विस में डिजिटलीकरण और ई-गवर्नेंस जरूरी (पृष्ठ-02)
- जनकल्याणकारी शासन के लिए समावेश जरूरी (पृष्ठ-02)
- चांदी 5,000 रुपये की छलांग के साथ 1.15 लाख पर (पृष्ठ-14)
- थोक मुद्रास्फीति जून में 19 माह बाद शून्य से नीचे (पृष्ठ-14)
- रुपया 22 पैसे टूटकर 86.02 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** महिला ने किया दावा- छांगुर ने लगभग पांच हजार लोगों का कराया था धर्मांतरण, गिरोह अभी भी सक्रिय

## छांगुर बाबा के चंगुल से छूटी महिलाओं को मिल रही हत्या की धमकी

मो0 दानिश सिद्दीकी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में धर्मांतरण गिरोह चलाने के आरोपी छांगुर बाबा द्वारा कथित रूप से इस्लाम धर्म में दाखिल करायी गयी कुछ महिलाओं ने सोमवार को दावा किया कि हिंदू धर्म में वापसी के बाद उन्हें धमकियां मिल रही हैं। खुद को छांगुर बाबा के गिरोह का शिकार बताने वाली महिला ने संवाददाताओं को बताया कि अबू अंसारी नामक व्यक्ति ने अपना नाम अमित बताकर उससे मेलजोल बढ़ाया और वह अमित के रूप में ही उसके परिवार से भी मिला था। महिला ने बताया कि वह छांगुर बाबा से पहली बार 2019 में मिली थी। उस जगह का माहौल बहुत अजीब था। वहां केवल महिलाएं ही थीं। उनका ब्रेनवॉश किया गया था। छांगुर ने लगभग पांच हजार लोगों का धर्मांतरण कराया था। महिला ने कहा कि छांगुर बाबा को भले ही गिरफ्तार कर




लिया गया है लेकिन उसके गिरोह के सक्रिय सदस्यों की गिरफ्तारी अभी बाकी है। उसने दावा किया कि हिंदू धर्म में वापसी के बाद उसे धमकियां मिल रही हैं। एक अन्य महिला ने आरोप लगाया कि उसे एक मुस्लिम व्यक्ति से शादी करने के लिए मजबूर किया गया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## छांगुर पर दर्ज मुकदमों की जांच करने कोतवाली पहुंची एटीएस

जिला संवाददाता

उतरौला, बलरामपुर। धर्मांतरण के आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर के ऊपर दर्ज मुकदमों की तहकीकात करने के लिए एटीएस ने कोतवाली में अपराध पंजिका की भी जांच की। उधर छांगुर को पुलिस प्रोटेक्शन के बारे में सूचना मिलने के बाद एटीएस उन तथ्यों की पड़ताल कर रही है कि किस अधिकारी के आदेश पर सशस्त्र पुलिस उपलब्ध कराया गया था। पुलिस रिकॉर्ड में न तो छांगुर के विरुद्ध कोई अभियोग उतरौला कोतवाली में मिला न ही इस बात का कोई दस्तावेजी प्रमाण मिला ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बोइंग में फ्यूल स्विच लॉकिंग प्रणाली की जांच के आदेश

एजेंसी

मुंबई। विमानन नियामक डीजीसीए ने सोमवार को एयरलाइन कंपनियों से अपने बोइंग 787 और 737 विमानों में फ्यूल स्विच लॉकिंग प्रणाली की जांच करने को कहा। यह कदम एयरइंडिया के बोइंग 787 विमान की दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के कुछ दिन बाद आया है। जांच रिपोर्ट में पाया गया था कि पिछले महीने हुई दुर्घटना से ठीक पहले स्विच बंद कर दिए गए थे।

अमेरिकी नियामक संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने 2018 में 787 और 737 सहित बोइंग विमानों के कुछ मॉडल में ईंधन नियंत्रण करने वाली स्विच लॉकिंग सुविधा में खराबी की आशंका का संकेत किया था। एफएए के विशेष उड़ान पात्रता सूचना बुलेटिन (एसएआईबी) में इसका उल्लेख किया गया था, हालांकि इसमें कोई ऐसा संकेत नहीं था, जिससे यह मुद्दा सुरक्षा संबंधी चिंता का विषय लगे। डीजीसीए ने सोमवार को कहा कि उसके संज्ञान में आया है कि कई अंतरराष्ट्रीय और घरेलू परिचालकों ने एफएए के विमानों की उड़ान भरने की पात्रता के हिसाब से अपने विमान बेड़े का निरीक्षण शुरू कर दिया है। नियामक ने कहा, प्रभावित विमान का परिचालन करने वाली सभी एयरलाइन कंपनियों को सलाह दी जाती है कि वे 21 जुलाई, 2025 से पहले निरीक्षण पूरा कर लें।

# केजीएमयू को मिला नया प्रशासनिक भवन और अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक लैब

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केजीएमयू का प्रशासनिक भवन जल्द ही नए कलेवर में नजर आएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को केजीएमयू के नये प्रशासनिक भवन, अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक लैब और पेशेंट एकमोडेशन फैसिलिटी ब्लॉक के साथ न्यू गेस्ट हाउस की आधारशिला रखी। यह तीनों निर्माण 99.10 करोड़ की लागत पूरे होंगे। इसी के साथ किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में मरीजों के इलाज और जांच की दिशा में नये युग की शुरूआत होगी।




- 48 करोड़ की लागत से बनेगा 2 मंजिला भवन, 100 वाहनों की होगी पार्किंग
- हाईटेक डायग्नोस्टिक लैब से मरीजों को मिलेगी 24 घंटे जांच की सुविधा

केजीएमयू के प्रवक्ता केके सिंह ने बताया कि अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक लैब से मरीजों को 24 घंटे उच्च गुणवत्ता की जांच सेवाएं उपलब्ध होंगी। वहीं पेशेंट रिलेटिव एकमोडेशन फैसिलिटी ब्लॉक के निर्माण से तीमारदारों को समुचित ठहरने की सुविधा मिलेगी। इस पांच मंजिला भवन में रेडियोलॉजिकल, एक्सरे, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजिकल और माइक्रोबायोलॉजिकल लैब्स की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे मरीजों को जांच के लिए लंबी डेट से छुटकारा मिलेगा। डॉक्टर द्वारा जांच लिखे जाने के तुरंत बाद सभी आवश्यक जांचें एक ही छत के नीचे पूरी की जा सकेंगी। इतना ही नहीं, जांच रिपोर्ट मरीजों को मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से भी प्राप्त हो सकेगी, जिससे इलाज में देरी नहीं होगी और सटीक रिपोर्ट मिलने से मरीज शीघ्र स्वस्थ होकर घर जा सकेंगे। इसके साथ ही डिजास्टर मैनेजमेंट, सेंट्रल कमांड एरिया और मरीजों के तीमारदारों के ठहराव के लिए लगभग 450 बिस्तरों की क्षमता वाला एकमोडेशन ब्लॉक भी विकसित किया जाएगा। पांच मंजिला ब्लॉक 48 करोड़ की लागत से बनकर तैयार होगा। नया प्रशासनिक भवन दो मंजिला का होगा, जो 48 करोड़ की लागत से बनकर तैयार होगा। यहां पर स्टाफ के लिए 100 वाहनों की क्षमता वाली पार्किंग भी विकसित की जाएगा। नये प्रशासनिक भवन से प्रशासनिक कार्यों में भी तेजी आएगी और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी। इसके साथ ही 3.10 करोड़ की लागत से न्यू गेस्ट हाउस का होगा विस्तार होगा। यहां पर लिफ्ट के साथ सभी 14 कमरे फर्नीचर से सुसज्जित होंगे। इससे बाहर से आने वाले गेस्ट प्रोफेसर और डॉक्टर्स को ठहरने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

**दो साल बाद रोबोट से होगी मरीजों की सर्जरी, 378 करोड़ से बनेगा भव्य भवन :** योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) को एक नई पहचान दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को केजीएमयू में जनरल सर्जरी के नये भवन के निर्माण की नींव रखी। यह भवन 378 करोड़ रुपये की लागत से दो वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगा, जहां मरीजों रोबोटिक सर्जरी की सुविधा का लाभ मिलेगा। केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने बताया कि नया सर्जरी भवन अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसमें 12 ऑपरेशन थिएटर, 12 बेड वाला आईसीयू, मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम, नेटवर्किंग, सोलर सिस्टम, रोबोटिक सर्जरी सिस्टम जैसी उच्चस्तरीय व्यवस्थाएं होंगी। यह केजीएमयू के जनरल सर्जरी विभाग को नई ऊंचाई पर ले जाएगा और मरीजों को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं सुलभ होंगी। नये सर्जरी भवन के ग्राउंड फ्लोर पर विभागाध्यक्ष का कक्ष, एचआरएफ स्टोर, पेशेंट वेटिंग एरिया, प्लाज्मा स्टेरीलाइजेशन सिस्टम, चार ऑपरेशन थिएटर, पोस्ट ऑप वार्ड (16 बेड), प्री-एनस्थीसिया कक्ष, पॉवर रूम और फैकल्टी कक्ष होंगे। वहीं प्रथम तल पर प्रोफेसर्स के रूम, सर्जरी लाइब्रेरी, इंडोस्कोपी रूम, डे केयर ओटी और वेटिंग एरिया जैसी सुविधाएं होंगी। इसके अलावा बेसमेंट में मुख्य सर्जरी कार्यालय, कैन्टीन, दो चेंजिंग रूम, रिकॉर्ड रूम, कमेटी रूम, सेमिनार हॉल, लेक्चर हॉल, स्किल लैब, लिनन और यूजी-पीजी सेक्शन का कार्यालय होगा।

**जनरल सर्जरी के नये भवन से सर्जरी की लंबी वेटिंग होगी खत्म :** प्रो. केके सिंह ने बताया कि जनरल सर्जरी का नया भवन दो साल में बनकर तैयार हो जाएगा। यह भवन उन मरीजों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा, जो जटिल और विशिष्ट सर्जरी के लिए लंबे समय तक प्रतीक्षा करते हैं। भवन में स्थापित उपकरण और सुविधाओं से जटिल सर्जरी को शत-प्रतिशत सफलता मिलेगी। वहीं वर्तमान में जनरल सर्जरी के लिए लंबा इंतजार आम बात थी, लेकिन इस भवन के निर्माण के बाद वेटिंग की समस्या लगभग समाप्त हो जाएगी। वहीं सर्जरी के बाद की देखभाल के लिए आईसीयू और पोस्ट-ऑप वार्ड की भी सुविधा मिलेगी।

**हृदय रोगियों के दिल को सुकुन देगा केजीएमयू, न्यू कॉर्डियोलॉजी विंग में मिलेगी विश्वस्तरीय इलाज की सुविधा :** सीएम योगी ने सोमवार को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में हृदय रोगियों के इलाज के लिए 105 करोड़ की लागत से बनी न्यू कॉर्डियोलॉजी विंग की सौगात दी। यहां पर हृदय रोगियों का आधुनिक और विश्वस्तरीय सुविधाओं से इलाज किया जाएगा। वहीं अब उन्हे हृदय संबंधी समस्या और सर्जरी के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। केजीएमयू वीसी प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर सुधार और विस्तार कर रही है। वीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यू कॉर्डियोलॉजी विंग का उद्घाटन किया। इससे लखनऊ के साथ प्रदेशभर के हृदय रोगियों को राहत मिलेगी। अभी तक हृदय रोगियों को इलाज के लिए एसजीपीजीआई, लोहिया संस्थान और लारी कार्डियोलॉजी पर निर्भर रहना पड़ता था, जहां बेड की सीमित उपलब्धता के कारण मरीजों को अक्सर रेफर करना पड़ता था। वर्तमान में लारी कार्डियोलॉजी में मात्र 84 बेड उपलब्ध हैं, जिससे अधिकतर समय सभी बेड फुल रहते हैं। अब नए भवन के शुरू होने से इसमें 92 आईसीसीयू नए बेड जुड़ गए हैं, जिससे कुल क्षमता 176 बेड तक पहुंच गई है। न्यू कॉर्डियोलॉजी विंग अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। इससे हृदय रोगों की जांच और इलाज पहले से कहीं अधिक सटीक और प्रभावी हो सकेगा। नई कार्डियोलॉजी विंग से लारी और सीटीवीएस विंग पर मरीजों का दबाव कम होगा। हृदय रोगियों को इलाज के लिए अलग-अलग विभागों में भटकना नहीं पड़ेगा। मरीजों को विभिन्न जांचों और एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी जैसी जटिल प्रक्रियाओं के लिए लंबा इंतजार से भी छुटकारा मिलेगा। केजीएमयू की न्यू कार्डियोलॉजी विंग न केवल तकनीकी दृष्टि से अत्याधुनिक है बल्कि यह प्रदेश के अन्य चिकित्सा संस्थानों के लिए एक आदर्श मॉडल भी बनेगी। सीएम योगी की यहां स्थापित तकनीक, उपकरण और कार्यप्रणाली को प्रदेश के अन्य बड़े अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में भी लागू करने की योजना है, जिससे प्रदेश भर में चिकित्सा सेवाओं का एकरूप और सशक्त नेटवर्क तैयार हो सके।

## सात मंजिला होगा ट्रामा सेंटर-2, पेशेंट यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स की मिलेगी सुविधा

लखनऊ। ट्रॉमा मरीजों को राहत देने के लिए ट्रामा सेंटर-2 भवन दो वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगा। इस भवन के निर्माण से ट्रामा के मरीजों को अतिरिक्त 500 बेड की सुविधा मिलेगी। इस सात मंजिला भवन में पेशेंट यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स की भी सुविधा मिलेगी। यह भवन दो वर्षों में 273 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार होगा। इससे न केवल केजीएमयू में भर्ती की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि गंभीर रोगियों को बेहतर और समय पर इलाज भी मिल सकेगा। इस सात मंजिला भवन में आकस्मिक और गहन चिकित्सा सेवाओं से संबंधित तमाम आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसमें 9 ओटी (ऑपरेशन थिएटर), सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, फायर फाइटिंग और फायर अलार्म जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं शामिल हैं। इसके साथ ही विस्तारित पार्किंग सुविधा भी विकसित की जाएगी, जहां 250 से अधिक वाहनों के खड़े होने की क्षमता होगी। यहां केवल इलाज की सुविधाएं ही नहीं, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों की सहूलियत के लिए पेशेंट यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स का भी निर्माण किया जाएगा। इस परिसर में वेटिंग एरिया, किचन, डायनिंग एरिया और कैफे जैसी व्यवस्थाएं होंगी, ताकि मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को भी सुविधाजनक वातावरण मिल सके। यह कॉम्प्लेक्स मरीजों की देखभाल करने वालों के लिए मानसिक और भौतिक राहत देने वाला सिद्ध होगा।

**प्रदेश का श्रेणी-1 स्तर का केंद्र होगा ट्रामा-2 सेंटर :** ट्रामा-2 सेंटर प्रदेश का श्रेणी-1 स्तर का केंद्र होगा। इसमें सड़क दुर्घटनाओं, प्राकृतिक आपदाओं, औद्योगिक दुर्घटनाओं आदि में घायल होने वाले गंभीर मरीजों के लिए गहन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस तरह की आपात स्थितियों में केजीएमयू को एक प्राथमिक और अत्यंत सक्षम उपचार केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। ट्रामा सेंटर के विस्तार से गंभीर रूप से घायल मरीजों की भर्ती क्षमता में वृद्धि होगी और त्वरित चिकित्सा सेवाएं संभव हो सकेंगी। इससे ना केवल कई मरीजों का जीवन बचाया जा सकेगा, बल्कि अस्पताल पर बढ़ते दबाव को भी नियंत्रित किया जा सकेगा।

## 340 बेड के हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा

**लखनऊ।** प्रदेश के पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा मिला है। यह प्रदेश का पहला सेंटर है, जहां एक छत के नीचे बच्चों से लेकर बुजुर्गों को आर्थोपेडिक से संबंधित रोग का इलाज मिल सकेगा। इस सात मंजिला बिल्डिंग में मरीजों को ऑर्थोप्लास्टी, स्पाइन सर्जरी, स्पोर्ट्स मेडिसिन, पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स, रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी जैसी चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा। केजीएमयू वीसी प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) अब प्रदेशवासियों की हड्डी से जुड़ी बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि सेंटर का 86 करोड़ रुपये की लागत से विस्तार किया गया है। इस सेंटर में कुल 340 बेड की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें 8 अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर भी शामिल हैं। सेंटर को अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है, जहां ऑर्थोप्लास्टी, स्पाइन सर्जरी, स्पोर्ट्स मेडिसिन, पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स, रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी जैसी समस्त चिकित्सा सेवाएं एक ही स्थान पर सुलभ होंगी। इसके अलावा सेंटर में एचआरएफ द्वारा संचालित फामेर्सी काउंटर भी होंगे, जहां 24 घंटे दवाएं और सर्जिकल उपकरण उपलब्ध रहेंगे। यह सात मंजिला भवन न केवल लखनऊ बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के हड्डी रोग से पीड़ित मरीजों के लिए एक वरदान साबित होगा। प्रदेश की जनता को अब इलाज के लिए विभिन्न विभागों के बीच भटकना नहीं पड़ेगा। हड्डी और स्पाइन संबंधी बीमारियों की जांच, दवा, भर्ती और सर्जरी से लेकर छुट्टी तक की समस्त प्रक्रिया एक ही बिल्डिंग में पूरी होगी। हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर में आथोपेडिक सर्जरी के लिए 220 बेड, स्पोर्ट्स मेडिसिन के लिए 60 बेड, पीडियाट्रिक ऑर्थो के लिए 60 बेड उपलब्ध हैं जबकि आथोपेडिक सर्जरी में से 24 बेड हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू), 24 प्राइवेट कमरे, 8 बड़े ऑपरेशन थिएटर, 2 छोटी ओटी और 8 ओपीडी कक्ष बनाए गए हैं। यहां पर विशेष रूप से खिलाड़ियों को लगने वाली चोटों के उपचार के लिए खेल चिकित्सा विशेषज्ञों की मौजूदगी रहेगी। इसके अलावा बच्चों में होने वाली हड्डियों से संबंधित समस्याओं के लिए भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपलब्ध होगी।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आज सीएम करेंगे शुभारंभ

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस-2025 के अवसर पर राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 15 और 16 जुलाई को दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भव्य स्तर पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 15 जुलाई को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।



इस संबंध में सोमवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग डॉ. हरिओम ने बताया कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कौशल भारत - महाशक्ति भारत संकल्प और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित आत्मनिर्भर युवा - समृद्ध उत्तर प्रदेश मिशन की दिशा में एक निर्णायक कदम है। यह आयोजन केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेश के लाखों युवाओं के आत्मविश्वास, प्रेरणा और पहचान का मंच है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में 12 से 14 जुलाई के मध्य रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है, जिनमें स्थानीय उद्योगों एवं कंपनियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में युवाओं को सीधे नियुक्ति के अवसर प्रदान किये गये। इन मेलों में चयनित युवाओं में से 11 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मंच से नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए जायेंगे। इस कार्यक्रम की प्रभावी तैयारियों हेतु प्रत्येक जनपद को 50,000 रुपये की अग्रिम धनराशि भी जारी की गयी है। राज्य स्तरीय दो दिवसीय कार्यक्रम में युवा कौशल चौपाल, कौशल मेला एवं प्रदर्शनी तथा कौशल ओलंपिक तीन प्रमुख आयोजन होंगे। युवा कौशल चौपाल में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, आईटीआई और डीडीयू-जेकेवाई से प्रशिक्षित 11 चयनित युवा अपनी सफलता की कहानियां साझा करेंगे। इन युवाओं को कौशल यूथ आइकॉन के रूप में सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन प्रदेश के हर गांव और कस्बे के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रोत्साहित करेगा।

## उच्च शिक्षा मंत्री ने सीएम को दिया ज्ञापनआगरा के विकास की मांग

**लखनऊ / आगरा।** उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर आगरा के सर्वांगीण विकास से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर भाजपा आगरा के पूर्व महानगर अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता भी उपस्थित रहें। ज्ञापन में प्रमुख रूप से आगरा में प्रस्तावित नक्षत्रशाला के शीघ्र भूमि पूजन एवं शिलान्यास की तिथि तय करने, यमुना डाउन स्ट्रीम में बैराज के निर्माण, वेदांत मंदिर से हाथी घाट तक यमुना किनारे चौपाटी की तर्ज पर पार्क एवं सार्वजनिक स्थल विकसित करने तथा पालीवाल पार्क परिसर में बाल विहार, लंगड़े की चौकी स्थित हनुमान मंदिर के पास नाले के निर्माण की मांग शामिल रही। मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान मंत्री उपाध्याय ने अनुरोध किया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना नक्षत्रशाला के भूमि पूजन एवं शिलान्यास की तिथि शीघ्र तय की जाये ताकि निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि नक्षत्रशाला के निर्माण से छात्रों को खगोलशास्त्र के रहस्यों को समझने का अवसर मिलेगा, जिससे शैक्षिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यमुना डाउन स्ट्रीम में प्रस्तावित बैराज तथा वेदांत मंदिर से हाथी घाट तक चौपाटी की तर्ज पर सौंदर्यीकरण कार्यों हो।

# जलनिकासी, राहत और बचाव कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगीः मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बरसात के कारण उत्पन्न परिस्थितियों, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में जलभराव और नदियों के जलस्तर में आई वृद्धि की सोमवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कई हिस्सों में भारी वर्षा के चलते जलभराव, सड़क क्षति और कुछ क्षेत्रों में नदियों के जलस्तर में तेज वृद्धि देखी गई है। इस पर सतत निगरानी रखी जाए। संबंधित विभागों, नगर निगमों, विकास प्राधिकरणों और जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए कि जलनिकासी की व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से सुचारु बनाया जाए।

सभी जलभराव प्रभावित क्षेत्रों से जल निकासी यथाशीघ्र की जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत या आपात सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बुंदेलखंड सहित प्रदेश के उन क्षेत्रों में, जहां भारी वर्षा हुई है, वहां जलशक्ति मंत्री और विभाग के प्रमुख सचिव स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें और जलभराव, बाढ़ की स्थिति तथा जल संरचनाओं की स्थिति का मूल्यांकन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। साथ ही, उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश के उन 16 जिलों का विशेष उल्लेख किया जहां अब तक औसत से कम वर्षा हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो, इसकी

- बुंदेलखंड सहित भारी वर्षा वाले क्षेत्रों में जलशक्ति मंत्री व प्रमुख सचिव करें निरीक्षण
- बिजली आपूर्ति सावधानी से नियंत्रित की जाए, प्राथमिकता पर हो सड़क मरम्मत

अग्रिम व्यवस्था की जाए ताकि खेती-किसानी पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। मुख्यमंत्री ने नगर निकायों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सीवर लाइनें और ड्रेनेज सिस्टम नियमित रूप से साफ हों। जलभराव के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता पर की जाए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि जलभराव वाले इलाकों में विद्युत आपूर्ति प्रबंधन अत्यंत सावधानी से करें, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ की आशंका वाले संवेदनशील इलाकों में पहले से ही पर्याप्त प्रबंध कर लिए जाएं। राहत और बचाव दलों को सतर्क रखा जाए और नाव, सर्च लाइट, जीवन रक्षक उपकरण, मेडिकल किट जैसी सभी आवश्यक सामग्रियां पूरी तत्परता के साथ तैयार रहें। तटवर्ती क्षेत्रों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को सक्रिय मोड में रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में जनहानि या पशुहानि न हो, इसके लिए प्रशासन पूर्ण सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करे। संकट की घड़ी में प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने, उन्हें भोजन, पेयजल, चिकित्सा आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई लापरवाही न हो। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारी और नगर निकाय प्रमुखों को अपने क्षेत्रों में जलभराव और बाढ़ की स्थिति की भौतिक समीक्षा करने और नियंत्रण कक्षों के माध्यम से निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनसामान्य को मौसम, वर्षा और जलस्तर से जुड़ी अद्यतन जानकारी समय-समय पर दी जाए। पशुपालन, कृषि और राजस्व विभाग को भी निर्देश दिए गए कि बारिश और जलभराव से फसलों, पशुधन या संपत्ति को जो नुकसान हुआ है, उसका त्वरित आंकलन कर राहत और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाए।

# विधानसभा में ई-गवर्नेंस और डिजिटलीकरण जरूरी : महाना



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विधानसभा में ई-गवर्नेंस और डिजिटलीकरण का वक्त की जरूरत है। डिजिटल प्लेटफॉर्म से समिति की कार्यवाही, उसकी मॉनिटरिंग आसान हो जाएगी। यह बात उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता, कई बार विधायक रहे सतीश महाना ने मध्यप्रदेश विधान सभा में समिति बैठक 2025 में कही। उन्होंने डिजिटल विधानसभा प्रणाली को मजबूत करने पर जोर दिया। राजधानी भोपाल में आयोजित विभिन्न समितियों की इस बैठक में जनहित, योजनाओं की प्रगति और विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। राज्यों की ओर से संचालित योजनाओं, विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ ही भविष्य को लेकर दिशा-निर्देश भी तय किए गए। बैठक में देश के 7 राज्यों की विधानसभा के अध्यक्ष मध्यप्रदेश पहुंचे। इस बैठक में विधानसभा की भूमिका, कार्यान्वयन, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मजबूती पर गंभीर चिंतन किया गया। मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों की विधान सभा के अध्यक्षों ने एक साथ कहा- 'अब सिर्फ बातें नहीं, उन पर अमल जरूरी है।' मध्य प्रदेश विधान सभा के लोकसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में लोकतंत्र की मजबूती पर बात की गई। इस दौरान नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि विधानसभा समितियां लोकतंत्र की रीढ़ हैं। इनकी सिफारिशें केवल कागज में न रहें, इसके लिए ठोस कदम उठाने यानी ठोस क्रियान्वयन की आवश्यकता है। उन्होंने विधायी प्रणाली में पारदर्शिता, निगरानी और जवाबदेही पर जोर दिया। विधान सभा समितियों की बैठक में चिंतन हुआ और समाधान पर चर्चा हुई।

# जनकल्याणकारी शासन के लिए ब्लॉकचेन-एआई का समावेश आवश्यक : डॉ. राजेश्वर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता

- स्वीकृति से सेवा तकः पीएम आवास योजना में तकनीकी नवाचार का प्रस्तावर
- पारदर्शी शासन की दिशा में तकनीक का उपयोगः डॉ. राजेश्वर सिंह की दूरदर्शी पहल
- डिजिटल वेलफेयर रिफॉर्म में भारत का नेतृत्व कर सकता है उत्तर प्रदेशः डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजा पायलट प्रोजेक्ट प्रस्ताव

को नई ऊंचाई देने की दिशा में सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक विस्तृत प्रस्ताव सौंपा है। इसमें



उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमआई) सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं में ब्लॉकचेन तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) के उपयोग का सुझाव दिया है।

यह प्रस्ताव सुशासन के प्रति डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता और डिजिटल इंडिया व विकसित भारत@2047 के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन से प्रेरित है। डॉ. सिंह ने कहा कि योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने प्रशासनिक कार्यक्षमता में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं और अब यह तकनीकी उन्नयन की ओर बढ़ने का समय है।

डॉ. सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश तकनीकी रूप से सशक्त शासन प्रणाली लागू कर देश में पारदर्शिता और सेवा वितरण का नया मानक स्थापित कर सकता है। इससे जनता का विश्वास बढ़ेगा, भ्रष्टाचार घटेगा और योजनाएं सटीकता से लागू होंगी। मुख्यमंत्री से आग्रहः डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस मॉडल को ग्रामीण विकास, शहरी आवास व आईटी विभागों के साथ समन्वय में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाए। उन्होंने कहाः ₹यह पहल न केवल हमारी योजनाओं को मजबूत बनाएगी बल्कि उत्तर प्रदेश की नागरिक-प्रथम, तकनीकी प्रशासनिक दृष्टि को एक स्थायी पहचान देगी।

**प्रमुख समस्याएं जिन्हें तकनीक से सुलझाया जा सकता है**
* धनराशि वितरण में देरी
* लाभार्थी डेटा में दोहराव या त्रुटियां
* प्रगति की निगरानी में पारदर्शिता की कमी
* शिकायत निवारण प्रणाली की कमजोरी
* फील्ड स्तर पर हेराफेरी और लीकेज

**प्रस्तावित तकनीकी समाधानः**
* ब्लॉकचेन पर स्वीकृति आदेश ताकि पोस्ट-संक्शन हेराफेरी न हो
* एआई द्वारा जियो-टैग्ड निगरानी ताकि निर्माण की वास्तविक प्रगति पर ही अगली किस्त जारी हो
* स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स से डीबीटी भुगतान में स्वतः प्रक्रिया
* एआईडैशबोर्ड से जनता और अधिकारियों के लिए रीयल-टाइम निगरानी
* शिकायत निवारण व अनियमितता पहचान हेतु एआई और विकेंद्रीकृत पोर्टल
* यूनिफाइड ब्लॉकचेन आईडी से सभी योजनाओं में लाभार्थी डेटा का एकीकरण

**तीन चरणों की क्रियान्वयन रणनीतिः**
* पायलट (1-2 जिले): ब्लॉकचेन पर पीएमआई डेटा, बेसिक एआई डैशबोर्ड
* जिला विस्तारः टक्र इंटीग्रेशन, स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स, चैटबॉट शिकायत प्रणाली
* राज्यव्यापी विस्तारः एकीकृत लाभार्थी पहचान, अक आधारित योजना नियोजन व ऑडिट

## प्रदेश की गौशालाओं का निरीक्षण 15 से : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि 15 जुलाई से 30 जुलाई तक वृहद अभियान चलाकर प्रदेश की सभी गौशालाओं का गहन निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान गौशालाओं हेतु सभी आवश्यक

- रेडियम बेल्ट अभियान में तेजी लाई जाये : धर्मपाल

व्यवस्थाएं जैसे-चारा, भूसा, प्रकाश, पानी, विद्युत, वर्षा से बचाव, गौवंश के बैठने हेतु स्थान, औषधियां एवं अन्य सभी पर्याप्त व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण हेतु विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गौशालाओं में जाए और जहां कहीं कोई भी कमी या समस्या हो उसका तत्काल निराकरण किया जाए।

वर्षा ऋतु में गौवंश के सड़को पर आने की संभावना ज्यादा बनी रहती है इसलिए रेडियम बेल्ट अभियान में तेजी लाई जाए। धर्मपाल सिंह ने यह निर्देश आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण अभियान के तहत 7.26 लाख पौधरोपण का लक्ष्य को पूरा किया जाए और जहां-जहां गौशालाओं में पेड़ लगाए जाए वहां ट्री गार्ड भी अनिवार्य लगाया जाए और इसके लिए जिला प्रशासन का सहयोग लिया जाए। मनरेगा के माध्यम से गौशालाओं में चबूतरों का भी निर्माण कराया जाए। ईयर टैगिग के कार्य को भी अधिकारी पूरी गंभीरता से करे और इसके लिए भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि गोवंश को बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण कार्य को प्राथमिकता दी जाये। टीकाकरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराया जाए। दवाओं की कोई कमी न हो और दवाओं की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। भूसे का प्रबंधन व्यवस्थित रूप से किया जाए।



# पार्षद पर एफआईआर के विरोध में धरना-प्रदर्शन, एसएचओ को सस्पेंड करने पर अड़े

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** ठाकुरगंज में नाले में गिरकर युवक की मौत के मामले में अब नगर निगम प्रशासन और पार्षदों के बीच टकराव खुलकर सामने आ गया है। मृतक की पत्नी की ओर से मल्लाही टोला प्रथम के भाजपा पार्षद पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिससे नाराज पार्षदों ने सोमवार को नगर निगम मुख्यालय पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे पार्षदों ने नगर आयुक्त गौरव कुमार पर गंभीर आरोप लगाए और एफआईआर वापस करने की मांग की। मौके पर अपर नगर आयुक्त

- **नगर आयुक्त के खिलाफ नाराजगी, महापौर के हस्तक्षेप से चार घंटे बाद हंगामा थमा**

नम्रता सिंह ने बातचीत करने का प्रयास किया, लेकिन पार्षद नगर आयुक्त को बुलाने पर अडे रहे। इससे पहले भाजपा पार्षदों ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से उनके आवास में मुलाकात की और नाराजगी जाहिर की। डिप्टी सीएम ने कमिश्नर को फोन कर नाराजगी जताया। लेकिन एसएचओ पर कोई कार्रवाई न होने से पार्षदों ने नगर निगम मुख्यालय




पहुंचकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। नगर निगम मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन में 40 से अधिक भाजपा पार्षद शामिल रहे। पार्षद दल के नेता पार्षद सुशील तिवारी पम्मी, गिरीश गुप्ता, शैंलेंद्र वर्मा, अन्नू मिश्रा, हरीश अवस्थी, अमित चौधरी, संजय सिंह राठौर, मुकेश सिंह मोंटी, पार्षद पति संतोष राय, प्रमोद राजन समेत कई पार्षद मौजूद रहे। उन्होंने कहा नगर निगम प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा एक निर्दोश युवक को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा है, लेकिन आरोप जिम्मेदार अधिकारियों के बजाय दोष एक जनप्रतिनिधि पर मढ़ा जा रहा है। पार्षदों ने कहा कि नाले की सफाई, मरम्मत और ढकवाने की जिम्मेदारी नगर निगम की होती है, न कि पार्षदों की रहती है। पार्षद सिर्फ बार-बार ज्ञापन देते हैं और जनता की समस्याएं उठाते हैं, लेकिन प्रशासन समय रहते कार्रवाई नहीं करता, तो ऐसी घटनाएं घटती हैं। पार्षदों ने एफआईआर को तत्काल निरस्त करने और नगर आयुक्त को हटाने की मांग की है। उनका कहना है यह पूरी कार्रवाई पक्षपातपूर्ण और जनप्रतिनिधियों को बदनाम करने की कोशिश है। ठाकुरगंज के राधाग्राम इलाके में शनिवार को तेज बारिश के दौरान एक युवक खुले नाले में बह गया था। उसका शव 28 घंटे की मशक्कत के बाद बरामद किया गया। इस घटना के बाद मृतक सुरेश लोधी की पत्नी रेनू की ओर से स्थानीय पार्षद पर भी लापरवाही का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई गई, जिससे पार्षदों में भारी आक्रोश है।

## नगर आयुक्त के खिलाफ खोला मोर्चा

धरने के दौरान नगर निगम परिसर में बड़ी संख्या में भाजपा पार्षद जुटे थे। उन्होंने नारेबाजी करते हुए नगर आयुक्त के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इन हालात को गंभीर होता देख मेयर सुषमा खर्कवाल मौके पर पहुंचीं और पार्षदों को बातचीत का आश्वासन देते हुए धरना खत्म करने की अपील की। उन्होंने एफआईआर वापस लेने का भरोसा दिलाया, जिसके बाद पार्षदों को बातचीत के लिए अपने कार्यालय में ले जाया गया। हालांकि, बातचीत के दौरान भी मतभेद देखने को मिले और कुछ पार्षदों में तीखी बहस हो गई।

## पार्षद कर रहे निष्पक्ष जांच की मांग

पार्षदों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और असली दोषियों को सजा दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि प्रशासन इसी तरह जनप्रतिनिधियों को निशाना बनाता रहा, तो वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। इस घटनाक्रम ने न सिर्फ नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि शहर में हो रही बारिश से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी गंभीर चिंताएं खड़ी कर दी हैं। अब देखना होगा कि नगर निगम मामले में क्या अगला कदम उठाता है।

## मेयर कक्ष में वार्ता, पार्षदों ने काटा हंगामा

पार्षदों का कहना है कि अगर पार्षद के खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस नहीं हुआ तो सामूहिक इस्तीफा दे देंगे। मौके पर एसीपी विकास जायसवाल और एसएचओ पहुंचे। इस बीच पार्षदों ने नगर आयुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग शुरू कर दी। महापौर ने पार्षद सीबी सिंह और एसीपी के साथ मेयर कक्ष में वार्ता हुई मगर पार्षदों का यही कहना था कि अगर हम कुछ नहीं कर सकते, तो ठाकुरगंज थाने में पार्षद सामूहिक गिरफ्तारी देंगे।

## जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण नहीं कर रहे अफसर

पार्षदों ने नगर आयुक्त और मेयर के नाम का ज्ञापन तैयार किया। इसमें लिखा कि ज्यादातर पार्षद लंबे समय से खुले नाले, खुले मैनहोल, जर्जर एवं गढ्ढे युक्त सड़कों को अविलम्ब ठीक कराने की मांग कर रहे हैं। लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। यदि उक्त जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण नगर निगम की ओर से किया गया होता तो शायद इतनी बड़ी घटना न होती। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को आदेशित करें। यदि भविष्य में किसी भी वार्ड में किसी प्रकारण की दुखत घटना होती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

## मेयर का पार्षदों के साथ समन्वय नहीं, खींचतान का दुष्परिणाम

लखनऊ। कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने नगर निगम प्रशासन और महापौर सुषमा खर्कवाल की कार्यप्रणाली पर जमकर निशाना साधा और उन्हें इस त्रासदी का जिम्मेदार ठहराया, महापौर का उनके अपने ही दल के पार्षदों के साथ समन्वय नहीं है, आपस में खींचतान का दुष्परिणाम है कि सुरेश लोधी की जान चली गई। कांग्रेस पार्षद ने कहा कि सुरेश लोधी की मौत किसी हादसे की नहीं, बल्कि नगर निगम की अकर्मण्यता और लापरवाह कार्यशैली की देन है। लखनऊ जैसे महानगर में आम नागरिकों की जान की कोई कीमत नहीं बची है। कहा कि लखनऊ नगर निगम का आखिरी सामान्य सदन अगस्त 2024 में हुआ था, और उसके बाद पिछले 10 महीनों से कोई आम सदन नहीं बुलाया गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि नगर निगम में किसी प्रकार की जनहित योजना या विकास कार्य पर कोई गंभीर चर्चा या निर्णय नहीं लिया जा रहा है। कहा कि केंद्र, प्रदेश और नगर निगम में भाजपा की सरकार होने के बावजूद, आज भाजपा के ही पार्षदों को नगर निगम प्रशासन और महापौर के खिलाफ प्रदर्शन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति भाजपा के आंतरिक मतभेदों और असफल नेतृत्व की परिचायक है, जिसकी कीमत आम जनता को भुगतनी पड़ रही है। पार्षद ने नगर निगम से मृतक सुरेश लोधी के पीड़ित परिवार के सदस्य को नौकरी और 50 लाख रुपया देने की मांग की है।

# यूपी की अर्थव्यवस्था ने छुआ 29.6 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा

**विशेष संवाददाता (vol)**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में उत्तर प्रदेश की आर्थिक स्थिति, विकास संरचना और राजस्व स्रोतों की व्यापक समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य की

- **ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लिए ठोस रणनीति की जरूरत: मुख्यमंत्री**
- **विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में तेजी, मेक इन यूपी मॉडल भविष्य की दिशा**

आर्थिक यात्रा को संभावनाओं से परिणाम तक की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि यह रूपांतरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना से प्रेरित है।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष बल दिया कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था अब केवल आंकड़ों की प्रगति नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर बदलाव का प्रमाण बन चुकी है। बैठक में प्रस्तुत



विवरण के अनुसार, राज्य की सकल घरेलू उत्पाद 2024-25 में 29.6 लाख करोड़ के आंकड़े तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2020-21 की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। इसी अवधि में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 8.4 प्रतिशत से बढ़कर 8.9 प्रतिशत हो गई है। मुख्यमंत्री ने इसे आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में ठोस उपलब्धि बताया, साथ ही यह भी कहा कि हमें 2026 तक 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर अभी से ठोस रणनीति बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य की आर्थिक संरचना में स्पष्ट परिवर्तन दिखाई दे रहा है। विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों की हिस्सेदारी में निरंतर वृद्धि हो रही है, जबकि कृषि आधारित हिस्सेदारी क्रमिक रूप से कम हो रही है। मेक इन यूपी मॉडल को अगले दशक के लिए औद्योगिक रणनीति का आधार बताते हुए निर्देश दिए कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में नई इकाइयों की स्थापना के लिए प्रोत्साहित किया जाए। खाद्यान्न उत्पादन में 722 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि तकनीकी सहायता और किसान जागरूकता अभियानों के माध्यम से यह अंतर कम किया जाए। पशुपालन क्षेत्र में राज्य का दुग्ध उत्पादन देश में सर्वाधिक है। उन्होंने नस्ल सुधार, फीड प्रबंधन और डेयरी व्यवसाय से जुड़े डेटा का नियमित विश्लेषण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरत है विनिर्माण को जनपदों में समान रूप से प्रसारित किया जाए, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार और राज्य को राजस्व मिले। उन्होंने ज़िला उद्योग केंद्रों की क्षमता को और मजबूत करने की आवश्यकता बताई ताकि उद्योगों से निरंतर संवाद हो सके और नई इकाइयों का पंजीयन और सहायता तंत्र बेहतर बने। राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं के निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। बैठक में राज्य के दो प्रमुख राजस्व स्रोतों, जीएसटी और आबकारी शुल्क की समीक्षा भी की गई। वहीं आबकारी से प्राप्त राजस्व 52,574 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया, जिसमें वर्ष दर वर्ष लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मुख्यमंत्री ने इन आंकड़ों को राजस्व स्वावलंबन के प्रमाण बताते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि राजस्व वृद्धि सेवा विस्तार और सामाजिक योजनाओं के विस्तार का आधार बने। सड़क परिवहन क्षेत्र की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने इसे भविष्य का संभावनाशील क्षेत्र बताया। उन्होंने कहा कि राज्य को निजी बस सेवाओं के लिए नए रूट चिन्हित करने होंगे ताकि एक ओर आमजन को आवागमन की सुविधा मिले और दूसरी ओर राज्य को राजस्व का नया स्रोत प्राप्त हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कृषि, विनिर्माण, सेवा, ऊर्जा और मानव संसाधन जैसे प्रत्येक प्रमुख क्षेत्र के लिए स्पष्ट, समयबद्ध और परिणामोन्मुख रोडमैप तैयार कर नियोजन विभाग के समन्वय से सतत समीक्षा की व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि सही आंकड़े ही नीति निर्माण के सही आधार बनते हैं और यही उत्तर प्रदेश को विकसित राज्यों की श्रेणी में तेजी से आगे ले जाने में सहायक होंगे।

# पीड़ित परिवार से मिले अजय राय

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** ठाकुरगंज, राधाग्राम क्षेत्र में सुरेश लोधी की नाले में गिर जाने से मृत्यु होने की घटना के संज्ञान में आने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सोमवार को मृतक स्व. सुरेश लोधी के आवास पहुंचकर उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना की और घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह घटना सरकार की उपेक्षा और नगर निगम की घोर लापरवाही का परिणाम है। इस कठिन समय में कांग्रेस पूरी तरह से मृतक सुरेश लोधी के परिजनों के साथ खड़ी है।

उन्होंने मीडिया के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि सरकार घटना की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाये। साथ ही क्षेत्र के सभी खुले नालों की तत्काल सफाई और मरम्मत सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। अजय राय ने कहा कि कांग्रेस



जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्षरत करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की इस लापरवाही एवं पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हम सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेंगे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी एवं डॉ. शहजाद आलम, कोऑर्डिनेटर संजीव पांडे एडवोकेट, इशरत अली, किश्वर जहां, अभिमन्यु विश्वकर्मा, जेबा मलिक, शबाब रजा, इबरत खान, सुनील मिश्रा, प्रतिमा रस्तोगी, जमाल खान, आर्यन मिश्रा, अंसार हुसैन, अजय वर्मा, बाकर मेहंदी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पांच बार से अधिक चालान होने पर 211 डीएल सस्पेंड

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** पांच या पांच बार से अधिक यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर परिवहन विभाग ने 211 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस मंगलवार को निलंबित कर दिए हैं। यह निलंबन एक माह के लिए प्रभावी रहेगा। दोबारा ऐसा करने पर उनके लाइसेंस रद भी किए जा सकते हैं। परिवहन विभाग ने यह कार्रवाई ट्रैफिक पुलिस की सिफारिश के बाद की है। परिवहन विभाग ने जो 211 डीएल सस्पेंड किए हैं, उसमें सबसे ज्यादा जनरल पनिशमेंट 96 मामले हैं। उसके बाद बिना हेलमेट बाइक चलाने के 26 मामले हैं। इन सभी मामलों में चेतावनी देते हुए फिलहाल एक माह के लिए ही डीएल सस्पेंड किए गए हैं। जिन लोगों के लाइसेंस सस्पेंड किए गए हैं, उनकी ओर से यातायात के जिन नियमों का उल्लंघर बार-बार किया गया है, उसका डाटा भी परिवहन विभाग ऑनलाइन करने जा रहा है। ताकि ट्रैफिक रूल तोड़ने के मामले में कोई कार्रवाई हुई है तो बाद में किसी दुर्घटना आदि के मामलों में बीमा कंपनियां क्लेम रोक सकती हैं। अभी तक बीमा कंपनियां क्लेम किए जाने के बाद परिवहन विभाग से कुछ मामलों में उसकी क्वेरी करती थीं, लेकिन अब पूरा डाटा उनके पास पहले से ही मौजूद रहेगा। साथ ही 260 वाहनों के पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) भी निलंबित किए गए हैं। इसके अलावा करीब साढ़े नौ हजार लोगों को आरसी निलंबित करने का नोटिस भेजा गया है। साढ़े तीन हजार से अधिक लोगों को नोटिस भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

**इन मामलों में डीएल निलंबित किए गए-**

| नियम तोड़े | संख्या |
|---|---|
| जनरल पनिशमेंट | 96 |
| बिना हेल्मेट | 26 |
| ओवरस्पीड | 24 |
| रेड लाइट जंप | 11 |
| सेफ्टी बेल्ट्स नहीं लगाने | 9 |
| निर्देश का उल्लंघन | 8 |
| ट्रैफिक संकेतों की अनदेखी | 8 |
| नशे में वाहन चलाने पर | 7 |
| वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग | 6 |
| सेफ्टी मेजर उल्लंघन (बाइक) | 5 |
| डेंजरस ड्राइविंग | 5 |
| सीट बेल्ट | 2 |
| वाहन की वजन क्षमता ज्यादा होने पर | 1 |
| गाड़ी की खराब कंडीशन | 3 |

पांच या पांच बार से अधिक यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 211 लोगों के डीएम निलंबित कर दिए गए हैं। उनका ब्योरा बीमा कंपनियों को भी जा रहा है। नियम तोड़ने वाले लोगों को चेतावनी दी जा रही है। यदि दोबारा ऐसा किया तो उनके लाइसेंस रद भी किए जा सकते हैं।

**– प्रदीप कुमार सिंह, एआरटीओ प्रशासन**

## रष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लिए 35 करोड़ मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्रकेशव प्रसाद मौर्य के निदेर्शों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अनुसूचित जन जाति मद के तहत कुल रु0 5252.69 लाख (रुपया 35 करोड़ 52 लाख 69 हजार) की धनराशि अवमुक्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना अंतर्गत 60 प्रतिशत केंद्रांश एवं उसके सापेक्ष 40 प्रतिशत राज्यांश की व्यवस्था है। इस संबंध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि शासनादेश में दिए गए दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# स्कूल पेयरिंग से बढ़ेगी गुणवत्ता संसाधनों का होगा बेहतर उपयोग

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने राज्य में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने, बच्चों की शत-प्रतिशत विद्यालयी उपस्थिति सुनिश्चित करने, संसाधनों के कुशल उपयोग तथा अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि 06 से 14 वर्ष की आयु का एक भी बच्चा विद्यालय से वंचित नहीं रहना चाहिए, विद्यालय प्रबंध समिति इसे सुनिश्चित कराए। इस दिशा में स्कूल चलो अभियान को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए ताकि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से न छूटे।

मुख्यमंत्री ने विद्यालयों की पेयरिंग व्यवस्था को दूरगामी और व्यापक दृष्टिकोण से लागू किये जाने की आवश्यकता बतायी।

उन्होंने कहा कि यह प्रणाली छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों तीनों के हित में है। इससे न केवल संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा। जिन विद्यालयों में 50 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं, उन्हें स्वतंत्र विद्यालय के रूप में संचालित करने का निर्देश दिया गया, जिससे प्रशासनिक सुविधा, जवाबदेही और शैक्षणिक निगरानी और अधिक प्रभावी ढंग से की जा सके।

पेयरिंग व्यवस्था के कारण खाली हुए विद्यालय भवनों को लेकर मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि वहां बाल वाटिकाएं/प्री-प्राइमरी स्कूल संचालित की जाएं। साथ ही, इन भवनों में आंगनबाड़ी केंद्रों को स्थानांतरित किया जाए ताकि शिशु शिक्षा का आधार सुदृढ़ हो और विद्यालय परिसरों का उपयोग बहुपयार्यी रूप से हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया तय समय-सीमा के भीतर पूरी की जाए और इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

सीएम योगी ने परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्रत्येक छात्र के अभिभावक के बैंक खाते में यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्टेशनरी एवं पाठ्य सामग्री के लिए 1200 रुपये की सहायता राशि को डीबीटी के माध्यम से शीघ्रता से अंतरित किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्य पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ किया जाए ताकि लाभार्थियों को समय पर मदद मिल सके और विद्यालय सामग्री की व्यवस्था बाधित न हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों में आधारभूत संरचना की कमी है, वहां अविलंब संसाधनों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण में अध्ययन का अवसर प्राप्त हो। बैठक में शिक्षकों के खाली पदों पर शीघ्र नियुक्ति की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विद्यालयों में शिक्षक-छात्र अनुपात आदर्श स्थिति में होना चाहिये। उन्होंने निर्देश दिये कि रिक्तियों के सापेक्ष अधियाचन तत्काल भेजा जाए और नियुक्ति प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए।

- **मुख्यमंत्री ने की बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा**
- **कहा, खाली हुए विद्यालय भवनों में बाल वाटिकाएं/प्री-प्राइमरी स्कूल की जायें संचालित**
- **50 से अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालय स्वतंत्र रूप से संचालित हों**

## इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष बनी डॉ.मीनाक्षी सिंह



**लखनऊ।** इनर व्हील क्लब अभ्युदय का इंस्टॉलेशन समारोह भव्यता और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रिया नारायण मौजूद रही। क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें डॉ. मीनाक्षी सिंह को वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने क्लब के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने और समाज के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। मीनाक्षी के साथ और पदाधिकारी वाईस प्रेसिडेंट डॉ मीनू कृपाल सचिव सुबुही अल्वी ट्रेजरर पायल आईएसओ ऋतु अरोड़ा अवोम विभा सिंह ने एडिटर के पद की सपथ ग्रहण ली। कार्यक्रम में प्रेरणादायक वक्तव्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और आगामी सामाजिक प्रोजेक्ट्स की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कई गणमान्य अतिथियों, पूर्व अध्यक्षों और सदस्यों की उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया।

## बिजलीकर्मियों के घर स्मार्ट मीटर तभी मिलेंगे आवास

लखनऊ। बिजलीकर्मी को सरकारी आवास लेना है तो उसे अपने घर में स्मार्ट मीटर लगवाना होगा। सोमवार को यह आदेश पावर कार्पोरेशन का चेयरमैन आषीश गोयल ने आदेश जारी कर दिया है। प्रदेश में तकरीबन 30 हजार सरकारी आवास हैं। डॉ. गोयल ने सोमवार को एक बार फिर सभी बिजली कर्मचारियों से अपील की है कि जल्द से जल्द स्मार्ट मीटर लगवाएं। उन्होंने कहा है कि ये मीटर एनर्जी एकाउंटिंग के लिए लगवाए जा रहे हैं। कर्मचारियों को पहले से मिलती आ रही छूट मीटर लगने के बाद भी जारी रहेगी। पावर कॉरपोरेशन की तमाम दलीलों के बावजूद बिजली कर्मचारी आवासों पर मीटर लगाने का विरोध कर रहे हैं। बीते दिनों कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने इस मसले पर सभी डिस्कॉम को आदेश भी दिए थे कि वे बिजली कर्मचारियों के सरकारी आवासों पर मीटर लगवाने की कार्रवाई तेज करें। तबादलों के बाद मीटरीकरण में आएगी तेजी हाल ही में बिजली कर्मचारियों के बड़े पैमाने पर तबादले हुए हैं। दूसरी जगहों पर गए कर्मचारी नई तैनाती की जगह पर सरकारी आवास की तलाश में होंगे। ऐसे में अध्यक्ष के हालिया आदेश से मीटरीकरण की राह खुल सकती है।

## मीटर के अन्दर तार जोड़कर बिजली चोरी करते पकड़े गये

**लखनऊ।** बिजली चोरी करने का प्रतिदिन नया उपाय लोग कर ले रहे है। ठाकुरगंज के गऊघाट क्षेत्र में मीटर को बाईपास कर सात लोग बिजली चोरी में पकड़े गये। बुधवार को बिजली चोरी रोकने का अभियान चलाया गया है। जिसमें नसीब जहां नाना पीर मजार गऊघाट के घर में मीटर की जांच करने पर पाया गया कि मीटर के अन्दर गलत तार जोड़कर बिजली चोरी किया जा रहा था। जिनके खिलाफ 1196 वाट लोड भरा गया इसके साथ ही इनके खिलाफ धारा 135 के तहत एफआईआर भी दर्ज कराया गया। वहीं मीना पत्नी मोहम्मद शान रौजा गांव नाना पीर मजार के घर भी मीटर बाईपास कर बिजली जलाया जा रहा था जिनके खिलाफ 1196 वाट और धारा 135 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। रौजा के पास रहने वाली नसरीन के खिलाफ मीटर के बाईपास कर बिजली चोरी किया जा रहा था जिनके खिलाफ 3412 वाट लोड भरा गया और मुकदमा दर्ज कराया गया। शमशुद्दीन रौजा गांव 2385 वाट, सफी 1097 वाट और एफआईआर, आयशा के खिलाफ 764 वाट और 135 धारा के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया।

# राजनीतिक दलों ने ग्रामीण मतदाताओं पर बनानी शुरू कर दी पैठ

## दिसम्बर तक मतदाता सूची का होगा रिन्युअल, फिर तय होगी आरक्षण की व्यवस्था

**संजय धीमान (vol)**

**लखनऊ।** यूपी की कुल 269 विधानसभा सीटें ग्रामीण क्षेत्रों में आती हैं, जो प्रदेश की विधानसभा सीटों का लगभग दो-तिहाई हिस्सा है। ऐसे में 2026 में होने वाले पंचायत चुनाव के नतीजे सीधे तौर पर यह साबित कर देंगे कि कौन सा राजनीतिक दल ग्रामीण मतदाताओं के बीच कितनी पकड़ रखता है? जैसे-जैसे पंचायत चुनाव की प्रक्रिया पूरी होगी वैसे ही विधानसभा चुनावों की भी चर्चा होने लगेगी। कहना गलत न होगा कि राजनीतिक दल इसे विधानसभा का 'सेमीफाइनल' मानकर चल रहे हैं और इसकी तैयारियों में पूरी ताकत झोंक दी है।

राज्य सरकार ने पंचायत चुनाव 2026 के लिए नए सिरे से परिसीमन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकार ने सभी जिलों से ग्राम पंचायतों और राजस्व ग्रामों के आंशिक पुनर्गठन के प्रस्ताव 5 जून तक जमा करने को कहा था। यह प्रक्रिया इसलिए जरूरी है, क्योंकि पिछले चुनावों के बाद कई पंचायतें नगर पंचायतो, नगर पालिकाओं और नगर निगमों के तहत आ चुकी हैं। इससे कुछ पंचायतों की जनसंख्या तय सीमा से कम हो गई है, जिसके लिए नए सिरे से परिसीमन जरूरी है।

परिसीमन पूरा होने के बाद ही आरक्षण की अंतिम व्यवस्था पर विचार होगा, इस बार कुछ पंचायतों में आरक्षण की स्थिति में बदलाव हो सकता है, क्योंकि कई ग्राम पंचायतें और राजस्व ग्राम शहरी क्षेत्रों में शामिल हो चुके हैं, जिससे उनकी जनसंख्या और भौगोलिक स्थिति में बदलाव आया है। फिलहाल अभी पंचायत चुनाव के लिए 57,691 ग्राम प्रधान, 826 ब्लॉक प्रमुख, 3,200 जिला पंचायत सदस्य और 75 जिला पंचायत अध्यक्ष की सीटे हैं। यह एक विशाल नेटवर्क है जो प्रदेश के हर गांव और हर वार्ड में वोटर को सीधे प्रभावित करने की क्षमता रखता है। ऐसे में राजनीतिक दलों ने गांव और वार्ड स्तर पर कार्यकर्ताओं की क्षमताओं को बढ़ाने का कार्य शुरू कर दिया है। पंचायत चुनाव के बीच आरक्षण का मुद्दा भी गरमाने लगा है।

विगत दिनों पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की थी, जिसमें उन्होंने बताया है कि ग्राम पंचायतों में आरक्षण व्यवस्था 2011 की जनगणना के आधार पर तय होगी। साथ ही हर कैटेगरी में 33 प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिए सुरक्षित रहेंगे। दरअसल, यूपी के पंचायती राज मंत्री ने स्पष्ट किया कि 2021 के पंचायत चुनाव में लागू नियमावली के अनुसार तय आरक्षण की रोटेशन व्यवस्था का सख्ती से पालन होगा। इसका मतलब ये है कि ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों में आरक्षण का चक्र वही रहेगा, जो 2015 को आधार वर्ष मानकर 2021 के चुनाव में लागू किया गया था। राज्य निर्वाचन आयोग ने यूपी पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूचियों के रिनुअल की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जुलाई 2025 से शुरू होने वाले इस काम को दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद आरक्षण प्रक्रिया शुरू होगी। ऐसे में गांवो में सीटों के आकलन का चौसर बिछ चुका है। सामान्य, महिला, एससी/एसटी या अन्य सीटों पर राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश करनी शुरू कर दी है। गौरतलब है कि पंचायत चुनावों में किसी भी राजनीतिक दल का झंडा शामिल नहीं होता है परन्तु यह स्पष्ट हो जाता है कि कौन प्रत्याशी किस दल का है? आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्दे नजर राजनीतिक दलों ने ग्रामीण मतदाताओं पर पैठ बनानी शुरू कर दी है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# डॉक्टर के घर में 18 लाख की चोरी, चिप्स खाकर गये चोर



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित एल्डिको कालोनी में एक डॉक्टर के बंद मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। डॉक्टर जयशंकर शुक्ला 20 जून को अपनी पत्नी पूर्णिमा के साथ यूरोप घूमने गए थे। उनका बेटा कानपुर में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है।

चोरों ने शुक्रवार रात करीब 12 बजे मकान का मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि चोर ढाई घंटे तक घर में रहे। इस दौरान उन्होंने कोल्ड ड्रिंक पी और चिप्स खाए। चोर करीब 18 लाख रुपए नगद, जेवरात, छह मोबाइल फोन, लैपटाप, टैबलेट, कैमरा और एलसीडी लेकर फरार हो गए। चोर डॉक्टर के ही कार में चोरी का सामान लेकर भागे हैं। रविवार रात करीब 8 बजे डॉक्टर शुक्ला यूरोप से वापस लौटे। पड़ोसियों ने उन्हें फोन कर घर के ताले टूटे होने की सूचना दी थी। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि अलमारी खुली थी और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर जल्दबाजी में घटना में इस्तेमाल की गई लोहे की राड भी मेज पर छोड़ गए। पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। डॉक्टर ने बताया कि घर की देखरेख के लिए एक मेड नियुक्त की गई थी, लेकिन वह एक दिन भी नहीं आई।

## पचास मिनट में मेजर समेत दो घरों को चोरों ने बनाया निशाना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग इलाके में कुछ ही घंटों में चोरों ने मेजर व कर्नल के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। दोनों परिवार सहित एक महीने की छुट्टी पर गए थे। इस दौरान चोरों ने रेकी करके सरकारी आवास से नगदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार कर दिए। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

मदरपुर देवरिया निवासी कर्नल हरि कुमार गुप्ता एम आर ए विहार कलोनी के सरकारी आवास में परिवार के साथ रहते हैं। अक्टूबर 2024 से बेस अस्पताल, लखनऊ में तैनात हैं। 15 जून 2025 से 14 जुलाई 2025 तक एनुअल लीव पर गए थे। शुक्रवार को शाम 5.30 बजे के करीब आवास पर काम करने वाले माली सुनील रावत ने बताया कि घर का ताला टूटा है।

सुनील ने अपने मोबाइल से विडियो कॉल करके दिखाया। इसके बाद पड़ोस में रहने वाले कर्नल ज्ञान प्रकाश ने सूचना दी। सूचना मिलने के बाद अपने घर गोरखपुर से परिवार के साथ लखनऊ अपने पहुंच गया। जहां पर कमरे में लगे दरवाजे के कुंडे उखाड़ा मिला और घर का सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। बेडरूम में अलमारी के लॉकर टूटे पड़े थे। अलमारी में रखे गले का एक हार सेट (सोने का) और करीब 70 हजार रुपए नगद गायब मिला। वहीं उसी रात चोरों ने एम आर ए विहार कालोनी के सरकारी आवास निवासी मेजर देवाशीष मोहन कपूर के घर में चोरी की। देवाशीष 9 जून 2015 से 14 जुलाई 2025 तक लीव पर थे। शुक्रवार को सहायक राइफलमेन दिल बहादुर प्रधान ने सुबह करीब 9 बजे फोन करके सूचना दी कि घर का ताला व दरवाजा टूटा है। सूचना पर लखनऊ पहुंचे देवाशीष ने देखा कि बेडरूम का कुंडा उखड़ा हुआ था और अलमारी का लाकर टूटा था। अलमारी में चांदी की पायल (एक), 6 चांदी की बिछिया, एक पर्स दो सोने की गले की चेन सहित नगदी गायब थी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इंस्पेक्टर आलमबाग सुभाष चंद्रा ने बताया कि सैन्यकर्मियों का सरकारी परिसर है। जहां पुलिस व अन्य लोगों का जाना प्रतिबंधित है। ऐसे में किसी अंदर रहने वाले व्यक्ति द्वारा घटना की जाने की बात सामने आ रही है। जांच की जा रही है।

**पांच लीटर कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तारः** नगराम पुलिस द्वारा रविवार रात बजगिहा पुल के पास बजगिहा जाने वाले मार्ग पर पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि रविवार उपनिरीक्षक अनुज कुमार हमराही सिपाही सूरज व पवन कुमार के साथ गस्त पर थे करीब साढ़े आठ बजे बजगिहा पुल से आगे बढ़े ही थे कि बजगिहा की तरफ से हाथ में प्लास्टिक पिपिया लिए आ रहा युवक एकाएक सामने पुलिस देख सकपका गया और लंबे कदम खेतों की तरफ जाने लगा शक होने पर पुलिस बल द्वारा घेर कर दबोच लिया गया। प्लास्टिक पिपिया का ढक्कन खोलने पर उसमें से पांच लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम खवास खेड़ा गांव निवासी राम सागर का लड़का जंगी लाल बताया। बरामद शराब सहित युवक को पकड़ कर थाने लाया गया जहां उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

# फर्जी मार्कशीट लगाकर सीबीसीआईडी में बना सिपाही




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सीबीसीआईडी हेड ऑफिस में तैनात सिपाही पर नौकरी के लिए फर्जी शैक्षिक दस्तावेज लगाने का आरोप लगा है। ये आरोप सिपाही की पत्नी ने लगाया है। पत्नी की शिकायत पर चिनहट थाने में सिपाही के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

जानकीपुरम निवासी नूरशबा ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके पति महताब आलम ने वर्ष 2006 में पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर नौकरी हासिल की थी। उस समय उनकी उम्र भर्ती की तय सीमा से ज्यादा थी। आरोप है कि महताब ने मार्कशीट में हेराफेरी कर उम्र कम दिखा दी और फर्जी दस्तावेज लगाकर नौकरी पा ली। महताब की तैनाती मल्हौर स्थित सीबीसीआईडी मुख्यालय में है। पत्नी का कहना है कि अगर जांच की जाए तो यह बात नीरुपुर बलिया स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और वाराणसी के माध्यमिक शिक्षा परिषद कार्यालय से पुष्टि की जा सकती है।

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक दस्तावेज शिक्षा विभाग से मंगवाए गए हैं। नूरशबा से भी संबंधित कागजात मांगे गए हैं। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अगर आरोप सही पाए गए तो सिपाही महताब आलम को विभागीय जांच के बाद नौकरी जा सकती है।

# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के भाई प्रतीक से 5 करोड़ की रंगदारी मांगी

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव के साथ धोखाधड़ी हुई है। उन्होंने गौतमपल्ली थाने में ऋक्ष्क्रदर्ज कराई है। इसमें कहा कि चिनहट में रहने वाले कृष्णानंद पांडेय नाम के व्यक्ति ने एक कंपनी बनाई। यह कंपनी प्रॉपर्टी का काम करती थी।

कृष्णानंद पांडेय ने उनसे करोड़ों रुपए निवेश के नाम पर ठग लिए। जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे, तो बहाने करने लगा। काफी दिन तक उसने पैसे वापस नहीं किए। जब प्रतीक ने सख्ती की, तो पॉस्को एक्ट में फंसाने और फेक ऑडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। यही नहीं, प्रतीक से 5 करोड़ की रंगदारी भी मांगी। प्रतीक सपा संस्थापक मुलायम सिंह की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के बेटे हैं। वह अपर्णा यादव के पति हैं। अपर्णा ने विधानसभा चुनाव से पहले सपा छोड़कर भाजपा जॉइन कर ली थी। वह अभी उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं। प्रतीक ने पुलिस को बताया- 2011-12 में मेरी मुलाकात कृष्णानंद पांडेय से हुई थी। वह कई बार बिजनेस का प्रस्ताव लेकर आया। करीब दो-तीन साल लगातार मेल-जोल बढ़ाने पर मैं कृष्णानंद पांडेय की बातों में आ गया। उसने कहा कि लखनऊ का विस्तार हो रहा है। हम लोग शहीद पथ के आसपास जमीन खरीद लें। जिसको आगे चलकर बढ़ी कीमत में बेच कर बड़ा मुनाफा कमाया जा सकता है। कृष्णानंद के रियल स्टेट कारोबार में जुड़े होने से मैं उसकी बातों में आ गया। इसके बाद एक कंपनी 25 मई, 2015 को बनाई। इसमें कृष्णानंद पांडेय और यूएस विस्ट को निदेशक बनाया गया। खुद कंपनी में प्रमोटर के तौर पर शामिल हुआ। इसके बाद कंपनी में हैसियत से निवेश किया। हालांकि, जब मैंने अपना पैसा वापस मांगा तो वह बहाना बनाने लगा। यही नहीं, मुझे फंसाने की भी धमकी दी। मेरा इलाज मेदांता अस्पताल में चलने लगा। इसी का फायदा उठाकर कृष्णानंद पांडेय मुझसे पैसे लेने के लिए तरह-तरह की बातें करने लगा। इस साजिश में उसकी पत्नी वंदना पांडेय और पिता अशोक कुमार पांडेय भी शामिल रहे।

# सत्ताइस लाख के घोटाले का आरोपी बैंक मैनेजर गिरफ्तार

- अन्य बैंक कर्मियों की गिरफ्तारी के लिए लगायी गयीं ईओडब्ल्यू की टीमें, तलाश जारी
- फर्जी खाते खोलकर किया गया गया घोटाला

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ई.ओ.डब्ल्यू.) नें फर्जी खाते खोलकर लाखों का घोटाला करने वाले बैंक मैनेजर छेदालाल अनुरागी को आगरा से गिरफ्तार किया है।

डीजी ई.ओ.डब्ल्यू नीरा रावत नें बताया कि वर्ष 2006 में प्रदेश के बांदा जिले में स्थित इलाहाबाद बैंक शाखा अतर्रा में बैंक कर्मियों और आरोपियों की मिलीभगत से फर्जी अभिलेखों/आई0डी0 के आधार पर दो फर्जी एकाउण्ट संख्या-87517 एवं खाता सं0 87529 खोला गया। इसी तरह बांदा जिले के अन्य बैंकों यूनियन बैंक आफ इण्डिया, पंजाब नेशनल बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया एवं बैंक ऑफ बड़ौदा नें भी आरोपियों के फर्जी बैंक खाता खोले। इन फर्जी बैंक खातों के लिए चेकबुक जारी कराकर आरोपियों नें इलाहाबाद बैंक शाखा अतर्रा के खोले गए फर्जी खातेदारों के नाम अकाउंट पैइज चेक काटकर उसमें धनराशि अंकित करके इलाहाबाद बैंक शाखा अतर्रा में भुगतान के लिए प्रस्तुत किया गया। जिसका इलाहाबाद बैंक शाखा अतर्रा नें कोरियर सेवा के द्वारा उन चैकों का एडवाइस मंगाकर कि ये चैक सही है या नहीं और धनराशि खाते में उपलब्ध है या नहीं, के सम्बन्ध में कोरियर कर्मियों नें चेक सही होने की एडवाइज/आख्या देने के पश्चात चेक में अंकित धनराशि का भुगतान किया गया। डीजी नीरा रावत नें बताया कि कोरियर कर्मचारियों नें जारीकर्ता बैंकों से सत्यापति नहीं कराया कि उनके खाते में आहरण हेतु पर्याप्त धनराशि जमा है या नहीं। डीजी ईओडब्ल्यू नें बताया कि विवेचना से पाया गया कि जारी चेकों के खाताधारकों के खातों में बहुत मामूली पैसे हजार या दो हजार रुपये थे। इस प्रकार आरोपियों नें इलाहाबाद बैंक के बैंक कर्मी, अन्य बैंकों में जारी चैकों के फर्जी खाता धारक तथा कोरियर कर्मचारियो ने आपस में मिलीभगत व दुरभिसंधि करके कई चेकों को चेकों के जरिये लगभग सत्ताईस लाख रुपये इलाहाबाद बैंक शाखा अतर्रा बांदा से धोखाधड़ी कर निकाल लिया गया। जिसके चलते इलाहाबाद बैंक शाखा अतर्रा को करीब सत्ताईस लाख रुपये की वित्तीय हानि हुई। डीजी नें बताया कि इस हेराफेरी और धनराशि गबन को लेकर के0पी0 दिनकर मैनेजर इलाहाबाद बैंक नें सात अप्रैल 2006 को थाना अतर्रा जनपद बांदा में रमेशचन्द गुप्ता आदि छह लोगो के विरुद्ध धारा 406/419/420/467/468/471/ 120बी आईपीसी के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई। इसकी प्रारम्भिक विवेचना जिला स्तर पर हुई थी। उसके पश्चात्त इस मुकदमे की विवेचना बीस अगस्त 2015 को उ0प्र0 शासन नें ई0ओ0डब्लू0 लखनऊ को सौपी थी। ई0ओ0डब्लू0 की विवेचना में इस मामले में कुल ग्यारह आरोपी बैंक की कुल धनाराशि सत्ताईस लाख रुपये की धोखाधड़ी कर गबन करने के दोषी पाए गए। जिसमें से छह लोकसेवक बैंक कर्मी थे तथा शेष 05 आरोपी प्राइवेट थे। पांचों प्राइवेट आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज कर कड़ी कार्रवाई कर आरोप-पत्र न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस महानिदेशक, ई0ओ0डब्लू0 नें बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चल रहे विशेष अभियान के तहत ई0ओ0डब्लू0 टीम नें इस मुकदमे में वांछित छेदालाल अनुरागी पुत्र मकुन्दी लाल वर्तमान शाखा प्रबन्धनक, इंडियन बैंक, शाखा होलीपुरा (आगरा) को आगरा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी नें वर्ष 2006 में इलाहाबाद बैंक शाखा अतर्रा जनपद, बांदा में रिटेल बैंकिंग अफसर के पद पर कार्यरत था। अन्य पांच लोकसेवक बैंक कर्मियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गईं है।

## नाले में उतराता मिला शव

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात युवक का नाले में शव पड़ा मिला। बिजनौर पुलिस का कहना है कि बिजनौर कस्बे के मोहल्ला कहारन टोला स्थित नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पडा होने की सुचना मिली। मौके पर पहुंची बिजनौर पुलिस ने देखा कि युवक पेट के बल पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला। पुलिस का कहना है कि मृतक ने नीले रंग की हाफ शर्ट और काले रंग का लोअर पहना हुआ था और उसकी उम्र करीब 30 वर्ष है। पुलिस का कहना है कि शव करीब तीन-चार दिन पुराना है क पुलिस का कहना है कि शव सड़ चुका था उससे तेज दुर्गंध आ रहे थी, मौके पर पहुंची भीड़ से शव की पहचान करने का प्रयास किया गया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 23243543 व इंटरमीडिएट वर्ष 2022 अनुक्रमांक 23716154 का अंकपत्र/प्रमाण पत्र चिन्मया विद्यालय ऊंचाहार रायबरेली विद्यालय कोड (71147) एवं आवश्यक जन्म, निवास प्रमाण पत्र आदि वास्तव में खो गया है। आर्यन गुप्ता पुत्र अमरेश कुमार ग्राम अरखा परगना सलोन तहसील ऊंचाहार रायबरेली।

## ओपी राजभर को सोशल मीडिया पर मिली जान से मारने की धमकी

- धमकी करणी सेना बलिया नामक फेसबुक आईडी से दी गई

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी करणी सेना बलिया नामक फेसबुक आईडी से दी गई। मंत्री के ढफ्ढ ने इस मामले में लखनऊ के हजरतगंज थाने में तहरीर दी है। राजभर के पार्टी कार्यालय प्रभारी धर्म प्रकाश चौधरी ने बताया- रविवार सुबह उन्हें फेसबुक के जरिए जानकारी मिली कि 'करणी सेना बलिया' नाम की आईडी से एक आपत्तिजनक पोस्ट किया गया है। इसमें मंत्री ओम प्रकाश राजभर को गोली मारने की धमकी दी गई है। यही नहीं, यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है और इसे टीवी न्यूज चैनल ने भी 10:03 बजे प्रसारित किया।

तहरीर में कहा गया है कि इस तरह की धमकी न केवल मंत्री की जान को खतरा है, बल्कि इससे समाज में भय, असुरक्षा और जातीय तनाव फैल सकता है। आरोप है कि धमकी सुनियोजित तरीके से वायरल की गई और यह संकेत देती है कि धमकी देने वाले लोग कानून से नहीं डरते। ऐसे में पार्टी की मांग है कि मामले की एफआईआर कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और मंत्री की सुरक्षा तत्काल बढ़ाई जाए।

## युवक का मोबाइल लूटा

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी में बाइक सवार बदमाशों ने दवा लेकर घर लौट रहे युवक का मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ित ने शोर मचाते हुए उनका पीछा किया। पीड़ित की तहरीर पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जाचं कर रही है।

**जनता इंटर कॉलेज, किशोरगंज, रेउसा, सीतापुर**

**रिक्त पद हेतु सूचना**

विद्यालय में रसोइया (Cook) के 1 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**पद का विवरण**

**पद नाम :** रसोइया
**संख्या :** 01
**अनुभव :** भोजन बनाने में दक्ष व स्वच्छता का ध्यान रखने वाला व्यक्ति
**आवश्यकता :** विद्यालय में मध्याह्न भोजन हेतु
**आवेदन की अंतिम तिथि :** प्रकाशन की तिथि से 3 दिवस के भीतर
**आवेदन भेजने का स्थान :** प्राचार्य
जनता इंटर कॉलेज,
किशोरगंज, रेउसा, सीतापुर

**नोटः** आवेदक का पाल्य कक्षा 6 से 8 में अध्यनरत हो, आवेदन के साथ संबंधित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करें। विद्यालय का निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होगा।

# चोरी की स्कूटी संग शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, भेजा जेल



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आलमबाग कृष्णा नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाने क्षेत्र से बीते तीन दिन पूर्व चोरी हुई स्कूटी संग एक शातिर वाहन चोर को थाना क्षेत्र स्थित लोकबन्धु हास्पिटल से स्काई हिल्टन जाने वाले मार्ग से सोमवार को गिरफ्तार किया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ में गिरफ्त में आए शातिर ने अपना परिचय सत्युम गुप्ता उर्फ बांगडू पुत्र स्व० पारस नाथ गुप्ता सेक्टर एच, थाना आशियाना जनपद लखनऊ निवासी के रूप में देते हुए बताया कि वह पुरानी गाड़ियों को खरीदने बेंचने का व्यवसाय करने के साथ रैकी कर एकान्त में खडे वाहनों की चोरी करता है।

उसने बीते 10 जुलाई की रात्रि थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा पल्ली से स्कूटी संख्या यूपी 32 एम आर 8090 चोरी की धटना को अंजाम दिया था। उसे पुलिस ने उक्त चोरी की स्कूटी संग गिरफ्तार किया है। शातिर के खिलाफ राजधानी सहित अन्य जनपदों के विभिन्न थानों में चोरी व धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। जहां से वह जेल जा चुका है। वहीं पुलिस के अनुसार पकड़े गए शातिर को चोरी की स्कूटी बरामदगी के आधार पर थाने में दर्ज मुकदमे के तहत जेल भेज दिया गया है।

## मूकबधिर युवती से रेप की कोशिश, आरोपी फरार

लखनऊ। महिगवां इलाके में मूकबधिर युवती के साथ गांव के युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती शौच के लिए गई थी। इस दौरान गांव के युवक ने छेड़छाड़ करते हुए उसे जमीन पर गिरा दिया। युवती के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की और फरार हो गया। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। राजापुर सलेमपुर महिगवां निवासी 22 साल की युवती से गांव के रहने वाले पुनीत यादव ने रेप की कोशिश की। पीड़िता के पिता ने बताया शनिवार रात करीब 9 बजे बेटी घर से थोड़ी दूर पर शौच के खेत गई थी। वहां पर गाँव का रहने वाला पुनीत यादव पुत्र राकेश यादव उसके साथ छेड़खानी करने लगा। बेटी को जबरजस्ती पकड़कर जमीन पर गिरा दिया। बेटी मूक बधिर होने की वजह से चिल्ला नहीं सकी।

पीड़िता ने उसके विरोध किया तो गला दबाया और बुरी तरह मारा पीटा। जिससे उसको काफी चोट आई है। मारपीट के दौरान पीड़िता के नाक में चोट आई। पीड़िता किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूट कर घर पहुंची और इशारे से पूरी घटना बताई। इसके बाद पीड़िता को लेकर आरोपी पुनीत यादव के घर गए लेकिन तब तक वो फरार हो चुका था। इस पर घटनास्थल पर ले जाकर पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर में महिगवां का कहना है मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

## विभागाध्यक्ष ने की शिक्षकों के साथ बैठक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में सोमवार को नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हुई। इस अवसर पर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने विभाग के सभी सदस्यों एवं शोधार्थियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में विभागाध्यक्ष ने शिक्षकों एवं शोधार्थियों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता दोहरायी। उन्होंने सभी शिक्षकों से कक्षाओं को समय पर शुरू करने और पाठ्यक्रम को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आग्रह किया। विभागाध्यक्ष ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विभाग प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी शिक्षकों एवं शोधार्थियों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने शिक्षकों से छात्रों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने का भी आग्रह किया। यह बैठक विभाग के लिए एक सकारात्मक शुरूआत थी और सभी शिक्षकों ने नए सत्र को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। विभाग के शिक्षक प्रो. डीके सिंह, प्रो. अनूप कुमार भारतीय, प्रो. रूपेश कुमार, डॉ. रमेश कुमार त्रिपाठी, डॉ. अंविता वर्मा एवं विभाग के अन्य शिक्षक, फील्ड वर्क सुपरवाइजर्स एवं विभाग के समस्त शोधार्थी भी मौजूद थे।

# हादसे में साइकिल सवार किशोरी की मौत, दो बहनें घायल




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साइकिल से बाग जा रहीं तीन बहनों को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल एक किशोरी की मौत हो गई, जबकि उसकी दो बहने गंभीर रूप से घायल हैं। उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। भटखेरवा वंशीगढ़ी गांव निवासी रेशमा (14) पुत्री रामू सोमवार दोपहर बड़ी बहन संध्या, छोटी बहन सुनैना के साथ साइकिल से बाग जा रही थी। संध्या साइकिल चला रही थी, जबकि रेशमा व सुनैना बैठी थीं। जब यह तीनों बहनें बहेलिया भटखेरवा रोड पर पहुंची, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन साइकिल में टक्कर मार कर चला गया। हादसे में तीनों बहने गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद लोगों ने परिवार वालों को सूचना दी। परिवार के लोग तीनों बहनों को काकोरी के जेहटा रोड पर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रेशमा की मौत हो गई, जबकि उसकी दोनों बहनों का इलाज चल रहा है। रेशमा के पिता रामू मजदूरी करते हैं। मां लल्लो गृहणी हैं। सात भाई-बहनों में रेशमा तीसरे नंबर पर थी। खबर पाकर पुलिस भी पहुंची थी। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की गयी जान

विशेष संवाददाता (vol)

सरोजनीनगर। बंथरा थाना क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार उन्नाव के युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्नाव के नरबीजपुर गंगाघाट निवासी श्रवण कुमार पाल ने बताया कि सोमवार सुबह उनका बेटा संजय पाल (28) साथी विवेक गुप्ता के साथ बाइक से कानपुर स्थित आनंदेश्वर मंदिर दर्शन करने जा रहा था। कानपुर रोड पर बनी गांव स्थित प्रधान ढाबा पर चाय पीने जा रहा था। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में संजय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। हादसे की वजह से मौके पर कुछ देर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थित संभाली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

IS 15700:2018 कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक (राजाजीपुरम)
**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
आफिस काम्पलेक्स, पंचम तल, वृन्दावन योजना, लखनऊ

पत्र सं0 788/स0प्र0रा0पु0/ दिनांक-14.07.2025

**सर्वसाधारण को सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की राजाजीपुरम योजना, लखनऊ में स्थित चबूतरा संख्या पी-81 श्री सत्तार खाँ पुत्र श्री मेढू खाँ को परिषद नियमानुसार आवंटित है। आवंटी ने श्री कपिल मेहता पुत्र स्व0 ज्ञान चन्द्र मेहता को विक्रय दिनांक 17.08.1995 को कर दिया है। श्रीमती सीमा मेहता ने सूचित किया है कि उनके पति श्री कपिल मेहता की मृत्यु दिनांक 14.06.2012 को हो गयी है। उक्त चबूतरा को स्वयं के पक्ष अन्तरित किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त भवन के अन्तरण के सम्बन्ध में हितबद्ध पक्ष अथवा अन्य किसी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 (तीस) दिन के अन्दर कार्यालय में अपना पक्ष साक्ष्य सहित लिखित रूप से कार्यालय में प्राप्त करा सकते हैं, अन्यथा निर्धारित अवधि के पश्चात यह समझा जायेगा कि उक्त अंतरण के सम्बन्ध में किसी हितबद्ध पक्ष को कोई आपत्ति नहीं है और उक्त चबूतरा संख्या पी-81 को श्रीमती सीमा मेहता पत्नी स्व0 कपिल मेहता के पक्ष में नियमानुसार करने की कार्यवाही की जायेगी। यदि भविष्य में कोई विवाद होता है, तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आवेदक का होगा। सम्पति प्रबन्धक



सावन के पहले सोमवार पर मनकामेश्वर मंदिर में लगी लंबी कतार



शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु



भोले बाबा के दर्शन के लिए लगी लंबी कतार

फोटो-अमित वर्मा

# लखनऊ में हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे शिवालय

## सावन के पहले सोमवार पर भगवान शिव के दर्शन के लिए मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्तों ने किया रुद्राभिषेक





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शिव आराधना को समर्पित सावन महीने का पहले सोमवार पर मंदिरों में दर्शन, पूजन, जलाभिषेक और रुद्राभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव की गूंज के बीच दर्शन पूजन का सिलसिला शुरू हुआ। सावन के पहले सोमवार के लिए शिव मंदिरा में विशेष तैयारियां भी की गई थीं। शहर के शिव मंदिरों में महादेव का अलग-अलग श्रृंगार भोर से ही शुरू हो गया था।

सावन के पहले सोमवार के चलते डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर में भव्य सजावट की गई है। दूर से ही मंदिर की आभा देखते ही बन रही है। मनकामेश्वर मंदिर में महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग लाइन का प्रबंध किया गया है। वहीं एक-एक अलग कोने से महिलाओं और पुरुषों ने महादेव का जलाभिषेक किया। चौक स्थित कोनेश्वर महादेव मंदिर में भी बाबा के श्रृंगार और पूजन के लिए विशेष तैयारियां की गईं। राजेंद्र नगर के महाकाल मंदिर में सावन के सोमवार पर भोर चार बजे भस्म आरती हुई। भस्म आरती में शामिल होने के लिए दूर दराज से भी आए भक्तजन शामिल हुए। बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में भी अलग-अलग टोलियां बाबा का विशेष श्रृंगार करने के लिए तैयार रहीं। बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में सावन में भक्तों की भीड़ उमड़ने के चलते दर्शन के लिए जिग जैक रेलिंग की व्यवस्था की गई है। नारियल बाहर ही तोड़ने का प्रबंध किया गया। यहां ऐतिहासिक सावन मेला भी माह भर लगा रहेगा।

**आरती के बाद खोले गये मंदिरों के पट:** मनकामेश्वर मंदिर-मठ में तड़के महंत देव्यागिरी द्वारा श्रृंगार और आरती के बाद पट भक्तों के लिए खोल दिए गए। भोले के भक्त भी देर रात से लाइन लगाकर मंदिर खुलने का इंतजार करते दिखे। भक्त हाथों में गंगाजल, दूध आदि लिए लंबी लाइन लगाकर खड़े हुए थे। इस दौरान हर कोई 'हर-हर महादेव', 'भोलेनाथ की जय' का जयघोष कर रहा था। वहीं, मौसम ने भी भक्तों की परीक्षा ली। भक्त धूप व गर्मी की परवाह किए बगैर घंटों लाइन में खड़े रहे। जलाभिषेक करने के लिए मंदिर में अरघा लगाए गए थे। यहां महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइनों की व्यवस्था थी। भक्तों का जोश देखते ही बन रहा था।

**मनकामेश्वर मंदिर में लगी भक्तों की लंबी कतार:** डालीगंज के मनकामेश्वर मन्दिर मे भोर से ही लम्बी कतारें लग चुकी थी। भोर में महंत देव्या गिरि ने की आरती की, पगड़ी श्रंगार हुआ। उसके बाद दर्शन के लिए पट खोले गए। डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर में भव्य सजावट की गई है। दूर से ही मंदिर की आभा देखते ही बन रही है। मनकामेश्वर मंदिर में महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग लाइन का प्रबंध किया गया है। वहीं एक-एक अलग कोने से महिलाओं और पुरुषों ने महादेव का जलाभिषेक किया। मंदिर के आसपास का इलाका बोल बम बम, ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज रहा था। बड़ी संख्या में भक्त हाथों में लिए गंगाजल, वेल पत्र, प्रसाद लिए शिव की भक्ति में लीन थे। राजधानी के सिद्धपीठ के रूप में स्थापित मनकामेश्वर मंदिर में महंत देव्या गिरि ने भोर आरती के साथ ही कपाट खोलने के निर्देश दे दिए थे। कपाट खुलने से पहले ही मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की कतारें लग गई थीं।

**भस्म आरती के बाद दर्शन :** राजेंद्रनगर स्थित महाकाल मंदिर में तड़के 4 बजे उज्जैन की तर्ज पर भस्म आरती का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने भी हिस्सा लिया। भस्म आरती का सोशल मीडिया पर लाइव टेलीकास्ट भी किया गया। वहीं, महादेव का फूलों से भव्य श्रृंगार हुया। शाम को भांग का भव्य श्रृंगार किया गया। चौक स्थित कोनेश्वर मंदिर में भी भक्तों ने अपने आराध्य के दर्शन किए। इस दौरान महादेव का श्रृंगार देखते ही बन रहा था। मंदिर समिति द्वारा इस अवसर पर भक्तों में ठंडाई बतौर प्रसाद वितरित की गई।

**व्रत के साथ घरों में हुआ पूजन:** भोले के भक्तों द्वारा पहले सावन पर व्रत भी रखा गया। घरों में भी भोलेनाथ की पूजा की गई और रुद्राभिषेक का भी आयोजन किया गया। इस दौरान भोले के भक्तों द्वारा सुख-शांति और मंगल की कामना की गई।

**जयकारों से गूंजा प्राचीन पौराणिक भंवरेश्वर महादेव मंदिर:** तीन जनपदों की सीमा ओर स्थित पौराणिक काल के प्राचीन शिवमंदिर में श्रावण मास के पहले सोमवार को मध्य रात्रि से ही शिव भक्तों का तांता लगा रहा मध्यरात्रि से ही मंदिर के कपाटखुलते मंदिर हर पर महादेव, बम बम भोले के नारों से गूंजने लगा शाम तक लाखो की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर भगवान भोले नाथ के दर्शन किये। लखनऊ उन्नाव व रायबरेली की सीमा पर सी नदी के किनारे स्थित प्राचीन व पौराणिक काल से ही इस मंदिर के प्रति लोगों में एक अलग ही धार्मिक महत्व है लोगों का मानना है कि द्वापर युग में यहां पर त्र्यंबक नामक वन हुआ करता था जहां पर पांडव अपने अज्ञातवास के दौरान ठहरे हुए थे तो पांडव पुत्र महाबली भीम ने इस शिवलिंग को स्थापित किया था

**कोतवालेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक की बुकिंग फुल:** चौक के कोतवालेश्वर मंदिर में भी सावन के पहले सोमवार को लेकर रौनक रही। यहां सावन के अंतिम सोमवार को महादेव बाबा नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। चौक के रानी कटरा के मां संकटा देवी मंदिर बाबा शिवाला और छोटा शिवाला में भी शिव भक्त जुटे। यहां पूरे सावन भर रुद्राभिषेक की बुकिंग फुल है। सदर के द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, आलमबाग के मौनी बाबा मंदिर, कृष्णा नगर के सहसैवीर बाबा मंदिर, इंद्रेश्वर मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों में विशेष सजावट की गई है।

**बिन मांगे हर इच्छा पूरी करते हैं महादेव:** सावन के पहले सोमवार पर शहर के सभी शिवालयों में भक्तों की लंबी-लंबी कतार दिखायी दी। कोई परिवार के साथ दर्शन करने आया तो कोई अकेले महादेव के दर्शन के लिए आस्था के महापर्व में शामिल हुआ। इस दौरान मनकामेश्वर मंदिर में भगवान भोले के दर्शन करने आये राजेश शर्मा ने कहा भोलेनाथ सभी की मुराद पूरी करते हैं। भगवान से कुछ मांगने की जरूरत नहीं पड़ती, वह सबके मन की बात जानते हैं। बिन मांगे हर इच्छा पूरी कर देते हैं। हर सोमवार भोले बाबा के दर्शन करने आता हूं। राजीव ने कहा भोलेनाथ सबके तारणहार हैं। वह सबके संकट हरते हैं। लगभग हर सोमवार दर्शन करने मनकामेश्वर मंदिर आता हूं। महेश ने कहा भोलेनाथ सभी के दुख हरें, इसी कामना के साथ भोलेनाथ के दर्शन किए हैं। हम जब दूसरों की चिन्ता करेंगे तो भगवान हमारा ध्यान खुद रखेंगे। अजीत गुप्ता कहते हैं मन्दिर आने पर मन को शांति मिलती है। कितनी भी बड़ी परेशानी हो, भोलेनाथ के भरोसे छोड़ कर अपना कर्म करते रहें धीमे-धीमे सब ठीक हो जाएगा। बाबा सबका भला करते हैं। जीवन कहते हैं भगवान भोलेनाथ में अटूट आस्था है। वह अपने भक्तों का हर कष्ट हर लेते हैं। भोलेनाथ से सच्चे मन से जो भी मांगो वह सब देते हैं। सावन के हर सोमवार बाबा के दर्शन करने मंदिर आता हूं। इंदिरानगर के निवासी प्रवीन सिंह ने बताया कि मैं पिछले 12 सालों से सावन के सोमवार पर मनकामेश्वर मंदिर महादेव के दर्शन करने आता हूं। मेरी भगवान शिव में बड़ी आस्था है, वो अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करते।

## शहर के छोटे-बड़े शिवालयों में उमड़े भक्त





**लखनऊ।** राजधानी में सावन के पहले सोमवार पर आस्था का सैलाब शिव मंदिरों में उमड़ पड़ा। लगभग सभी शिव मंदिरों में अल सुबह से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। बड़े मंदिरों के अलावा शहर के हर छोटे-बड़े शिव मंदिर में जमकर पूजा अर्चना हुई। भक्तों ने अलग-अलग तरीके से भगवान शिव को प्रसन्न करने का प्रयास किया। सावन के पहले सोमवार पर शहर के तमाम शिवालयों में बम भोले के गगनभेदी जयकारों के बीच बाबा की हुई। सुबह से ही रुद्राभिषेक और शृंगार का दौर शुरू हो गया। भक्तों ने फल, पुष्प, बिल्व पत्र, गंगाजल, शहद, घृत, दूध, मिष्ठान्न, भांग, धतूरा अर्पण कर भक्तों द्वारा मनोकामना पूरी करने की कामना की जाएगी। वहीं, घंटे-घड़ियालों की गूंज के बीच चालीसा, पंचाक्षरी के स्वर भी गूंजे। मंदिरों और शिवालयों के कपाट भोर से ही खुल गए थे।

**रुद्राभिषेक किया गया :** सदर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में महाआरती के बाद मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। इस दौरान कई भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक भी किया गया। इसके अलावा बड़ा-छोटा शिवाला, गुलाचिन मंदिर, चंद्रकेश्वर महादेव मंदिर समेत अन्य शिवालयों में भी भक्तों ने विधि-विधान से भोलेनाथ की पूजा की।

**यहां भी दर्शन को उमड़े श्रद्धालु:** चौक के रानी कटरा स्थित के छोटा व बड़ा शिवाला, कोनेश्वर मंदिर, आशियाना के सेक्टर.एच स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, बंगलाबाजार के श्री रामजानकी मंदिर, मौनी बाबा मंदिर व गुलाचिन मंदिर के अलावा सिद्धेश्वर मंदिर, गोमतेश्वर मंदिर व विन्ध्याचल मंदिर के अलावा शहर के सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। स्वप्नेश्वर महादेव मंदिर, इंदिरानगर भूतनाथ मंदिर, महानगर के सिद्धेश्वर मंदिर, राजाजीपुरम, सआदतगंज, आलमबाग, चिनहट के अलावा बख्शी का तलाब के मां चंद्रिका देवी मंदिर के चंद्रकेश्वर महादेव मंदिर, कालेश्वर महादेव मंदिर, इटौंजा के रत्नेश्वर महादेव मंदिर, टीकेश्वर महादेव मंदिर के साथ ही शहर के सभी छोटे बड़े शिव मंदिरों पर भोर से श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई थी। श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजन कर आरती की।

## सावन का पहला मंगला गौरी व्रत आज, सुहागिनें करेंगी पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। मंगला गौरी का व्रत हर साल सावन मास के मंगलवार के दिन रखा जाता है। ऐसे में सावन में आने वाले सभी मंगलवार का विशेष महत्व होता है। इस व्रत को सुहागिन महिलाएं औक कुंवारी कन्या दोनों ही रखती हैं। यह व्रत माता पार्वती को समर्पित है। मंगला गौरी व्रत को बहुत ही शुभ फलदायी बताया गया है। आइए जानते हैं इस बार कितने मंगला गौरी व्रत होंगे साथ ही जानते हैं इस व्रत की क्या है तारीख।

मंगला गौरी व्रत की शुरूआत मंगलवार 15 जुलाई से होगी। इस बार कुल 4 मंगला गौरी व्रत होंगे। इस दिन माता पार्वती की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। सुहागन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस व्रत को रखती है। जबकि वहीं, कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की कामना के लिए इस व्रत को रखती हैं।

**मंगला गौरी व्रत का महत्व:** मंगला गौरी व्रत महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए रखती है। साथ ही घर परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। इसके लिए भी यह व्रत रखा जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस व्रत को रखने से पति पत्नी के बीच के रिश्ते मधुर होते हैं। इसके अलावा संतान सुख की प्राप्ति के लिए भी यह व्रत किया जाता है। यदि किसी कन्या के विवाह में बाधाएं आ रही है मांगलिक दोष है तो वह भी इस व्रत को रख सकते हैं।

**पूजा विधि:** सावन के पहले मंगला गौरी व्रत वाले दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान आदि करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद साफ लकड़ी की चौकी पर लाल रंग का वस्त्र बिछाएं। फिर चौकी पर मां गौरी की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें। व्रत का संकल्प लेकर आटे से बना हुआ दीपक प्रज्वलित करें। इसके बाद धूप, नैवेद्य फल.फूल आदि से मां गौरी का पूजन करें। पूजा पूर्ण होने पर मां गौरी की आरती करें और उनसे प्रार्थना करें।





# 'इंडिया लहरायेगा हुनर का परचम' में लगा बॉलीवुड नृत्य का तड़का





● शिवांगी ने शिव स्तुति पर भावपूर्ण नृत्य से कर भगवान शिव शंकर के चरणों में श्रद्धा अर्पित की

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जे.पी.एस. स्टार 11 के तत्वावधान में पार्टी पॉइंट 103 सेक्टर 6के वृंदावन योजना तेलीबाग, रायबरेली रोड, लखनऊ में चल रहे 'इंडिया लहराएगा हुनर का परचम' की आज दूसरी सांस्कृतिक संध्या में बॉलीवुड नृत्य का तड़का लगा। संगीत से कार्यक्रम का शुभारंभ शिवांगी ने शिव स्तुति पर भावपूर्ण नृत्य से कर भगवान शिव शंकर के चरणों में श्रद्धा अर्पित की।

भक्ति भावना से ओत-प्रोत इस प्रस्तुति के उपरांत द मिरीकिल मूव डांस स्टूडियो के कलाकारों आयशा थापा ने ख्वाबों में, अविका गुप्ता ने मैं दिवानी और आराध्या राज चौहान ने झूमे झूमे गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। नृत्य निर्देशन था आदित्य का। इसके अलावा शोभित, शोभा, अंकिता, रूही सहित अन्य कलाकारों ने बॉलीवुड नृत्य की मनोरम छटा बिखेरी। इस अवसर पर ए.के.शर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओ. बी. सी मोर्चा और समाजसेवी वीरेन्द्र सिंह ने सभी कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# आशियाना में पोथी शोभायात्रा से शिव महापुराण का शुभारंभ

## 17 को शिव बारात और भगवान शिव पार्वती विवाह का उत्सव

● चेतना डेंटल केयर में सात दिवसीय शिव महापुराण का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** सावन के पहले सोमवार को आशियाना कॉलोनी के सेक्टर एन स्थित चेतना डेंटल केयर सेंटर में सात दिवसीय शिव पुराण कथा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन प्रातःकाल शिव पुराण पोथी शोभा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा में बम बम भोले, जय भोलेनाथ के गगन भेदी नारों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद शाम को चार बजे से साढ़े सात बजे तक श्रृद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।

चेतना डेंटल केयर सेंटर के सभागार में आयोजित सात दिवसीय शिवपुराण कथा के संयोजक डॉ संजीव अवस्थी ने बताया कि पहले दिन सुबह आठ बजे शिवपुराण पोथी शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। कथा के पहले दिन अयोध्याधाम से पधारे दिवाकर देवांश जी महाराज ने बड़े ही सुंदर तरीके से शिवपुराण महात्य पेश किया। कथा के दूसरे दिन 15 जुलाई को आदि शिवलिंग उत्पत्ति, शिवपूजन विधि एवं नारद मोह इत्यादि चरित्र प्रस्तुत किया जाएगा। तीसरे दिन 16 जुलाई को धनपति कुबेर की कथा एवं माता सती का पावन चरित्र की प्रस्तुति होगी। 17 जुलाई को मां पार्वती एवं भगवान शिव का विवाह उत्सव और 18 जुलाई को भगवान कार्तिकेय एवं गणेश जी के प्राकट्य लीला एवं जन्मोत्सव की प्रस्तुति होगी।

श्री अवस्थी ने बताया कि 19 जुलाई को भगवान शिव के विभिन्न अवतारों की कथा, 20 जुलाई को द्वादस ज्योतिर्लिंग की कथा एवं शिव पुराण सार की प्रस्तुति होगी। शिवकथा के अंतिम दिन 21 जुलाई को हवन एवं पूणार्हुति के बाद महाप्रसाद भंडारे का वितरण किया जाएगा। कथा स्थल को बड़े ही आकर्षक तरीके से सुसज्जित किया गया है। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के पूरे इंतजाम किए गए हैं।

# मनकापुर व अयोध्या धाम के लिए चलेंगी स्पेशल मेला ट्रेनें



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा सावन मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05012/05011 गोंडा-अयोध्या धाम जं.-गोंडा मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन गोंडा से 27 जुलाई से 09 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शनिवार एवं रविवार (शुक्रवार को छोड़कर) तथा अयोध्या धाम जं. से 28 जुलाई से 10 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार एवं रविवार (शनिवार को छोड़कर) 12 फेरों के लिये किया जायेगा।

05012 गोंडा-अयोध्या धाम जं. मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 27 जुलाई से 09 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार,बुधवार, बृहस्पतिवार, शनिवार एवं रविवार (शुक्रवार को छोड़कर) गोंडा से 21.40 बजे प्रस्थान कर बरुआचक से 21.52 बजे,मोतीगंज से 22.01 बजे, झिलाही से 22.10 बजे, मनकापुर से 22.35 बजे, टिकरी से 22.48 बजे, नवाबगंज गोण्डा से 22.58 बजे,कटरा से 23.10 बजे तथा रामघाट हाल्ट से 23.22 बजे छूटकर अयोध्या धाम जं. 23.50 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 05011 अयोध्या धाम जं.-गोंडा मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 28 जुलाई से 10 अगस्त तक प्रत्येकसोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार एवं रविवार (शनिवार को छोड़कर) अयोध्या धाम जं. से 00.45 बजे प्रस्थानकर रामघाट हाल्ट से 00.56 बजे, कटरा से 01.06 बजे, नवाबगंज गोण्डा से 01.17 बजे, टिकरी से 01.27 बजे, मनकापुर से02.45 बजे, झिलाही से 02.53 बजे, मोतीगंज से 03.03 बजे तथा बरुआचक से 03.13 बजे छूटकर गोंडा 03.30 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में डेमू के 08 कोच लगाये जायेंगे। वहीं 05013/05014 मनकापुर-गोंडा-मनकापुर मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन मनकापुर तथा गोंडा से 27 जुलाई से 09 अगस्त तक प्रतिदिन 14 फेरों के लिये किया जायेगा। 05013 मनकापुर-गोंडा मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 27 जुलाई से 09 अगस्त तक प्रतिदिन मनकापुर से 14.00 बजे, झिलाही से 14.08 बजे, मोतीगंज से 14.17 बजे तथा बरुआचक से 14.26 बजे छूटकर गोंडा 14.45 बजे पहुँचेगी। 05014 गोंडा-मनकापुर मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 27 जुलाई से 09 अगस्त तक प्रतिदिन गोंडा से 15.15 बजे प्रस्थान करबरुआचक से 15.27 बजे, मोतीगंज से 15.36 बजे तथा झिलाही से 15.46 बजे छूटकर मनकापुर से 16.35 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में मेमू के 12 कोच लगाये जायेंगे। रेलवे प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि वह इन संशोधित नियमों की जानकारी प्राप्त करें और यात्रा योजना बनाते समय इन दिशा-निर्देशों का पालन करें। यह पहल तत्काल टिकट प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं सुरक्षित बनायेगी।

## तत्काल टिकट बुकिंग में आज से आधार प्रमाणीकरण और ओटीपी अनिवार्य

लखनऊ। भारतीय रेल द्वारा तत्काल टिकट योजना में पारदर्शिता, निष्पक्षता और आम यात्रियों को अधिक लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से तत्काल बुकिंग प्रक्रिया में महत्वपूर्ण संशोधन किये गये हैं। ये संशोधन 01 जुलाई से प्रभावी हैं और चरणबद्ध रूप से लागू किये जा रहे हैं। तत्काल योजना का लाभ आम जनता और उपयोगकताओं को मिले, यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 01 जुलाई से, तत्काल योजना के अंतर्गत टिकट केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता द्वारा भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आई.आर.सी.टी.सी.) की वेबसाइट या इसके ऐप के माध्यम से बुक किये जा रहे हैं। इसके उपरान्त, 15 जुलाई से तत्काल बुकिंग के लिये आधार आधारित ओ.टी.पी. प्रमाणीकरण भी अनिवार्य कर दिया जायेगा।

तत्काल टिकट भारतीय रेल के कम्प्यूटरीकृत पी.आर.एस. काउंटरों अधिकृत एजेंटों के माध्यम से बुकिंग के लिये तभी उपलब्ध होंगे जब सिस्टम द्वारा जनरेटेड ओ.टी.पी. प्रमाणीकरण होगा, जो बुकिंग के समय उपयोगकर्ता द्वारा दिये गये मोबाइल नम्बर पर सिस्टम के माध्यम से भेजा जायेगा। इसे भी 15 जुलाई से लागू किया जायेगा।

भारतीय रेल के अधिकृत टिकट एजेंट वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित दोनों श्रेणियों के लिये तत्काल बुकिंग शुरू होने के पहले तीस मिनट के दौरान वातानुकूलित श्रेणियों के लिये 10.00 बजे से 10.30 बजे तक और गैर-वातानुकूलित श्रेणियों के लिये 11.00 बजे से 11.30 बजे तक तत्काल टिकट बुक नहीं कर सकेंगे। इस कदम का उद्देश्य आम यात्रियों को पहले अवसर प्रदान करना है ताकि दलाल प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाया जा सके।

## कांवड़ियों के लिए रेलवे ने विभिन्न ट्रेनों की विशेष व्यवस्थाएं की

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा श्रावण मास में कावड़ यात्रा को ध्यान में रखकर श्रद्धालु कावड़ियों की सुविधा के लिये व्यापक प्रबन्ध किये गये हैं। नियमित गाड़ियों के अतिरिक्त 10 अगस्त तक प्रतिदिन बढ़नी से गोरखपुर होकर 05028/05027 बढ़नी-दिवघर-बढ़नी विशेष गाड़ी तथा बनारस से मधुपुर के लिये 04 ट्रिपों में 04, 21, 28 जुलाई एवं 04 अगस्त को 03157/03158 मधुपुर-बनारस-मधुपुर साप्ताहिक अनारक्षित विशेष ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त गोविन्दपुरी (कानपुर) से प्रयागराज के रास्ते बनारस-छपरा होकर आसनसोल, जसीडीह के लिए 02 अगस्त तक साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाई जा रही है।

स्टेशनों एवं गाड़ियों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कावड़ियों को गाड़ी में बैठने हेतु उन्हें कतारबद्ध कराकर गाड़ियों में बैठाया जा रहा है। स्टेशनों पर स्वच्छ पानी एवं खानपान का प्रबन्ध किया गया है। स्टेशनों पर गाड़ियों के संचलन की जानकारी ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड के साथ ही जन सम्बोधन प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को दी जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रमुख स्टेशनों पर चौबीस घंटे पूछताछ केन्द्र कार्यरत है, जिससे यात्रा के उपरान्त श्रद्धालु एक सुखद स्मृति लेकर घर जायें।

रेल प्रशासन की यात्रियों से अपील है कि स्टेशन पर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिये पैदल उपरिगामी पुल, लिफ्ट/स्कैलेटर का उपयोग करें। स्टेशन एवं गाड़ियों में स्वच्छता बनाये रखने में सहयोग दें। गाड़ियों के पावदान/कपलिंग पर लटककर अथवा छत पर बैठकर यात्रा न करें, ऐसा करना खतरनाक है। रेल लाइन के किनारे न चलें, न ही वहाँ एकत्र हों, उचित सड़क मार्ग से ही चलें तथा लाइन पार करने के लिये समपार/सड़क उपरिगामी पुल/अण्डर पास का उपयोग करें। समपार यदि बन्द है तो उसके खुलने का इंतजार करें तथा जबरदस्ती समपार खुलवाने के लिये गेटमैन पर दबाव न बनायें।

## आईआरसीटीसी करायेगा टेम्पल टूर ऑफ पुरी की सैर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आईआरसीटीसी क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा लखनऊ से टेम्पल टूर ऑफ पुरी का हवाई टूर पैकेज का संचालन किया जा रहा है, यह पैकेज 04 रात एवं 05 दिन की अवधि का होगा है। जिसमें - भुवनेश्वर, नंदनकानन, पुरी, चिल्का, और कोणार्क का भ्रमण कराया जाएगा। यह पैकेज 11 अगस्त से 15 अगस्त तक होगा।

टूर की विशेषताओं में इस टूर में यात्रियों को लखनऊ से भुवनेश्वर जाने की सीधी फ्लाइट की व्यवस्था और भुवनेश्वर से लखनऊ आने की सीधी व्यवस्था फ्लाइट के माध्यम से की गई है। खान-पान एवं ठहरने के लिए तीन सितारा होटल में व्यवस्था की गयी है। यात्रा के दौरान नंदन कानन उद्यान, धौली स्तूप, गोल्डन समुद्र तट, जगन्नाथ मंदिर, चिल्का झील, अलारनाथ मंदिर, सूर्य मंदिर और लिंगराज मंदिर आदि का भ्रमण कराया जायेगा। एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 48900 रुपये, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 38600 रुपये, तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 36100 रुपये, माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य 29700 रुपये, बेड सहित एवं मूल्य 28000 रुपये बिना बेड के होगा। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। उक्त यात्रा की बुकिंग पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट ‹१३३ॾ४१२.ॾ ऑनलाइन भी कराई जा सकती है। अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिये दिये गये मोबाइल नम्बरों 8287930911 9236391911 8287930902 पर सम्पर्क कर सकते है।

## जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने की समीक्षा बैठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अंतर्गत लघु सिंचाई विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक सोमवार को उप्र जल निगम (ग्रामीण) के सभागार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वतंत्र देव सिंह, जल शक्ति मंत्री ने लघु सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंताओं से सीधे वार्ता कर एक-एक जनपद की जमीनी हकीकत प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी ली।

जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृहद रूप से सर्वेक्षण कर बड़े तालाबों के जीर्णोद्धार की परियोजना तैयार की जाय, जिससे आस-पास के किसानों को अनुदान पर सोलर पम्पसेट उपलब्ध कराते हुए सिंचाई सुविधा मुहैया की जा सके। जिसके कारण क्षेत्रों में बढ़ रहे बोरिंग के दबाव को कम किया जा सके एवं जल संतुलन बना रहे। बता दें कि महोबा के अंतर्गत कुल चार विकासखण्ड कबरई, चरखारी, जैदपुर एवं पनवाड़ी आते हैं, जो कि सभी पहले से अतिदोहित श्रेणी में वगीर्कृत थे। लघु सिंचाई विभाग द्वारा तालाबों के जीर्णोद्धार, चेकडैम निर्माण/मरम्मत एवं वर्षा जल संचयन संरचना का कार्य कराते हुए जल संरक्षण एवं संवर्द्धन का कार्य प्रारम्भ कराया गया था, जिसका वर्तमान परिदृश्य में प्रतिफल यह रहा कि अतिदोहित विकासखण्ड् कबरई एवं चरखारी सुरक्षित श्रेणी में आ गये हैं एवं शेष दो विकासखण्ड जैदपुर एवं पनवाड़ी अभी भी अतिदोहित श्रेणी में हैं। सुरक्षित श्रेणी में आ जाने के कारण आज विकासखण्ड कबरई एवं चरखारी में जहां पीने के पानी की किल्लत हुआ करती थी, वहीं पर किसान अपनी सिंचाई लघु सिंचाई विभाग द्वारा मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत करायी जा रही अनुदानित बोरिंग का लाभ लेते हुए अपनी कृषि उत्पादकता से आय दो गुनी करने के सपने को साकार कर रहा है। भूगर्भ जल विभाग के आंकड़ों के आधार पर वर्ष 2017-18 में कुल 82 अतिदोहित विकासखण्ड थे। विभाग द्वारा वर्षा जल संचयन एवं भूजल संवर्द्धन के कार्यों के फलस्वरूप वर्तमान में मात्र 50 अतिदोहित विकासखण्ड शेष रह गये हैं। भविष्य में इस प्रकार की कार्य योजना बनायी जा रही है कि प्रदेश में समस्त विकासखंडो को सुरक्षित श्रेणी में लाया जा सके। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने तालाबों/झीलों में हो रहे अवैध कब्जे को हटाते हुए उन्हें पुनर्जीवित करने की संकल्पना को साकार करने के लिए प्रभावी कदम उठाये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। साथ ही यह भी सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये कि जल दोहन एवं जल संचयन की मात्रा में संतुलन बनाये रखें, जिससे आने वाली पीढ़ी के लिए प्रकृति द्वारा प्रदत्त अनमोल धरोहर जल को संरक्षित किया जा सके। मुख्य अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग, देवेन्द्र कुमार के द्वारा विभाग के कार्यों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया गया, जिस पर मंत्री एवं अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। बैठक में जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, विशेष सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लघु सिंचाई विभाग के समस्त अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय राजमार्ग पर खुलेआम नियमों की अवहेलना की जा रही है

## राजधानी में मनाया गया जायसवाल युवा मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन




लखनऊ। जायसवाल युवा मंच राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन विधानसभा मार्ग सहकारिता भवन में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर, वशिष्ठ अतिथि कुशीनगर पडरौना भाजपा विधायक मनीष जायसवाल उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आयोजन जायसवाल युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजितेश जायसवाल ने किया। प्रदेश अध्यक्ष जायसवाल युवा मंच विकास जायसवाल ने मंच संबोधन के दौरान बताया कि 75 जिले से आये पदाधिकारी राजनीतिक भूमिका में पूर्ण रूप से सक्रिय है और निस्वार्थ भाव से अपने-अपने क्षेत्र में सब सामाजिक सेवाओं में लगे रहते हैं। लखनऊ जिला प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष रवि प्रकाश जायसवाल ने बताया कि जायसवाल युवा मंच स्थापना के 9 वर्ष पूर्ण होने के बाद यह अधिवेशन का आयोजन किया गया। मंच के संस्थापक अजितेश जयसवाल द्वारा समाज के हर एक पीड़ित व्यक्ति दबे कुछ ले सूचित वंचित की लड़ाई लड़ते हैं उनसे कोई भी मदद मांगता है, वह हर प्रकार से संभवत खड़े होते हैं। मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय महासचिव प्रवेश जायसवाल, संतोष जायसवाल, विनय जायसवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विवेक जायसवाल, राष्ट्रीय सचिव शालिनी जायसवाल, प्रदेश महासचिव प्रिंस जायसवाल, लखनऊ मंडल अध्यक्ष नीरज जायसवाल, राजन जायसवाल आदि सैकड़ो कार्यकर्ता गढ़ उपस्थित हुए।

## इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलम्पियाड में छात्र ने जीता गोल्ड मेडल

लखनऊ। सीएमएस के स्टेशन रोड कैम्पस के कक्षा-4 के मेधावी छात्र श्रेयस सिंह ने इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलम्पियाड में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता साइंस ओलम्पियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

## लविवि कुलपति ने रुद्राभिषेक और नवीनीकृत भवन का किया लोकार्पण



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ ऐस्थेटिक्स ऐण्ड शैव फिलॉसफी संकाय में सत्रारंभ के अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रथम श्रावण सोमवार को रुद्राभिषेक पूजन तथा नवीनीकृत प्रो. कांति चंद्र पाण्डेय सभागार का लोकार्पण किया। शिव, शक्ति तथा सौन्दर्यशास्त्रीय उच्च अध्ययन एवं शोध के लिए यूजीसी एडवांस्ड स्टडी सेंटर के रूप में अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ ऐस्थेटिक्स ऐण्ड शैव फिलॉसफी की स्थापना प्रो. कांति चंद्र पाण्डेय द्वारा की गयी थी। उनकी स्मृति में नवीनीकृत प्रो कांति चंद्र पाण्डेय सभागार का लोकार्पण किया गया। आदिदेव शिव मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आराध्य रहे हैं, जो सुशासन के सर्वोच्च प्रतीक हैं। विकसित भारत अभियान की सफलता में समावेश और समरसता के तत्वों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस संबंध में आचार्य अभिनव गुप्त के शैव तंत्र से जुड़े समावेश और समरसता के सिद्धांत की बहुत बड़ी भूमिका हो सकती है। इन पहलुओं को देखते हुए राष्ट्र कल्याण के लिए अभिनव गुप्त संकाय में विद्वानों एवं अधिकारियों द्वारा शैव आगम परम्परा का अनुगमन करते हुए शिवार्चन का अनुष्ठान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

## वृहद रोजगार मेले में 1246 अभ्यर्थियों का चयन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर सोमवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन लखनऊ उत्तर क्षेत्र के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने किया।

अपने संबोधन में विधायक डॉ. बोरा ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर जिले में रोजगार मेलों का आयोजन करा रही है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में रोजगार मिशन की स्थापना कर युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार से जोड़ने का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। उन्होंने संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव एवं प्लेसमेंट टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक, लखनऊ मंडल अनील वर्मा ने प्रतिभागियों से मेहनत और लगन के साथ कार्य करने का आह्वान किया, जिससे न केवल उनका भविष्य उज्ज्वल हो बल्कि संस्थान का भी नाम रोशन हो। जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में परियोजना निदेशक विकास मिश्रा, प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी, सहायक सेवायोजन अधिकारी हिमांशु सिंह एवं डीपीएमयू की टीम भी मेले में उपस्थित रही। प्रशिक्षण, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी एमए खां ने बताया कि मेले में कुल 29 प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे टाटा मोटर्स, हीरो मोटो कॉर्प, स्वराज इंजन, पेटीएम, मारुति सुजुकी, गोयल किचन, फोटो प्लस सहित अन्य प्रतिष्ठानों ने भाग लिया। इन कंपनियों के लिए कुल 2355 प्रतिभागियों ने साक्षात्कार में हिस्सा लिया, जिनमें से 1246 का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह के सीटीसी वेतन के साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। रोजगार मेले को सफल बनाने में ग्रे-सिम फाउंडेशन के सहयोग की विशेष सराहना की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यदेशक निर्भय कुमार सिंह, अनुदेशक जेड. रहमान, मकबूल कादिर सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड के लिए पूरे प्रदेश में व्यापक अभियान शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं समान अवसरों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन प्रो. हिमांशु शेखर झा ने प्रदेश में विशिष्ट अधिगम एवं बौद्धिक दिव्यांगजनों के चिन्हांकन, मूल्यांकन, दिव्यांगता प्रमाणपत्र एवं यूनिक दिव्यांगजन पहचान पत्र (यूडीआईडी कार्ड) जारी किए जाने के लिए अभूतपूर्व अभियान की शुरूआत की है।

यह पहल विशेष रूप से उन दिव्यांगजनों के लिए है जो डिस्लेक्सिया, डिस्केलकुलिया, डिसग्राफिया, डिस्प्रेक्सिया जैसे विशिष्ट अधिगम अक्षमताओं से प्रभावित हैं। राज्य आयुक्त ने बताया कि इन लोगों की बौद्धिक क्षमता सामान्य अथवा सामान्य से अधिक होती है और वे समाज में लगातार योगदान देते रहे हैं लेकिन अब तक इन दिव्यांगजनों के अधिकारों की प्राप्ति के लिए कोई विशेष राज्यव्यापी अभियान नहीं चलाया गया था। प्रो. झा ने बताया कि विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता को 2016 में लागू दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (आरपीडब्ल्यूडी एक्ट) में विधिवत मान्यता मिली है, परंतु व्यावहारिक स्तर पर अब तक उनके लिए प्रमाणपत्र निर्माण, पहचान, और योजनाओं का लाभ सीमित रहा। इस कमी को दूर करने के लिए अब प्रदेशव्यापी अभियान की शुरूआत की गई है, जिसमें चिन्हांकन से लेकर प्रमाणपत्र वितरण तक की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी।

राज्य आयुक्त द्वारा 3 जून को महानिदेशक, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएं उत्तर प्रदेश और समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर दिव्यांगता प्रमाणपत्रों के लंबित मामलों की समीक्षा करने तथा इसकी प्रक्रिया को तेज करने का आग्रह किया गया है। पत्र में उन्होंने अधिसूचना दिनांक 12 मार्च का हवाला देते हुए यह भी सुझाव दिया है कि जनपदों में दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनाने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए निजी चिकित्सकों को भी प्रमाणपत्र पैनल में शामिल किया जाए तथा मेडिकल कॉलेजों के विशेषज्ञ डॉक्टरों का भी सहयोग लिया जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने मेडिकल बोर्डों के पुनर्गठन, दिव्यांगता के अनुरूप विशेषज्ञों की नियुक्ति और प्रमाणपत्र दिवसों की संख्या बढ़ाने का भी सुझाव दिया है ताकि सभी लंबित मामलों का शीघ्र समाधान हो सके।

## आजादी के लिए 10 बार जेल गये चन्द्रभानु गुप्त

लखनऊ। हजरतगंज स्थित इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन (आईवीएफ) के शिविर कार्यालय पर र्व मुख्यमंत्री चन्द्रभानु गुप्त को याद किया गया। चन्द्रभानु गुप्त की 124वीं जयंती पर उनके व्यक्तित्व पर चर्चा हुई। महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि चंद्रभानु गुप्त ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, एक नेता के रूप में उन्होंने वंचित वर्ग को मुख्यधारा में लाने और शिक्षा का प्रकाश फैलाने का कार्य किया। सुनील अग्रवाल ने गुप्त को यूपी के विकास का युग पुरूष बताया। उन्होंने कहा कि सत्रह बरस की उम्र में स्वतंत्रता आंदोलन में उतरे चंद्रभानु गुप्त ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए साइमन कमीशन का विरोध किया, देश की आजादी के करीब दस बार जेल गए। इस मौके पर व्यापारी नेता सचिन कंछल, आईवीएफ महिला इकाई की महानगर अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, कार्यालय मंत्री अल्पना गुप्ता, कंचन गुप्ता, कैप्टन प्रखर गुप्त, राहुल गुप्ता आदि रहे।

## शिक्षक और लिपिकीय संवर्ग में नियुक्ति प्रक्रिया में देर न हो : सीएम

- सीएम योगी ने की तीन नवस्थापित राज्य विश्वविद्यालयों की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा
- कुलपतिगणों से बोले मुख्यमंत्री, इस बार से परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करें
- मुख्यमंत्री ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की वेबसाइट और लोगो का किया विमोचन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक से बलरामपुर स्थित मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय, मीरजापुर स्थित मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय तथा मुरादाबाद स्थित गुरु जम्भेश्वर राज्य विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और निर्माण कार्यों की वर्तमान प्रगति की समीक्षा की। बैठक में तीनों विश्वविद्यालयों के कुलपति भी उपस्थित रहे। विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरु जम्भेश्वर राज्य विश्वविद्यालय, मुरादाबाद की वेबसाइट ँ३३स्र२://६६६.४ॅ.ल्ल/ तथा लोगो का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नवस्थापित विश्वविद्यालयों को केवल शैक्षणिक परिसर न मानकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस व्यापक विजन का विस्तार समझा जाए, जिसमें हर जिले के युवाओं को गुणवत्तापरक, रोजगारपरक और सुलभ उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य समाहित है। यह पहल न केवल उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा को क्षेत्रीय असंतुलन से मुक्त करेगी, बल्कि उसे अधिक समावेशी और न्यायसंगत स्वरूप प्रदान करने की दिशा में भी निर्णायक सिद्ध होगी। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए निर्देश दिए कि पहले चरण में प्रशासनिक भवन, अकादमिक भवन और कुलपति निवास का निर्माण हर हाल में समय से और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। दूसरे चरण में छात्रावासों और आवासीय भवनों के निर्माण को गति दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी स्थलों पर कम से कम 500 श्रमिकों की तैनाती सुनिश्चित हो, ताकि कार्यों की गति और गंभीरता बनाये रखी जा सके।

तीनों विश्वविद्यालयों के सुचारु संचालन के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि पूर्णकालिक रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक और वित्त नियंत्रक की तैनाती तत्काल की जाए। किसी भी महत्वपूर्ण पद पर अतिरिक्त प्रभार अथवा संबद्धिकरण की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही लिपिकीय संवर्ग की नियुक्ति प्रक्रिया अविलंब आरंभ की जाए, अन्यथा कार्य संचालन प्रभावित होगा। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में कहा कि अगले तीन दिनों के भीतर पद सृजन की प्रक्रिया पूरी कर विज्ञापन जारी किया जाए और शीघ्र चयन की कार्यवाही प्रारंभ हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि विश्वविद्यालयों को गैर वेतन मद में आवश्यक धनराशि निर्गत की जाए तथा कुछ स्मार्ट क्लासेज और थिएटर रूम भी विकसित किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कुलपतिगणों से कहा कि सम्बद्ध महाविद्यालयों के अतिरिक्त इस बार से विश्वविद्यालय परिसर में परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करें। इसके लिए आवश्यक प्रयोगशालाओं की व्यवस्था भी कर ली जाए। बैठक में मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालयों की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि मां पाटेश्वरी राज्य विवि, बलरामपुर की परियोजना की कुल स्वीकृत राशि 163.52 करोड़ है, जिसमें से 83.47 करोड़ की धनराशि अब तक निर्गत की जा चुकी है। परियोजना का कार्य 7 जून 2024 को प्रारंभ हुआ है और इसे दिसंबर 2025 तक पूर्ण किया जाना है। मां विंध्यवासिनी राज्य विवि, मीरजापुर की परियोजना का कुल अनुबंध मूल्य 154.15 करोड़ है, जिसमें से 88.53 करोड़ की राशि अब तक अवमुक्त की जा चुकी है। परियोजना 12 अगस्त 2024 से प्रारंभ हुई है और इसके फरवरी 2026 तक पूर्ण होने का लक्ष्य रखा गया है। गुरु जम्भेश्वर राज्य विश्वविद्यालय, मुरादाबाद की परियोजना 11 जुलाई 2024 को आरंभ हुई है और इसे भी फरवरी 2026 तक पूर्ण किया जाना है। इस परियोजना की कुल लागत 169.58 करोड़ है, जिसमें से 77.93 करोड़ की धनराशि अब तक जारी की जा चुकी है। कार्यों में प्रशासनिक खंड, दो अकादमिक भवन, छात्रावास, आवासीय परिसर, पुलिस चौकी तथा बाह्य विकास जैसे घटक सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं में समयसीमा का कड़ाई से पालन हो और गुणवत्ता के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रत्येक कार्य की तकनीकी गुणवत्ता का परीक्षण विशेषज्ञ एजेंसियों से कराया जाए और नियमित अंतराल पर प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की जाए। उन्होंने कहा कि इन विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम इस प्रकार तैयार किए जाएं, जो स्थानीय आवश्यकताओं, क्षेत्रीय संसाधनों और समकालीन रोजगार संभावनाओं से जुड़े हों।

संक्षेप

## डीएम ने अधीनस्थों संग की समीक्षा बैठक

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर राजीव कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद रावत, सभी उप जिलाधिकारी , सभी सीओ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ पावन श्रावण मास की व्यवस्थाओं के लेकर समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया कि 11जुलाई से प्रारम्भ हो गया है, जो 09 अगस्त 2025 तक चलेगा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देश दिए कि सभी शिवालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। संधिग्ध मिलने या सूचना प्राप्त होने पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाए। उक्त कार्य में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। अपने अपने क्षेत्रों में गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक करें और उनसे मिलने वाले सुझावों पर कार्य करें।

# सावन के प्रथम सोमवार को हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजे शिवालय

जिला संवाददाता

कुशीनगर। श्रावण मास के पहले सोमवार को जनपद के शिवालयों में हर हर महादेव के जयकारे तड़के भोर से लेकर देर रात तक गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने शिवालयों की घंटियां बजाई और देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक कर पूजन किया। जनपद के कुबेर स्थान शिव मंदिर, करहिया, इटाहिया स्थान, पिजावा स्थान सहित,

● श्रीनाथ मंदिर में हुआ शिव परिवार का मन मोहक श्रृंगार

पडरौना, खड्डा, कप्तानगंज, हाटा, तमकुहीराज, टेकुआ टार, कसया सहित नगर और ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों और देवालयों में स्थापित शिवलिंगों पर श्रद्धालुओं ने बेल पत्र, भांग, धतूर, पुष्प, बेर फल, ईख, गुड चढ़ाकर पूजन किया और जल चढ़ाकर परिवार के खुशहाली की कामना की। कसया नगर स्थित श्रीनाथ जी शिव मंदिर में शिव परिवार में शिव, पार्वती, गणेश, नंदी का मन मोहक श्रृंगार किया गया और आरती उतारी गई। सुरक्षा व्यस्था को लेकर जगह जगह पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, पीआरडी के जवान, ट्रैफिक पुलिस चौक, चौराहों पर तैनात थे। शिवालयों पर भजन कीर्तन का कार्यक्रम चल रहा था। इस अवसर पर जगह जगह मेले का आयोजन किया गया और प्रसाद वितरित किए गए।



### जलाभिषेक के लिए उमड़े शिवभक्त

देवरिया । श्रावण मास के प्रथम सोमवार को जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में शिवभक्तों की भीड़ प्रातः काल ही उमड़ पड़ी और देर शाम तक लोग कतारों में लगकर शिव की पूजा अर्चना, जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।शहर के सोमनाथ मंदिर में सबसे अधिक शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी ।उधर छोटी काशी के नाम से मशहूर रुद्रपुर स्थित दुग्धेश्वरनाथ मंदिर में शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भीड़ को संभालने में सुरक्षा कर्मियों और व्यवस्था में लगे स्वयं सेवकों को देर शाम तक कदी मशक्कत करनी पड़ी ।सलेमपुर तहसील के मझौली स्थित दिग्धेश्वरनाथ मंदिर महेंन स्थित बाबा महेंद्र नाथ, भटनी क्षेत्र के मठिया स्थित शिवालय समेत विभिन्न मंदिरों शिवालियों में आज भक्तों की भारी भीड़ पहुंचकर देवाधिदेव महादेव का जिला अभिषेक किया । भटनी क्षेत्र में श्रावण मास के चढते ही शिवभक्तों द्वारा शिव मन्दिरों मे लगातार जलाभिषेक का क्रम जारी रहा ।लेकिन श्रावण माह के प्रथम सोमवार को शिव मन्दिरों मे जलाभिषेक के लिए उमडा आस्था का जनशैलाब ।

क्षेत्र के ग्राम साहोपार के टोला मे स्थित प्राचीन शिवमन्दिर बनकटा शिव बनकटा तिवारी के बाबा जंगलीनाथ मन्दिर नूरीगंज बाजार के चीनी मिल गेट के शिवमन्दिर भरहेचौरा बेहराडाबर सहित क्षेत्र के छोटे बडे मन्दिरों मे भोर ही जलाभिषेक का शुरू हुआ और दोपहर बाद चला।

## एसएसपी ने श्रृंगी ऋषि आश्रम पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

गोसाईगंज-अयोध्या। एसएसपी गौरव ग्रोवर अपने दलबल के साथ गोसाईगंज कोतवाली इलाके के श्रृंगी ऋषि आश्रम पर पहुंच कर आगामी पर्व श्रावणी मेला व कांवड यात्रा का जायजा लिया ।श्रृंगी ऋषि आश्रम पर पहुंचे एसएसपी ने बाबा श्रृंगी ऋषि व माता शांता के पिंडी पर माथा टेककर आशीर्वाद लिया ।आश्रम के पुजारी महेंद्रदास गोस्वामी ने एसएसपी से सावन मेले व कांवड यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस फोर्स तैनात करने की मांग किया ।श्रद्धालुओ के स्नान के दौरान कोई अप्रिय घटना ना होने पाए इसके लिए जल पुलिस की भी तैनाती करने की मांग की गई ।एसएसपी ने महंत को उनकी

मांग पूरी करने का आश्वासन दिया। इसके पूर्व एसएसपी ने सभी बार्डरों का जायजा लिया और मातहतों को हमेशा मुस्तैद रहने की सलाह दिया ।कहाकि कांवड यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा नही होनी चाहिए ।इसके लिए जगह जगह पुलिस फोर्स तैनात किए जाएंगे।

## फरियादियों की समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन संकल्पित है: डीएम



कुशीनगर। जनता दर्शन में आए जन समस्याओं को जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तवंर ने गम्भीरता से सुना। जन समस्याए सुनने के दौरान उन्होने सम्बन्धित अधिकारियां को दूरभाष या सीधे तौर पर निर्देशित भी करते रहे।

उन्होने कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण शीध्रता से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना शासन की प्राथमिकता है। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों के माध्यम से समस्याओं को गम्भीता पूर्ण सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को संदार्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। जनता दर्शन में आए प्रार्थियों की समस्या का समाधान करने हेतु हम सभी दृढ़ संकल्पित है। उन्होने विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में संवेदनशीलता का परिचय देते हुए पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार करे। शिकायतकताओं के भीड़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा स्वयं आवेदनकताओं के पास जा कर एक एक आवेदन पत्रों को लेकर मौखिक रूप से पुछ ताछ कर समस्याओं की जानकारी ली गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय, सहित अन्य जनपद स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय रोजगार मेले में 330 का चयन

कुशीनगर। उ०प्र० कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन राजकीय आईटीआई पडरौना के परिसर में उ०प्र० कौशल विकास मिशन व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में किया गया है ।मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पडरौना विनय जायसवाल द्वारा फीता काटकर रोजगार मेला का शुभारम्भ किया गया है एवं अपने सम्बोधन में रोजगार मेला को रोजगार आपके द्वार व युवाओं के लिये अत्यन्त ही लाभप्रद बताते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कॉमना की। रोजगार मेला में अधिक से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किये है। रोजगार मेला में कुल 14 नियोक्ता कम्पनी वैष्णवी लिमिटेड, टीवीएस क्रेडिट सर्विस, टाटा मोटर्स, समावेशी फायनेन्स, डिक्सन इलेक्ट्रिक एप्लायन्स, मदरर्सन, उत्कर्ष स्माल फायनेन्स, फ्लूयेन्ट ग्रीड, एए रेड हिल्स, टाटा मोटरर्स क्वीक क्राप्स, मार्क एक्सजस्ट सिस्टम, सासा ग्रुप, टाटा इलेक्ट्रानिक्स, मैंगो रेन्ज शेल्टर आदि ने प्रतिभाग किया। उक्त रोजगार मेला में 810 अभ्यर्थियों ने विभिन्न नियोक्ता कम्पनीयों में साक्षात्कार दिये, साक्षात्कार के माध्यम से कुल 330 अभ्यर्थियों का रोजगार हेतु चयन किया गया है, जिन्हे 10000 से 18000 तक सैलरी प्राप्त होगा। रोजगार मेला में नोडल प्रधानाचार्य /जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन आलोक कुमार मौर्या, एपी राय प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई कसया, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह जिला कौशल प्रबन्धक, अभय श्रीवास्तव जिला कौशल प्रबन्धक, विनय पाण्डेय जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, मुकुल कुमार मेला प्रभारी, रंजीत कुमार सह मेला प्रभारी एवं समस्त अधिकारीगण / कर्मचारीगण तथा स्थानीय जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## पीड़िताओं की सुरक्षा व अधिकारों का न हो हननः अपर जिला जज



देवरिया । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री राम मिलन सिंह के निर्देशानुसार वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, किया गया।

सचिव द्वारा बताया गया कि पीड़िताओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहियें। समाज को उनके सुरक्षा एवं अधिकारो के प्रति सजग रहना चाहिए। सचिव द्वारा केंद्र पर उपस्थित पीड़िताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ-सफाई, सुरक्षा व आमजनमानस को विधिक साक्षरता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक नीतू भारती को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें।

# दो प्रेमियों के चक्कर में गयी नाबालिग युवती की जान

### पुलिस ने किया हत्या की घटना का अनावरण, घटना में सम्मिलित दो गिरफ्तार

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिले के हाटा कोतवाली पर विश्राम पुत्र परमा हजाम निवासी पिपरा कपूर द्वारा अपने नाबालिग नातिन के घर से चले जाने के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। बीते रविवार को जनपद देवरिया के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के नहर में एक लड़की का शव मिलने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई, पुलिस द्वारा जांच की गयी तो पहचान पीड़िता के रूप में हुई। देवरिया में शव का पंचायतनामा, पैनल पीएम एवं वीडियो ग्राफी की कार्यवाही कराया गया था। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

सोमवार को हाटा कोतवाली व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घटना का अनावरण करते हुए घटना में शामिल दो को गिरफ्तार किया ।पुलिस ने बताया किपूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि मृतका का



काफी समय से सैफ अली पुत्र मोहम्मद सरफुद्दीन, निवासी पिपरा कपूर, थाना कोतवाली हाटा, से बात-चीत एवं मिलना-जुलना था।

इसकी पुष्टी सीडीआर के माध्यम से भी हुई है। इसी बीच इम्तियाज अहमद उर्फ टिंकू, पुत्र मोहम्मद मैनुद्दीन, निवासी वार्ड नं. 10, अंबेडकर नगर, थाना कोतवाली हाटा भी मृतका से बात-चीत करने लगा था। इस बात को लेकर सैफ अली व टिंकू का आपस में झगड़ा भी हुआ था। दिनांक 10.07.2025 को इसी विवाद के कारण पुनः इनके बीच में झगड़ा हुआ और सैफ अली इसी बात को लेकर मृतका को थप्पड़ मार दिया। टिंकू अन्य लोगों के साथ मृतका के घर जाकर उसके परिजनों को यह बात बता दी। जिसको लेकर परिजनों द्वारा मृतका को डांटा और फटकारा गया, जिससे नाराज होकर मृतका घर से निकल गई और रात के अंधेरे में चकरी पट्टी नहर के पास चली गयी। जहां पर सैफ और टिंकू पहले से मौजूद थे और इसी बात को लेकर इन लोगों का आपस में वहां पर विवाद हो गया। विवाद के दौरान सैफ अली और टिंकू ने मृतका का मुंह दबा कर हत्या कर शव को हाटा रजवाहा नहर में फेंक दिये।

## बाबा बर्फानी की निकली नगर में भव्य यात्रा

भटनी(देवरिया)। स्थानीय नगर के जंगली माता दुर्गा मंदिर की मंदिर समिति के तत्वाधान में विधायक सुरेन्द्र चौरासिया के नेतृत्व में श्रावण मास के दौरान बाबा बफार्नी की भव्य शोभायात्रा श्रद्धालुओं के विशाल जुलूस के साथ निकाली गई। यात्रा के दौरान बाबा बफार्नी जय शिव शम्भू के उदघोष से गूँज उठा नगर ।यह शोभ यात्रा जंगली जालपा माता मंदिर से रामलीला मैदान होते हुए गाँधी चौक से मुख्य बाजर से 116 नम्बर रेलवे ढाला पर समाप्त हुई ।भव्य शोभायात्रा के दौरान जगह जगह शिब पार्वती की झांकिया और जुलूस में हाथी घोड़ा और गाजे बाजे का नाजर देखने को मिला ।जिस दौरान यात्रा में शामिल मंदिर समिति के अध्यक्ष हरेन्द्र वर्मा व्यापार मण्डल से नवीन कुमार गुप्ता विजय कुमार गुप्ता नगर अध्यक्ष भाजपा भटनी मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्रा जिला पंचायत सदस्य अजीत सिंह सहित नगर के सभी सभासदगण एवम श्रद्धालु उपस्थित रहें।

# प्रदेश अध्यक्ष पर दर्ज मुकदमा वापस करने को लेकर कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपा

जिला संवाददाता

देवरिया । उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय पर जनपद वाराणसी के सिगरा थाने में दर्ज कराया गया मुकदमा फर्जी है। प्रदेश के महामहिम राज्यपाल इस मामले को संज्ञान में लेकर दर्ज कराये गये झूठे मुकदमे को वापस लिये जाने के लिये वाराणसी पुलिस प्रशासन को निर्देश दें। यह मांग सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सदर तहसील के नायब तहसीलदार गंगाराम को प्रेषित करके की।

ज्ञापन मे कांग्रेसियों ने लिखा सनातन धर्म में काशी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है यह ऐसा पवित्र स्थान है जो प्रदेश ही नहीं अपितु सम्पूर्ण देशवासियों के आस्था व विश्वास का प्रतीक है। काशी जैसे धार्मिक मान्यता वाले शहर में आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। कांग्रेस जनों ने वाराणसी में जलभराव, ध्वस्त सीवर, पीड़ित दुकानदार, रोपवे, जाम से परेशान आम जनता, कांवर यात्रियों की समस्याओं के निराकरण हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु 10 जूलाई को शांति पूर्वक पदयात्रा निकाल रहे थे। प्रदेश सरकार के इशारे पर जनपद वाराणसी के सिगरा थाने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय सहित 10 कांग्रेस जनों पर मुकदमा दर्ज करा दिया गया। जो पुरी तरह गलत है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार के इस अन्यायपूर्ण और अलोकतांत्रिक कार्यवाही का प्रतिकार करती है।

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष जयदीप



त्रिपाठी,वरूण राय, अरविन्द शाही, सुभाष राय,नौशाद खान एपी,भरत मणि त्रिपाठी, संजीव कुमार मिश्रा,शिव शंकर सिंह, सुहेल अंसारी ,चंदू वर्मा, जयप्रकाश धनगर,जुलेखा खातून, राजेश प्रताप सिंह, अब्दुल जब्बार,दीनदयाल यादव, शहनाज जफर, मनोज मणि,आलोक त्रिपाठी राजन, सुनील यादव, मिर्जा खुर्शीद,, मानवेन्द्र तिवारी,अवधेश यादव,राशिद अंसारी, महेंद्र अंबेडकर, विजय शंकर मिश्रा, सुनील कुमार द्विवेदी, रविन्द्र मल्ल,रीता देवी, संदीप पाण्डेय,विनय मिश्रा, अभिषेक वर्मा,विशाल पाठक, शेषनाथ ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# चलती ट्रेन में महिला से शनिवार को हुई लूट

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा तिवारी की 60 वर्षीया आफिता निशा पत्नी अकबर के साथ शनिवार को चलती ट्रेन में हुई लूट के मामले में पुलिस के लिए जांच का आधार ट्रेन के गार्ड और स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे हो सकते हैं। क्योंकि पीड़ित महिला के अनुसार जिस युवक ने उसके साथ मारपीट कर नगदी और आभूषण की लूट किया वह ट्रेन खुलने से पहले गार्ड से बात कर रहा था। अभी यह ज्ञात नहीं है कि ट्रेन में सवार महिला के साथ लूट और

● गार्ड और सीसीटीवी कैमरा भी बन सकता है जांच का आधार
● अपराधी तक पहुंचना बना पुलिस के लिए टेढ़ी खीर

मारपीट करने वाला युवक कौन था? हालांकि पुलिस अपने हिसाब से जांच के जुट गई है। घटना को लेकर जीआरपी भटनी और आरपीएफ सिवान के एक सब इंस्पेक्टर ने घायल महिला से बयान भी लिया है और घटना की वस्तु स्थिति को समझने की कोशिश की है। बताया गया है कि शनिवार को आफिता निशा अपनी बेटी से मिलने के लिए मैरवा जा रही थी। इसके पूर्व उसका लड़का ट्रेन पकड़वाने के लिए उसे घर से लाकर केवड़ा पहुंचा दिया जहां से महिला मऊ छपरा सवारी में सुबह सवार हो गई। घटना के सम्बन्ध में पीड़िता के पुत्र का कहना है कि उसकी मां का कहना है कि वह ट्रेन में पीछे बैठी थी उसी समय उसने देखा कि एक युवक गार्ड से बात कर रहा था। जैसे ही ट्रेन खुली वह युवक उसी डिब्बे में आकर बैठ गया और बैठने के साथ ही बोगी का फाटक और खिड़कियां बंद कर दिया। विरोध करने पर उसने मारना पीटना शुरू कर दिया और उसे घायल कर दिया। उसके बाद उसके कान नाक और पैर में पहने हुए आभूषण को लूट लिया और नोनापार या भाटपार में उतर गया। उसकी मां ने कराहते हुए किसी तरह बोगी का फाटक खोला और मैरवा में कुछ लोगों ने प्लेटफॉर्म पर उतार दिया।

स्टेशन मास्टर मैरवा से मेमो मिलते ही स्टेशन पर तैनात आरपीएफ के जवान उसे इलाज के लिए मैरवा ले गए और घटना की जानकारी परिजन को दिया। परिजनों के बात करने के बाद इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज देवरिया के लिए रेफर किया गया ।चलती ट्रेन में महिला के साथ हुई मारपीट और लूट की घटना ने सनसनी फैला दिया है। भटनी क्षेत्र के लिए यह हतप्रभ करने वाली घटना है जिसको लेकर लोग पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। घटना क्रम पर नजर डाले तो आरोपित तक पहुंचने के लिए पुलिस के पास फिलहाल तीन विकल्प दिखाई दे रहे हैं जिससे उसकी पहचान हो सकती है। पहली तो वह पीड़ित महिला है जो उसके कद काठी आदि की जानकारी दे सकती है और इस बात को पुलिस ने निश्चित तौर पर महिला से जानने की कोशिश की होगी। दूसरी कड़ी स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज हो सकती है जिसमें वह स्टेशन परिसर में कैद हुआ हो और तीसरी कड़ी खुद ट्रेन के गार्ड हो सकते हैं अगर महिला की बात को ध्यान दिया जाए क्योंकि महिला ने यह बताया है कि ट्रेन खुलने से पहले बदमाश गार्ड से बात कर रहा था। खैर यह तो लोगों की अटकलें हैं, देखना यह है कि पुलिस अपनी जांच कहा से शुरू करती है और हमलावर को कब तक दबोच लेती है ।मामला पुलिस के लिए बदनुमा दाग साबित हो रही है ।पुलिस घटना के बाद तहरीर न मिलने का हवाला देकर पीडित को न्याय न देकर हत्तोत्साहित कर मनोवल को तोडने का कार्य ही की ।सीमा विवाद मे इस मामले को पुलिस घोर लापरवाही करने का कार्य की है ।सीमा विवाद पुलिस इस लिए करती है पीडित थाने का चक्कर काटते काटते थक हार अपने घर बैठ जाय ।मानवता का गला घोटने का कार्य करती है ।इससे पहले ऐसे भी पुलिस को भी देखा है कि सीमा विवाद आते ही अपने थाने मे मुकदमा पंजीकृत कर जाँच के दौरान सही तथ्य आने पर घटना को सम्बन्धित थाने को हस्तांतरित करने संकोच नही किये । ।जिसका परिणाम यह हुआ की घटना का पटाक्षेप हो गया ।लेकिन इस मामले मे पुलिस ऐसा नही किया ।और अपराधी पकड से काफी दूर निकला गये ।इस सम्बन्ध मे जी आर पी थाना भटनी आदित्य सिंह से की गयी तो थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है ।

## विधायक ने किया 5एमबीए के अतिरिक्त ट्रांसफार्मर का लोकार्पण

भटनी(देवरिया)। स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र पर अधिक लोड होने के कारण 5एमबीए के अतिरिक्त ट्रान्फार्मर का लोकार्पण एक समारोह मे विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने किया ।लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा कि क्षेत्रीय जनता ओवरलोड के चलते लगातार विद्युत समस्या से परेशान हो रही थी ।जिसको देखते हुए भटनी विद्युत उपकेंद्र पर 5एमबीए का ट्रान्सफार्मर लगाया गया ।इस ट्रान्सफार्मर के लग जाने से नगर व ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को निर्वाध रुप से बिजली मिलेगी ।इस समस्या के अलावे कोई समस्या हो तो निःसंकोच रुप से बताये ।हर समस्या का समाधान कराने का कार्य करुंगा ।इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्र नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त महामंत्री कृष्णदत्त मिश्र दीपख वर्मा जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह के आलावे विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## कौशल विकास मिशन के तहत 12 कंपनियों ने किया साक्षात्कार : 387 चयनित




देवरिया । उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, देवरिया द्वारा राजकीय आई०टी०आई० परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन देवरिया सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी जी द्वारा किया गया रोजगार मेले में जनपद व आस-पास के क्षेत्रों से आए बेरोजगार युवाओं को विभिन्न निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार प्रदान करने हेतु साक्षात्कार की व्यवस्था की गई थी। कुल 12 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया तथा मौके पर ही साक्षात्कार लिए। मेले में कुल 1032 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार में प्रतिभाग किया, जिनमें से 387 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, जिला समन्वयक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन देवरिया कृष्ण कुमार राम सहित अन्य अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# रविवारीय गोष्ठी में कवियों ने लूटी वाहवाही

देवरिया । नागरी प्रचारिणी सभा, की मासिक काव्य गोष्ठी दिनाँक रविवार को सभाध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि सूर्य नारायण गुप्त 'सूर्य' रहे। सर्व प्रथम सभाध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी, मुख्य अतिथि श्री सूर्य नारायण गुप्त 'सूर्य' और मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने मां शारदा को गन्धार्चित धूप समर्पित किया। तत्पश्चात कवियत्री क्षमा श्रीवास्तव ने वाणी वंदना प्रस्तुत की। गोष्ठी के दौरान मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।




आगे विकास तिवारी विक्की ने ₹पलक उठे त दिन होला, पलक गिरने से रात होला₹ कविता से वाहवाही बटोरी। प्रसिद्ध गीतकार दयाशंकर कुशवाहा ने ₹चेहरे पे उदासी है दिल टूट गया होगा' भावपूर्ण गीत प्रस्तुत कर गोष्ठी को ऊंचाई दी। नित्यानंद आनन्द ने भोजपुरी गीत ₹हमरे देसवा के धरतिया महान हवे₹ सुनायी। इसके बाद रंजिता श्रीवास्तव ने ₹तुम्हारी बेरुखी ने इस कदर तोड़ा मुझे की जीना सिखा दिया₹ सुनाकर वाह वाही लूटी। कवियत्री पार्वती देवी 'गौरा' ने सावन पर गीत ₹अरे रामा बरसेला नाही सवनवा₹ गाया। गोष्ठी का समापन कवि सौदागर सिंह द्वारा कजरी गीत ₹धनिया करे चल रोपनिया, रतिक बरसल बा पनिया ना₹ गाकर किया। काव्य गोष्ठी में आये श्री परभंस चौरसिया, प्रसिध्द लोक गायक को सभा द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

संचालन करते हुए गजल रचयिता सीमा नयन ने ₹एक निशानी पास हमारे छोड़ी होती₹ गीत से सबको भाव-विभोर कर दिया। गोष्ठी में कौशल किशोर मणि, अंजलि अरोड़ा खुशबू, शैलेश चन्द्र नारायण तिवारी शैलेश, रमेश सिंह दीपक, आशुतोष त्रिपाठी, शिखा गौड़, लालता प्रसाद चौधरी, वशीष्ट चौबे, डा. ए के कुशवाहा, जितेन्द्र प्रसाद तिवारी, विनोद कुमार अग्रवाल आदि रचनाकारों ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

इस अवसर पर जगदीश उपाध्याय, धर्मशील तिवारी, रामनिवास पाण्डेय, पुण्य देव मणि त्रिपाठी, रवीन्द्र नाथ तिवारी, अमित मिश्र, सोमनाथ मिश्र, रजनीश गोरे, वृधिचंद विश्वकर्मा आदि गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने सभी कवियों एवं श्रोताओं का आभार प्रकट किया।

## जिला जज से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल

अयोध्या। चैबीय कक्षीय न्यायालय भवन का मामला सोमवार को फिर बार एसोसिएशन की बैठक में चर्चा का विषय रहा। इस पर अधिवक्ता काफी आक्रोशित दिखे। अधिवक्ताओं का आक्रोश भाप अध्यक्ष ने पांच सदस्यीय अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल गठित किया और बैठक के बाद जिला जज रणंजय कुमार वर्मा से प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर उनके समक्ष अपनी बात रखी। जिला जज ने तुरंत एक्शन लेते हुए इंजीनियर को बुलाया और अधिवक्ताओं से बिल्डिंग के संबंध में जरूरी बात की। इसके बाद उन्होंने न्यायालय भवन का निरीक्षण भी किया। बीती 11 जुलाई को 24 कक्षीय न्यायालय भवन में सातवें तल पर मुकदमे की पैरवी में आए वादकारी पारसनाथ निषाद की मौत हो गई थी। इससे अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश था। जिस पर बार बैठक में अधिवक्ताओं ने ध्वनि मत से 24 कक्षीय न्यायालय भवन की समस्त अदालतों का बहिष्कार करने को कहा।

## एन ई रेलवे मेन्स कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

भटनी(देवरिया)। इंडियन रेलवे इम्पलाईज फेडरेशन ( कम्प्र्ऋ) से संबद्ध यूनियन एन. ई. रेलवे मेन्स कॉग्रेस की भटनी शाखा की कार्यकारिणी की बैठक भटनी मे संपन्न किया गया कबैठक की अध्यक्षता मुख्य अतिथि और केन्द्रीय अध्यक्ष अखिलेश पांडेय जी ने किया कश्री पांडेय ने शाखा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शाखा के एक एक पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए रेल कर्मचारियों की समस्याओं से पेंशन लागू करने की मांग करते हुए कहा कि यदि पुरानी पेंशन शीघ्र बहाल नहीं किया जाता है तो रेल कर्मचारी एनई रेलवे मेन्स कॉग्रेस के नेतृत्व में 25 नवंबर 2025 को नई दिल्ली कूच करेंगे कवाराणसी मंडल के मंडल मंत्री राकेश पाल ने यूपीएस और एनपीएस का विरोध करते हुए रेल कर्मचारियों को बताया कि ये दोनों स्कीम कर्मचारी विरोधी है क कर्मचारियों ने यूपीएस को पूरी तरह नाकार कर दिया है कभारत सरकार को हर किमत पर पुरानी पेंशन बहाल करना ही होगा ।

संक्षेप

## नवयुवक ने नहर में लगायी छलांग

सीतापुर। लहरपुर क्षेत्र से निकलने वाली शारदा सहायक नहर में एक मानसिक रूप से बीमार नवयुवक ने लगाई छलांग, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला मीरा टोला निवासी रफीक अंसारी के 27 वर्षीय पुत्र अजीम जो की काफी समय से बीमार



थे और उनका इलाज कराया जा रहा था सोमवार को अपनी बीमारी से परेशान होकर घर से बिना बताए बाइक से नहर पर आकर क्षलांग लगा दी, पीड़ित पिता रफीक अंसारी ने बताया कि अजीम ने फोन करके बताया था कि हम नहर पर हैं और फोन काट दिया था, लड़के की सूचना पर नहर पर पहुंच कर जब उसकी तलाश की गई तो नहर के किनारे स्लॉटर हाउस के सामने बाइक व कमीज मौके पर पड़ी पाई गई, अजीम के द्वारा छलांग लगाए जाने की सूचना पर भारी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चैबे, कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र सिंह, नगर चैकी प्रभारी विजय शंकर पांडे ने पीएसी के गोताखोरों की सहायता से लापता युवक की तलाश की, समाचार लिखे जाने तक कोई भी सुराग नहीं मिल सका था। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## काव्य गोष्ठी व मेडिकल कैम्प आयोजित

सीतापुर। नगर की प्रख्यात साहित्यिक संस्था हिंदी सभा की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी स्थानीय लालबाग शहीद उद्यान स्थित नरोत्तम सभागार में वरिष्ठ साहित्यकार अशोक मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। गोष्ठी का संचालन रंगकर्मी व्यंग्यकार राजेश श्रीवास्तव व हिंदी सभा के उपाध्यक्ष रमाशंकर मिश्र ने मिलकर किया। गुरूशरण त्रिपाठी की वाणी वंदना से गोष्ठी का शुभारम्भ हुआ। हिन्दी सभा के महामंत्री रजनीश मिश्र, वरिष्ठ साहित्यकार उदय प्रताप त्रिवेदी त्रिशूल ने मां शीर्षक से भावपरक रचनाओं को प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सुभाषिनी मेहरोत्रा, किरन राठौर, एहतिशाम अली ने फुल बाडी चेकअप कैम्प भी सभागार में लगाया। सीतापुर टीम द्वारा लगभग 20 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा वितरित की गयी। कैम्प का उद्घाटन तामसेनगंज की सभासद कंचन मेहरोत्रा के प्रतिनिधि सिद्ध गोपाल मेहरोत्रा ने किया। समाजसेवी रविकान्त मिश्र ने सभी आगंतुक अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुलिस की निष्क्रियता को लेकर लोगों में आक्रोश

सीतापुर। सिधौली इलाके के भिटौरा गांव के मजरा सीरगंज में पुस्तैनी जमीन पर मकान निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। भूमि स्वामी ईश्वर दिन, राजकुमार, रामकुमार को उपजिलाधिकारी द्वारा निर्माण की अनुमति दी गई थी। फिर भी दबंगों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। महिलाओं को आगे कर निर्माण रोकने की कोशिशें की जा रही हैं। भूस्वामी की शिकायत पर रविवार देर शाम पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज की, लेकिन मौके पर नहीं पहुंची। इससे पुलिस की निष्क्रियता को लेकर लोगों में आक्रोश है।

## बाइक सवार पिकअप की टक्कर से घायल

सीतापुर। थाना रामपुर कलां अंतर्गत सरैया कादीपुर नहर चैराहे पर एक पिकअप की टक्कर से बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। जिसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहला लाया गया। जहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद एक घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत बिसवां- महमूदाबाद मार्ग सरैंया नहर चैराहे के निकट महमूदाबाद रोड पर सोमवार दोपहर एक पिकअप ने मोटरसाइकिल सवार दयाराम पुत्र मनोहर लाल तथा सुवर्ण लाल पुत्र रिखी लाल 28 वर्ष निवासी लक्ष्मणपुर मजरा सरैंया कादीपुर थाना सदरपुर को टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार गिरकर घायल हो गये। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहला लाया गया। जहां दयाराम के चेहरे पर चोट तथा नाक फटी होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पिकअप चालक घटना को अंजाम देकर पिकअप लेकर भाग गया।

# प्लास्टिक प्रतिबंधित सामग्री के उपयोग पर सख्ती बरतें



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। ओडीएफ खुले में शौच से मुक्त स्थायीत्व की निरंतर निगरानी की जाए। ग्राम स्तर पर स्वच्छता रैलियों, नुक्कड़ नाटकों एवं स्वच्छता प्रतियोगिताओं के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाई जाए। प्लास्टिक प्रतिबंधित सामग्री के उपयोग पर सख्ती बरती जाए और इसके लिए निगरानी टीम सक्रिय की जाए। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, और पंचायत भवनों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में स्वच्छता से जुड़े कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें एवं नियमित निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी एडीओ पंचायत को निर्देशित किया कि शौचालय की द्वितीय किश्त हेतु प्रस्ताव शीघ्र भेजा जाये ताकि पात्रों को द्वितीय किश्त प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु नागरिक फीडबैक को बढ़ाया जाये। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत सरैया सानी में निर्मित प्लास्टिक प्रबंधन यूनिट को जल्द से जल्द से संचालित किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। फीकल स्लज मैनेजमेंट की स्थापना हेतु भूमि उपलब्धता हेतु संबंधित से समन्वय स्थापित करते हुये भूमि का चयन किया जाये ताकि फीकल स्लज मैनेजमेंट की स्थापना का कार्य जल्द ही प्रारम्भ हो सके। डिजिटल लाइब्रेरी हेतु जो भी उपकरण, फर्नीचर, किताबें आदि क्रय करनी हैं, उस पर कार्यवाही करते हुये डिजिटल लाइब्रेरी को संचालित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने सभी एडीओ पंचायत को निर्देश दिये कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत सभी एडीओ पंचायत अपने-अपने ग्रामों में साफ-सफाई करा लें, जहां अधिक झाड़ियां वहां की कटाई-छटाई करा दी जाये। एंटीलार्वा का छिड़काव भी अवश्य कराया जाये तथा जलभराव की स्थिति का निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्री ज्ञापन लेखपाल संघ ने एसडीएम को सौंपा

महोली/सीतापुर। लेखपाल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप गिरी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्री ज्ञापन एसडीएम देवेंद्र कुमार मिश्रा को सौपा। ज्ञापन में हापुड़ के जिला अधिकारी का अधीनस्थ के प्रति अपमानजनक एवं दंडनात्मक व्यवहार व बिना जांच के झूठी शिकायत पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई के तनाव में लेखपाल सुभाष मीणा की मृत्यु हो गई है। इस घटना की लेखपाल संघ निंदा करता है। उच्च अधिकारियों के द्वारा जनसुनवाई के दौरान अधीनस्थ कर्मचारी को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जाता है। घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए सरकार ने उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। जिससे कर्मचारियों में न्याय की आशा जगी है। ज्ञापन के माध्यम से हापुड़ में मृतक लेखपाल के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, मृतक आश्रित को योग्यता अनुसार सरकारी सेवा में नियुक्त की जाए, जांच रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, समस्त अधिकारियों को अधीनस्थ के



साथ मानवीय एवं सम्मानजनक व्यवहार करने का निर्देश निर्मित किया जाए। इस दौरान लेखपाल सिद्धांत पांडेय, विनीत अवस्थी, नीतू गुप्ता, आकांक्षा वर्मा, मनोज कश्यप, पीयूष पांडेय, राम सिंह राणा, पवन वर्मा, ऋषभ गौतम, शारिक रिजवी सहित लेखपाल मौजूद रहे।

# आवेदन किसी भी स्तर पर लम्बित न हों नियमित रूप से समीक्षा भी की जाये

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत अनुदान की स्वीकृति हेतु गठित जनपद स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विकास खण्ड स्तर पर शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों की समीक्षा कर समस्त प्रकरणों का समयान्तर्गत




निस्तारण करते हुये पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। पहला, परसेण्डी एवं सिधौली विकास खण्ड स्तर पर सर्वाधित आवेदन लम्बित होने पर संबंधित सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण को सुधार के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये, जिससे अधिक से अधिक पात्र इससे लाभान्वित हो सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वीकृत किये जाने से पूर्व आवेदकों की पात्रता की गहन जांच की जाये। किसी अन्य विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना अथवा सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पूर्व में लाभ प्राप्त कर चुके व्यक्ति तथ्यों को छिपाकर योजना का लाभ प्राप्त न पाये, इसके लिये संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच आख्या अवश्य की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि आवेदन किसी भी स्तर पर लम्बित न हों, इसके लिये नियमित रूप से समीक्षा भी की जाये। ऑनलाइन आवेदनों की हार्डकापी समस्त संलग्नकों एवं आवश्यक आख्या के साथ जनपद स्तर पर समय से उपलब्ध कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल ने एजेण्डा प्रस्तुत करते हुये योजना, पात्रता की शर्तों, प्राप्त आवेदनों एवं स्वीकृति आवेदनों के संबंध में समिति के समक्ष सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान समस्त विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर में महिला घायल

सफीपुर (उन्नाव) पुत्र को गोद मे लेकर पैदल बाजार जा रही महिला को पावा-अतहा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे महिला समेत एक वर्षीय पुत्र घायल हो गया जिसे राहगीरो ने सी एच सी सफीपुर पहुचा जहा से महिला की गंभीर हालत देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र साल्हेपुर खलील नगर निवासी माया (45) पत्नी श्रवण कुमार गोद मे एक वर्षीय पुत्र अंश को लेकर गाव से पैदल पावा बाजार जा रही थी कि पावा- अतहा मार्ग कोतवाली क्षेत्र मुस्तफाबाद गाव के सामने अज्ञात वाहन टक्कर मार भाग खड़ा हुआ। जिससे घायल सड़क किनारे पड़ी माया व उसके रोते पुत्र को उठा राहगीरो ने सी एच सी सफीपुर पहुचाया जहा डाक्टर ने माया के सर पर आई गंभीर चोट के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एस ओ एस एन त्रिपाठी ने बताया कि मौखिक सूचना मिली है वाहन की जानकारी व तलाश की जा रही है।

## पत्र के माध्यम से पूर्व बार महामंत्री ने भेजी शिकायत

सफीपुर, उन्नाव। तहसील विभाजन के समय परिसीमन में हुई धांधली के मुद्दे को लेकर पूर्व बार महामंत्री ने मुख्यमंत्री व मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय लखनऊ खंड पीठ को शिकायती पत्र भेजकर हसनगंज व सदर तहसील के नजदीकी गांवों को जोड़ने की मांग की है। सफीपुर के पूर्व बार एसोशिएशन महामंत्री हरिप्रकाश कुशवाहा ने तत्कालीन समाजवादी पार्टी की सरकार में सफीपुर से बांगरमऊ तहसील के हुए विभाजन में हुई धांधली का आरोप लगाते हुए बताया कि सफीपुर तहसील के चार सौ राजस्व गांवों में 220 गांव नवसृजित बांगरमऊ तहसील में मनमाने ढंग से जोड़ दिए गए। जिससे तहसील सफीपुर की उपेक्षा की गयी है। जिसकी शिकायत दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री/उच्च न्यायालय को प्रेषित पत्र के माध्यम से हसनगंज एवम सदर तहसील के कुछ गांवों की सूची भेजकर जिनकी दूरी तहसील मुख्यालयों से काफी अधिक है और वह गांव सफीपुर तहसील से काफी नजदीक है उन्हें जोड़े जाने की मांग की है।

# कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



सीतापुर। शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं अन्य कांग्रेस जनों पर वाराणसी में फर्जी मुकदमे दर्ज करने के विरोध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से दिया गया।

कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष शिशिर वाजपेई ने कहा कि जिस तरह भारतीय जनता पार्टी बदले की राजनीति कर हमारे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पर झूठे मुकदमे लगा रही है। निश्चित वाराणसी में सावन के पवित्र महीने में श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने पोल खोलो अभियान चलाया था। जिसके तहत उन पर फर्जी मुकदमे लगाना निंदनीय है एवं संविधान विरोधी है। पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश निषाद ने भाजपा पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस जन डरने वाले नहीं है। श्री निषाद ने कहा की जनता पूरी तरह से कांग्रेस के साथ आ रही है एवं जननायक राहुल गांधी मल्लिकार्जुन खड़गे अजय राय के नेतृत्व उत्तर प्रदेश में आम जनमानस का रुझान कांग्रेस की तरफ बढ़ रहा। है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आमोद मिश्र चोक्ष विभू अवस्थी संजय कुमार सनी नरेंद्र वर्मा दीपा वैश्य शबनम खान प्रेमलता शुक्ला सरिता कनौजिया रिजवान अहमद इकबाल टी एन सिंह यादव अहमद अंसारी शावेज मुख्तार अहमद अंसारी राम चंद्र भार्गव धर्मेश दीक्षित इमरान अली पवन कुमार शुक्ला नागराज कश्यप गुरु शरण द्विवेदी अनुपम बाजपेई मोहम्मद सलीम एजाजुद्दीन मयंक शुक्ला अंकित सिंह शाकिब अंसारी राज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## 24 घंटे में लूट की घटना का किया खुलासा

सीतापुर। सिधौली कोतवाली पुलिस ने रविवार को मनिकापुर और गंधौली के बीच हुई लूट की घटना का 24 घंटे में खुलासा करते हुए एक शातिर अभियुक्त प्रखर पटेल 19 को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लूटी गई स्विफ्ट डिजायर कार, मोबाइल, पर्स, 200 नकद, पैन कार्ड, तीन बैंकों के एटीएमड कार्ड और एक 12 बोर तमंचा बरामद हुआ। आरोपी पर बीएनएस की धारा 309(4), 351(2), 317(2) और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए गए। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बलवंत सिंह शाही व टीम शामिल रही।

## श्यामनाथ मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

सीतापुर। सावन के पावन माह के पहले सोमवार को जिले भर के शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। शहर का प्राचीनतम एवं प्रसिद्ध श्यामनाथ मंदिर भक्तों की आस्था का प्रमुख केन्द्र रहा, जहां रविवार की रात से ही कांवड़ियों का रेला लगना शुरू हो गया। भोर पहर से ही लंबी कतारों में खड़े कांवड़िए गंगा जल कलश के साथ बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंचे।



भक्तों ने विधिपूर्वक जलाभिषेक कर भगवान आशुतोष से अपने परिवार एवं समाज की सुख-शांति की कामना की। श्रावण माह में वैसे तो प्रत्येक सोमवार का विशेष महत्व है, लेकिन पहले सोमवार का महत्व और भी अधिक माना जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए। सीतापुर-गोला मार्ग पर यातायात सुगम रखने के लिए रूट डायवर्जन लागू किया गया। मंदिर मार्गों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। नगर पालिका की ओर से सफाई, पेयजल एवं प्राथमिक चिकित्सा जैसी व्यवस्थाओं को भी चुस्त-दुरुस्त रखा गया। बिसवां स्थित पत्थर शिवाला, शहर के जंगलीनाथ मंदिर सहित अन्य प्रमुख शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। कई स्थानों पर भक्तों ने भजन-कीर्तन एवं हवन-पूजन के आयोजन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह भंडारे लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं शीतल जल वितरित किया गया। सावन के इस पहले सोमवार ने पूरे जिले को शिवमय कर दिया। वातावरण में घंटी और शंखनाद की ध्वनि, महादेव के जयघोष और भक्ति के स्वर देर रात तक गूंजते रहे। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में उत्साह एवं अपार श्रद्धा देखते ही बन रही थी।

## लेखपाल सुभाष मीणा की मौत के मामले में राजस्वकर्मी ने दिया धरना

पाटन उन्नाव। हापुड़ जनपद में लेखपाल सुभाष मीणा की मौत के मामले ने प्रदेश भर के राजस्व कर्मियों को झकझोर दिया है। घटना के विरोध में बीघापुर तहसील के लेखपालों ने उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के नेतृत्व में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। धरने में शामिल लेखपालों ने दावा किया कि मृतक सुभाष मीणा पर उच्चाधिकारियों द्वारा झूठी शिकायत के आधार पर मानसिक दबाव बनाया गया, जिससे तनाव में आकर उनकी मृत्यु हुई। संघ के पदाधिकारियों का आरोप था कि कुछ अधिकारी महज प्रचार पाने की मंशा से अपने अधीनस्थों को मीटिंग में सार्वजनिक रूप से अपमानित करते हैं, जिससे कर्मचारियों पर मानसिक बोझ बढ़ता जा रहा है। लेखपालों ने कहा कि विभागीय दबाव और अधिकारियों के असंवेदनशील रवैये के कारण राजस्व कर्मियों का मनोबल गिर रहा है। कई कर्मचारी मानसिक तनाव, चिंता और पारिवारिक असंतुलन का सामना कर रहे हैं, जो चिंताजनक है। संघ ने सरकार से मांग की कि सुभाष मीणा की मृत्यु की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, दोषियों पर कार्रवाई की जाए और परिवार को आर्थिक सहायता व मृतक आश्रित को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। इसके साथ ही कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हर माह निर्धारित संगठनात्मक बैठकें सुनिश्चित कराने और अधिकारियों को अधीनस्थों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार के निर्देश दिए जाने की मांग की गई। धरना प्रदर्शन में लेखपाल संघ बीघापुर के अध्यक्ष अविनाश सिंह, मंत्री गौरव मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश सिंह चौहान सहित दर्जनों पदाधिकारी और सदस्य शामिल रहे।

# कांवड़ यात्रियों के लिए सुरक्षा के विशेष इंतजाम

पाटन उन्नाव। श्रावण मास के पावन अवसर पर बीघापुर तहसील प्रशासन द्वारा कावड़ यात्रियों की सेवा और सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। क्षेत्र के प्रमुख मार्गोंकृ बाबूखेड़ा, धानीखेड़ा और सुमेरपुर में कैम्प स्थापित कर कांवड़ियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं अल्पाहार की व्यवस्था की गई है।

सुमेरपुर स्थित कैम्प पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कांवड़ियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजिया खातून, डॉ. प्रियम्बदा अग्निहोत्री के साथ एचजी एसीसी राम सेवक यादव, सफाईकर्मी विजय शंकर व सुंदर आदि सेवा कार्यों में जुटे हैं। कैम्प पर थके हुए कावड़ियों को ठहरने, जलपान एवं प्राथमिक उपचार की सुविधा दी जा रही है। अल्पाहार में फल, बिस्किट, पानी और नींबू पानी की व्यवस्था की गई है। वहीं, साफ-सफाई व स्वच्छता को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन को इस बार कावड़ियों की भारी भीड़ की उम्मीद थी, लेकिन अब तक अपेक्षित संख्या में कावड़िये नहीं पहुंचे हैं। फिर भी, अधिकारीगण चैबीसों घंटे तैनात रहकर आने वाले श्रद्धालुओं को हर सुविधा उपलब्ध कराने में जुटे हैं। तहसील प्रशासन का कहना है कि आगामी दिनों में कांवड़ यात्रियों की संख्या में इजाफा हो सकता है, ऐसे में व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत किया जाएगा। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन की इस तत्परता की सराहना की है।

# हादसों को दावत दे रही है जिला अस्पताल की क्षतिग्रस्त छत

उन्नाव। जिला अस्पताल के वार्ड, ओपीडी, और लेवर रुम जाने वाले रास्ते की क्षतिग्रस्त छत किसी बड़े हादसे को दावत दे रही है। जबकि जिला अस्पताल की टूटी छत रोजाना बच्चे, बूढ़े, जवान, अधिकारी, कर्मचारी उस टूटी गैलरी की छत के नीचे से आते-जाते हैं।

बीते कुछ महीने पहले ही गिरी हुई छत से बड़ा हादसा होने से बचा है। जिसकी जानकारी भी तत्कालीन सीएमएस डॉ रियाज अली मिर्जा को दी गई थी। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इन सब बातों को नजरंदाज करते रहते हैं। यहां तक जिला अस्पताल में सांसद, विधायक, जिलाअधिकारी तक आते रहते हैं। लेकिन उच्च अधिकारियों के लगातार आने के बावजूद जिला अस्पताल की हालत दयनीय बनी हुई है। जिला अस्पताल में



इस क्षतिग्रस्त छत के नीचे से रोजाना पुरुष विभाग के सीएमएस, महिला विभाग की सीएमएस और डिप्टी सीएमएस सुबह पूरे अस्पताल का निरीक्षण करते हैं लेकिन क्षतिग्रस्त छत पर किसी जिम्मेदार की नजर नहीं पड़ती है।

सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता ने बताया की जानकारी मिली है जल्द ही गैलरी की छत का प्लास्टर कराया जाएगा। महिला सीएमएस डॉ फौजिया अंजुम से जानकारी के लिए फोन मिलाया गया तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

# लायंस क्लब रेणुकूट का 55वां अधिष्ठापन समारोह संपन्न



सोनभद्र/ लायंस क्लब रेणुकूट का 55वां अधिष्ठापन समारोह नगर में अत्यंत भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। यह ऐतिहासिक आयोजन सामाजिक सेवा और लायनवाद के मूल्यों के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट आगंतुकों की गरिमामयी उपस्थिति इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब प्रांत से पधारे मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन PMJF इंजीनियर रविंद्र कुमार सागर की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। अधिष्ठापन अधिकारी के रूप में लायन वीरेंद्र गोयल जी (सिंगरौली) ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 1 लायन उदय चांदनी (इलाहाबाद), सेकंड वाइस गवर्नर लायन उमेश कक्कड़, पास्ट गवर्नर लायन जे.एन. श्रीवास्तव, एवं लायन निधि कुमार जी एवं क्लब के पैटर्न एमजी एफ लायन प्रभात चतुर्वेदी जी सहित कई वरिष्ठ लायन पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। साउथ जोन के विभिन्न क्लबों के लायन सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम की शुरूआत वेलकम स्पीच लायन मुकुल के द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं निवर्तमान सचिव द्वारा पिछले साल के कार्यक्रमों का पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया गया

इस समारोह में लायन रोबिन श्रीवास्तव को क्लब अध्यक्ष, एमजेएफ लायन बृजेश जायसवाल जी को सचिव, तथा लायन नवीन जोशी जी को कोषाध्यक्ष के पद पर शपथ दिलाई गई। साथ ही समस्त नई कार्यकारिणी को भी उनके पदों की शपथ दिलाई गई।

मुख्य अतिथि द्वारा लायनवाद एवं समाज सेवा पर प्रेरणादायक वक्तव्य। अतिथियों एवं विशिष्ट जनों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिह्न द्वारा सम्मान। लायन सदस्यों द्वारा किए गए समाजसेवी कार्यों की झलकियों का प्रस्तुतिकरण। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। मास्टर ऑफ सेरेमनी एमजेएफ लायन गोपाल सिंह द्वारा निभाया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन एमजेएफ लायन सुनील दुबे द्वारा दिया गया। अंत में क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष लायन रोबिन श्रीवास्तव जी एवं सचिव एमजेएफ लायन बृजेश जायसवाल जी ने सभी अतिथियों, लायन सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं पत्रकार बंधुओं को धन्यवाद देते हुए यह विश्वास दिलाया कि आने वाले सत्र में क्लब समाज सेवा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

## युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

सीतापुर। बिसवां इलााके में कांवड़ यात्रा पर गए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की तबीयत रास्ते में अचानक बिगड़ गई। जिसे साथी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन युवक की मौत पर सवाल उठा रहे हैं। जानकारी के अनुसार चंदन 18 पुत्र दुलारे निवासी मोहल्ला झज्जर अपने दोस्तों के साथ सोमवार भोर सुबह कांवड़ यात्रा पर गया था। वह चहलारी घाट स्थित नदी से जल लेकर लौट रहा था कि रास्ते में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। साथी युवकों ने आनन-फानन में उसे बिसवां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने बताया कि हॉस्पिटल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही बिसवां कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह नेचुरल डेथ प्रतीत हो रही है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# उत्पीड़नात्मक कार्रवाई के विरोध में उतरा लेखपाल संघ

जिला संवाददाता(vol)

सफीपुर, उन्नाव। तहसील लेखपाल संघ के पदाधिकारियो ने जनपद हापुड़ में जिला अधिकारी द्वारा अधीनस्थ के प्रति अपमानजनक एवं दमनात्मक व्यवहार एवं बिना जांच के ही झूठी शिकायत पर उत्पीड़नात्मक कारवाई के तनाव में लेखपाल सुभाष मीणा की मृत्यु हो जाने से कार्य बहिष्कार कर जमकर प्रदर्शन किया एवं राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

तहसील परिसर में आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र ने कहा कि बिना सुविधाओ दिए लेखपालो का उत्पीड़न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अब आर-पार की लड़ाई आवश्यक है। प्रदर्शन में पहुचे संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र का कहना था कि आम जनता के मध्य पब्लिसिटी पाने की इच्छा के कारण अधिकारियों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना समाधान दिवस ग्राम चैपाल के दौरान अधीनस्थ को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने एवं दंडित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है जिससे कर्मचारी तनाव के साथ नौकरी कर रहे हैं। नौकरी में बढ़ते



कार्य के दबाव के साथ ही अधिकारियों के व्यवहार के कारण जहां कर्मचारियों का स्वास्थ एवं पारिवारिक जीवन बिगड़ रहा है। इन्ही कारणों से हापुड़ जनपद के लेखपाल सुभाष की मृत्यु हो गई जिसे बरदाश्त नही किया जा सकता। प्रदर्शन के बाद संघ ने मुख्य मंत्री को संबोधित एस डी एम शिवेंद्र वर्मा को सौपे ज्ञापन में मांग की मृतक आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, मृतक आश्रित को योग्यता अनुसार सरकारी सेवा में नियुक्ति तत्काल की जाएं, जांच रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त कर दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए। समस्त अधिकारियों को अधीनस्थ के साथ मानवीय एवं सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश निर्गत किए जाएं। मुख्य सचिव महोदय द्वारा निर्गत शासनादेशो, जिनमे समस्त प्रांतीय, मण्डलीय, जनपदीय, तहसील स्तरीय अधिकारियों को प्रति माह कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक करे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष के अलावा तहसील अध्यक्ष आलोक बाजपेई, तहसील मंत्री दयाराम पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास वर्मा, श्रीप्रकाश, श्वेता कटियार, कृतिका, शिवकान्ती आदि लेखपाल मौजूद थे।

संक्षेप

## भर-भराकर गिरा कच्चा मकान

**ललितपुर।** लगातार हो रही बारिश के कारण शहर भर में आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस बारिश में कई स्थानों पर कच्चे मकान गिरने की भी सूचना प्राप्त हुयी है। ऐसा ही एक मामला नेहरू नगर से प्रकाश में आया है, जहां रहने वाले घनश्याम रैकवार पुत्र स्व.रामदीन ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में पीड़ित ने घर गिर जाने की बात कही। पीड़ित ने शिकायती पत्र में बताया कि वह नेहरू नगर के मुख्य बाजार की गली नं. 3 में निवासरत है। वह अपनी पत्नी, बच्चों, भाई कमल रैकवार के साथ निवास करता है। 8 जुलाई की रात करीब 1 बजे अत्याधिक बारिश होने के कारण उसका कच्चा घर भर-भराकर गिर गया, जिससे घर में रखी गृहस्थी का सामान सब कुछ मलवे में दब गया और उसे भारी नुकसान पहुंचा है। पीड़ित ने बताया कि वह काफी गरीब है और किसी प्रकार मेहनत-मजदूरी कर अपना व परिवार का भरण पोषण करता है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से सम्बन्धित अधिकारियों से सर्वे कराकर जांचोपरान्त उसे मुआवजा दिलाये जाने की मांग उठायी है।

## उर्वरक विक्रेता पर बिक्री की धनराशि निजी उपयोग में लेने का आरोप

**ललितपुर।** सरकारी समिति खाद विक्रेता पर अनियमित्ताएं बरतने का गंभीर आरोप लगाते हुये मोहल्ला आजादपुरा निवासी विनोद कुमार मिश्रा पुत्र महेश मिश्रा ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। डीएम को भेजे शिकायती पत्र में विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि उन्हें जानकारी हुयी है कि ललितपुर किसान सेवा सहकारी समिति के उर्वरक विक्रेता द्वारा किसान सेवा सहकारी उर्वरक की बिक्री की धनराशि को समिति के खाते में न जमा करते हुये अपने निजी उपयोग में ले रहे हैं, जिससे समिति को उर्वरक व्यवसाय में अधिक ब्याज देना होगा। उन्होंने मांग उठायी कि उक्त धनराशि को उर्वरक विक्रेता से ब्याज सहित समिति के खाते में जमा कराया जाये। पूरे मामले की जांच करायी जाकर दोषियों के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जाये। इसके अलावा समिति सदस्य किसानों के हिस्सा एवं अमानतों में भी हेर-फेर की जांच उच्च स्तरीय कराये जाने की मांग उठायी गयी है।

## चेकडैम में डूबने से बालक की मौत

बांदा। बदौसा थाना क्षेत्र के नांदनमऊ गांव में विक्रम पुत्र दिनेश सिंह यादव 12 अपने तीन दोस्तों के साथ रविवार की शाम लगभग 5 बजे गांव के बैदानाला चेक डैम नहाने गये। इसी दौरान पैर फिसलने से विक्रम डूब गया। मित्रों ने देखा तो दौड़कर विक्रम के घर जाकर परिजनों को बताया। आनन-फानन पहुंचे परिजनों ने चेकडैम में उतरकर बालक को ढूंढ कर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे लमेहटा चैकी इंचार्ज प्रमोद कुमार अपने वाहन से बालक को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिसंडा पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराया। विक्रम चार बहनों में इकलौता छोटा भाई था। हृदय विदारक घटना से पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है। मां मीरा व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## कचरा न फेंके और जल भराव न होने दें: जितेन्द्र

**ललितपुर।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में वार्ड नंबर 05 झांसीपुरा व वार्ड नंबर 13 घुसयाना में अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य नायकों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत दोनों वार्डों में फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया व सफाई कर्मचारियों की टीम को लगाकर वार्डों में साफ सफाई व नालों आदि की सफाई करते हुए किनारे पर लगी झाड़ियों आदि को काटते हुए साफ सफाई व्यवस्था की गई।इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी द्वारा कहा कि वार्डों में खाली पड़े प्लाटों की नियमित रूप से साफ सफाई करायें व वार्डों में खाली पड़े प्लाट जिनमें जल भराव व कूड़ा आदि डाल दिया जाता है ऐसे प्लाट मालिकों को सूचित करें कि वह अपने-अपने प्लाटों में कूड़ा आदि न डालने दे और न ही इनमें जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने दे, इसके बाद भी यदि खाली पड़े प्लाटों में कूड़े आदि पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध नोटिस जारी कर जुमार्ना वसूल की कार्यवाही करें। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी द्वारा बारिश के चलते सड़कों, नालियों एवं नालों आदि की साफ सफाई कराई गई, ।

# बारिश के चलते डीएम और एसपी ने क्षेत्र में किया भ्रमण

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** जनपद में लगातार हो रही वर्षा के दृष्टिगत आमजन की सुरक्षा और बाढ़ से बचाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के साथ तहसील तालबेहट अंतर्गत बार के तालाब एवं तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम चकौरा के तालाब का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम तहसील तालबेहट अन्तर्गत ग्राम बार के तालाब को देखा, जिसके सम्बंध में तालाब के फटने की न्यूज प्रकाशित हो रही थी, मौके पर पाया गया कि उक्त न्यूज गलत थी, तालाब एकदम सही स्थिति में है, किसी भी प्रकार की कोई क्षति मौके पर नहीं पायी गई। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी तालबेहट को निर्देशित किया कि प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों एवं मुनादी कराकर लोगों को जलस्त्रोतों से दूर रहने के लिए जागरुक किया जाए, साथ ही बाढ़ एव बज्रपात जैसी आपदाओं से बचने के उपाय भी बतायें जायें। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि तालाब के सम्बंध में कोई भी चिंताजनक स्थिति नहीं है।इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने तहसील महरौनी अंतर्गत बानपुर-चकौरा सम्पर्क मार्ग का निरीक्षण किया, मौके पर तालाब के पानी के बहाव से सम्पर्क मार्ग कट गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग को तत्काल कार्य प्रारंभ कर सम्पर्क मार्ग की मरम्मत कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी तालाबों में निर्धारित सीमा तक ही पानी का भराव रखा जाए और निरंतर भ्रमण कर इसकी निगरानी की जाए। उन्होंने राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी देते हुए प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर आवश्यक तैयारी एवं कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही जिला स्तर पर कण्ट्रोल रुम 9454416374 स्थापित किया गया है, जिस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी तालबेहट भूपेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी महरौनी मदनमोहन गुप्ता व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

● तालाबों की सतत निगरानी करेंगे उप जिलाधिकारी, निर्धारित क्षमता से अधिक नहीं भरे जायेंगे जलस्रोत

## डूबक्षेत्र के मकानों में भरा पानी, हुए जर्जर

**ललितपुर।** तहसील महरौनी के ग्राम भारौनी में रहने वाले जगरूपन, रामप्रकाश, जगदीश प्रसाद, रमाशंकर, चन्द्रप्रकाश, बद्रीप्रसाद, रमेश कुमार, दयाराम, संतोष कुमार ने एकजुट होकर जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा है। पत्र में पीड़ितों ने प्रशासन से पुर्नवास अनुदान राशि दिलाये जाने की गुहार लगायी है। पीड़ितों ने डीएम को भेजे पत्र में बताया कि अत्याधिक बारिश होने के कारण कचनौंदा बांध के भराव क्षेत्र में मौजूद उनके मकान में पानी भर गया है। इस सम्बन्ध में सिंचाई विभाग द्वारा लगातार शिकायत करने के बावजूद भी उचित कार्यवाही नहीं की गयी है। बताया कि उनके भवन जर्जर अवस्था में हैं और कभी भी गिर सकते हैं। यदि समय रहते यहां के लोगों को पुर्नवास अनुदान राशि उपलब्ध नहीं करायी गयी तो यहां के लोग आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे।

# दिव्यांग के घर पर बुलडोजर कार्रवाई का जबरदस्त विरोध



**बांदा।** सहकारी समिति के जर्जर भवन की आड़ में गरीब का आशियाना उजाड़े जाने के मामले पर बुल्डोजर कार्रवाई बबेरू तहसील प्रशासन के गले की फांस बनती जा रही है। मामला सहकारी समिति के जर्जर भवन की आड़ में गरीब ब्राम्हण परिवार का घर गिराने से लेकर प्रशासन की मनमानी तक आ पहुंचा है। इस मामले पर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी की पहल के बाद पीड़ित परिवार को संबल देने वालों में होड़ मच गयी है। बीते दिवस ब्राम्हण महासभा ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित की व्यथा सुनी। जबकि सोमवार को मंडल मुख्यालय के प्रबुद्ध समाजसेवियों का प्रतिनिधि मंडल बबेरू पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। भाजपा के पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल की अगुवाई में मंडल मुख्यालय के लगभग आधा सैकड़ा से अधिक प्रबुद्ध समाजसेवियों का समूह बबेरू पहुंचा और अनैतिक बुल्डोजर कार्रवाई से पीड़ित दिव्यांग राधे श्याम पाण्डेय और उनके परिजनों से मुलाकात की। बुल्डोजर कार्रवाई की भत्र्सना करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने को आर-पार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। पीड़ित राधेश्याम पाण्डेय ने कहा कि जिस जमीन को सहकारी समिति ने अपनी बताकर बुल्डोजर से ध्वस्त कराया है उस पर वह बीते 60 वर्षों से परिवार के साथ रह रहा है।

कहा कि इस मामले पर लंबित मुकदमा भी खारिज हो चुका है लेकिन सहकारी समिति और तहसील प्रशासन की हठ धर्मिता के चलते आधी रात को जेसीबी लगाकर घर धरासाई कर दिया गया और उनका ग्रहस्थी का सामान भी मलवे में दब गया। कार्रवाई से पहले उन्हे कोई नोटिस भी नही दी गयी। इस दौरान पूर्व सांसद ने इशारों-इशारों में आरोप लगाया कि इस कार्रवाई में भाजपा के ही नेता में आरोप लग रहे हैं। पीड़ित परिवार जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल को इस कार्रवाई का जिम्मेदार बता रहा है। सांसद ने बिना नाम लिए आरोपों की पुष्टि करते हुए कहा कि जब तक कुल्हाड़ी में लकड़ी का हत्था नही होगा तब तक लकड़ी को काटा नही जा सकता है। कहा कि भाजपा के ही नेता इस जमीन पर अवैध रूप से हिस्सा मांग रहे थे, न देने पर कार्रवाई कराई गयी। यह भी कहा कि पीड़ित का बेटा गोलू पाण्डेय भाजपा का पुराना कार्यकर्ता है उन्होने बुल्डोजर कार्रवाई की कड़ी निंदा की। प्रतिनिधि मंडल में समाजसेवी प्रमोद मिश्रा रजोल, राजभवनत्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

● पूर्व सांसद, विधायक, प्रबुद्धजनों ने दिया न्याय का भरोसा

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**नगीना, बिजनौर।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजयराय व वाराणसी के अन्य कांग्रेसजनों के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किये जाने के विरोध मे ब्लॉक कोतवाली व नगर नगीना व बढ़ापुर के पार्टी कार्यकताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नगीना के कार्यालय पहुंचकर प्रस्तुत किया और झूठा केस दर्ज कराने वालों के खिलाफ कार्रवाही की मांग की।

कांग्रेस पार्टी हाई कमान के निर्देश पर जनपद बिजनौर के ब्लॉक कोतवाली व तहसील नगीना के अंतर्गत बढ़ापुर नगर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को एसडीएम नगीना के कार्यालय पहुंचे और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति मे उनके कार्यालय प्रभारी को प्रस्तुत किया जिसमें कॉंग्रेसियो ने वाराणसी में आम नागरिको व कांवर यात्रियों की समस्याओ के निराकरण के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु शांतिपूर्ण पदयात्रा निकालने पर प्रदेश सरकार के इशारे पर कॉंग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजयराय व अन्य कॉंग्रेसजनों के विरुद्ध वाराणसी के थाना सिगरा में झूठा केस दर्ज किये जाने की निंदा करते हुए इसे दमनकारी कदम बताया और महामहिम राज्यपाल से इस मामले मे हस्तक्षेप कर कांग्रेसजनों के विरुद्ध दर्ज झूठे केस को रद्द कराने की मांग की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष मौ0 आरिफ खान एडवोकेट, नगर अध्यक्ष बढ़ापुर फरीद अहमद खान एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष मौ0 अंजार, प्रदीप ठाकुर, अभिषेक मिश्रा, हाजी अहसान, मौ0 इश्तियाक उर्फ बाबू भाई, अली हसन उस्मानी आदि मौजूद रहे।

# विकास कार्य तेजी से कराकर रैंकिंग में लाये सुधार: जिलाधिकारी



जिला संवाददाता

**बांदा।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड संबंधी कार्यों और कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की जिलाधिकारी ने समीक्षा की। उन्होने नेडा, उद्यान, ऊर्जा, कृषि में ए श्रेणी प्राप्त होने पर अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्य तेज गति से कराकर किसी तरह जिले की रैकिंग में सुधार लाएं। डीएम जे0 रीभा ने निर्माण कार्यों में समयबद्धता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश कार्यदायी संस्थाओं को दिए। उन्होने कहा कि कार्यों के भौतिक प्रगति के साथ वित्तीय प्रगति में भी समानता होनी चाहिए। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए बांदा-नरैनी-कालिंजर मार्ग में मरम्मत कार्य पूरा कराए जाने, बांदा-बबेरू मार्ग का निर्माण व परसौंडा व इतरा संपर्क मार्ग को शीघ्र पूरा कराए जाने के साथ ही विधि विज्ञान प्रयोगशाला एवं थाना कालिंजर के निर्माण को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

कृषि विश्व विद्यालय में टाइप-3 आवास कार्य और तिंदवारी में अग्निशमन केन्द्र के कार्य में प्रगति लाए जाने के सीएनडीएस को निर्देश दिए। उन्होने पुलों के निर्माण की समीक्षा में बांदा बाईपास व पैलानी गौरी मार्ग पर हो रहे पुलों के निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होने आवास विकास परिषद को राजकीय इंटर कालेज में निर्माण कार्य में गति लाने, विद्युत विभाग की समीक्षा में खैराडा के सब स्टेशन का निर्माण, बबेरू सब स्टेशन एवं लाइन डालने के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराए जाने के निर्देश अधिशाषी अभियंता विद्युत को दिए। बैठक में सीडीओ अजय कुमार पाण्डेय, एडीएम राजेश कुमार, डीडीओ रमाशंकर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का लगा तांता



**बांदा।** सावन के पहले सोमवार को सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु महादेव को जल व दूध अभिषेक कर बेल पत्र और फूलों से श्रृंगार कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। शिवलिंग पर बेल पत्र, चंदन, गंगाजल, गाय का कच्चा दूध, भांग, धतूरा चढ़ा रहे हैं। श्रावण मास का प्रथम सोमवार होने के नाते सुबह 4 बजे से ही शिवालयों में लोग पूजा-अर्चना करने पहुंचने लगे। सवेरे 6 बजे भक्तों की भारी भीड़ रही। शहर के प्राचीन बांबेश्वर पर्वत में विराजमान शिवलिंग की पूजा अर्चना करने को भारी तादाद में महिला और पुरूष श्रद्धालुओं को तांता लगा रहा। वैसे तो बामदेवेश्वर मंदिर में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है लेकिन सावन के महीने में अपार भीड़ रहती है। भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने महिला और पुरूष पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। पैलानी क्षेत्र के महाकालेश्वर मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ रही। इस मंदिर की विशेषता है कि यहां भगवान शिव का जलाभिषेक नही किया जाता बल्कि दुग्ध अभिषेक ही किया जाता है। जिले भर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ तड़के से ही पूजा-अर्चना के लिए पहुंची।

## बैंकों, एटीएम की जांच, संदिग्ध लोगों को कड़ी हिदायद

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने और बैंकों तथा आस-पास के क्षेत्रों में होने वाली लूट, छिनैती व टप्पेबाजी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सोमवार को विशेष बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थित एटीएम, बैंक व वित्तीय संस्थानों की पुलिस ने जांच की। इस दौरान एटीएम व बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों, सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म और अग्निशामक यंत्रों की जांच की तथा 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे चालू रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों से बात की और उन्हे पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिया। बैंक सुरक्षा गार्डों को निर्देश दिए कि बैंक आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा कराएं। जिससे लोगों को किसी तरह की आवागमन में असुविधा न हो। चेकिंग के दौरान बैंकों व एटीएम के आस-पास घूम रहे संदिग्ध लोगों और वाहनों की भी जांच की और उन्हे कड़ी हिदायद दी।

# पंचायत चुनाव को लेकर हिस्ट्रीशीटरों पर सतत निगरानी रखें: एसपी



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने थाना बानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया।इस दौरान थाना परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देशित कर मुकदमों से संबंधित मालों का विधिक निस्तारण एवं सही रख-रखाव,शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व हिस्टीशीटरों की सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महिला सम्बन्धी अपराधों को रोकने के लिये सूचना पर त्वरित रूप से संज्ञान लेकर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर उनका निस्तारण करें तथा उपरोक्त प्रकरण की सूचना पर उच्चाधिकारियों को देने हेतु निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक को महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियों स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन थाना क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें। निकट भविष्य में पंचायती चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अपराधियों पर आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही कर उन्हे ज्यादा से ज्याद धनराशि से पाबन्द कराने हेतु निर्देशित किया गया है। आगामी त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति- व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

● थाना बानपुर का डीएम-एसपी ने किया औचक निरीक्षण

## राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान का आयोजन 30 सितम्बर से

बिजनौर। सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रेय शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के तत्वाधान में एवं माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता दिनांक 30 सितम्बर, 2025 (90 दिवसीय) तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया जायेगा। जिसकी भव्य सफलता के लिए माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर संजय कुमार द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ एक बैठक आहूत की गयी। बैठक में जनपद न्यायाधीश ने सभी न्यायिक अधिकारीगण को निर्देशित दिए कि न्यायालयों में लम्बित ऐसे वाद जिनमें मध्यस्थता संभव हो सके, उनको अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर में संदर्भित करना सुनिश्चित करें। मध्यस्थता के माध्यम से वैवाहिक विवाद, दुर्घटना के दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, सम्पत्ति के बटवारे, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य उपयुक्त दीवाने मामले को चिन्हित कर उनका निस्तारण किया जाना है। उन्होंने बताया कि आम जनमानस उक्त अभियान का लाभ उठाकर संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने मामले को चिन्हित कर मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण करवा सकते है। उक्त बैठक में समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## वैष्णवी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी टॉप करने पर नगीना का नाम किया रोशन



**बिजनौर।** सर्राफा व्यापारी एंव समाजसेवी संजीव अग्राल की पुत्री ने नई दिल्ली के एक इंस्टिट्यूट से बीबीए में 85.61 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि से संस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता व इंस्टिट्यूट सहित नगीना का नाम रोशन किया। नगीना के सरार्फा व्यापारी एंव समाजसेवी संजीव अग्रवाल उर्फ विक्की की छोटी पुत्री वैष्णवी जो पहले गुनगुन अग्रवाल के नाम से जानी जाती थी। वैष्णवी गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से संबद्ध रुक्मिणी देवी इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज नई दिल्ली की बीबीए छात्रा है। वैष्णवी ने 4200 में से 3596 अंक प्राप्त कर 85.619 प्रतिशत के साथ संस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने 9.141 सीजीपीए और 91.4 प्रतिशत समतुल्य प्रतिशत के साथ अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि से कॉलेज व विश्वविद्यालय सहित अपने माता पिता, गुरुजनों व नगीना का नाम रोशन किया है। वैष्णवी की सफलता पर संजय अग्रवाल उर्फ मिन्टू, सोरभ अग्रवाल उर्फ सोनू, प्रेम कुमार शर्मा एडवोकेट, मनोज कुमार शर्मा कल्याणपुर वाले, अमित कुमार शर्मा, शानू चैधरी, मनीष राणा, पत्रकार मुकेश त्यागी, शहजाद अंसारी, गौतम अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, प्रियांश अग्रवाल, रितुंजय अग्रवाल, शिवी, आदि ने संजव अग्रावल को बधाई देते हुए वैष्णवी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मदरसा दारुल उलूम में हाजियों के इस्तकबाल मे विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**स्योहारा, बिजनौर।** हज से लौटे हाजियों के इस्तकबाल में फैजुल्लापुर स्थित मदरसा दारुल उलूम कासमिया में एक विशेष तकरीब का आयोजन किया गया। प्रोग्राम का उनवान ह्लफिक्र-ए-जिंदगीह्न रखा गया, जिसमें हज के बाद की जिंदगी को बेहतर, सादा और अल्लाह की रजा के मुताबिक कैसे जिया जाए, इस पर विस्तार से रोशनी डाली गई। फैजुल्लापुर स्थित मदरसा दारुल उलूम कासमिया में बीते दिन प्रोग्राम की सदारत अमरोहा से आए मेहमान-ए-खुसूसी मुफ्ती शाहिद ने की। उन्होंने अपने बयानों में हज की अहमियत और उसके बाद एक मुसलमान की जिम्मेदारियों पर जोर दिया। मुफ्ती शाहिद ने कहा कि हज सिर्फ एक इबादत नहीं, बल्कि जिंदगी को बदलने वाला पैगाम है। उन्होंने हाजियों से अपील की कि वे अपने समाज और खानदान में नेक आमाल, सौहार्द और ईमानदारी की मिसाल बनें। इस मौके पर मुफ्ती अली हसन ने सभी हाजियों का इस्तकबाल किया। कार्यक्रम का संचालन (निजामत) मुफ्ती आदिल ने किया। कारी नाजिर ने भी नसीहत भरा बयान पेश किया। कार्यक्रम में धामपुर, ताजपुर, रवाना, शेरकोट, स्योहारा, बगवाड़ा, सहसपुर, बुढेरन सहित कई इलाकों से बड़ी संख्या में हाजी और हज्जन मौजूद रहे। इस मौके पर कारी हनीफ, मुफ्ती दिलशाद, मुफ्ती उवैस, हाफिज हनीफ, कारी मुशाहिद, मौलाना अब्दुल रहमान, मौलाना शहाबुद्दीन, मौलाना अरशद, मुफ्ती फुजैल, मौलाना रिजवान, कारी यूसुफ आदि उलमा-ए-कराम सहित हाजी इल्यास, हाजी नईमुल हसन, फहीमउर्रहमान, इमरान अख़्तर उर्फ सनी, फैसल हिलाल, हाजी जमील अहम आदि उपस्थित रहे।

## प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाये खाद्य सुरक्षा विभाग



**ललितपुर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरूआत में सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय द्वारा विभागीय कार्यों को (वर्तमान वित्तीय वर्ष में) बताया गया। जिस पर एडीएम ने संतोष व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि प्रवर्तन कार्यवाही प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस बल के साथ किया जाये तथा मिलावट के स्रोत पर कार्यवाही की जाये। दूध के उत्पादन का आकलन कर मिलावट के स्थानों को चिन्हित कर प्रवर्तन कार्यवाही की जाये। एडीएम ने डीआईओएस व बीएसए के अलावा समाज कल्याण अधिकारी के सहयोग से सभी आवासीय विद्यालयों को ईट राइट स्कूल के अन्तर्गत प्रमाणीकरण कराने के निर्देश दिये। ईट राइट कैम्पस के अन्तर्गत प्रमाणीकरण कराने का निर्देश दिया गया। अधिकाधिक ढाबों एवं रेस्टोरेन्ट को हाइजीन रेटिंग के अन्तर्गत प्रमाणीकरण के निर्देश दिये। जिला पंचायत राज्य अधिकारी द्वारा सेव पर स्टीकर हटाने के लिये सुझाव दिया गया। एडीएम ने ईट राइट स्ट्रीट फूड हव एवं तुवन बिहार मंदिर को शीघ्र प्रमाणीकृत किये जाने का निर्देश दिया।

## पंचायत राज सेवा परिषद के पत्र में अंकित तथ्यों का डीपीओ ने किया खण्डन

**बहराइच ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा ने बताया कि विगत 12 जुलाई 2025 को बिभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के सम्बन्ध में पंचायत राज सेवा परिषद, बहराइच द्वारा जारी पत्र संख्या 01 दिनांक 12 जुलाई 2025 के सम्बन्ध में लिखित बयान जारी कर अवगत कराया है कि जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा बैठक में सूचना न लाने पर यह कहा गया था कि यदि सूचना नहीं लाये हैं तो बैठक से जाइये। इस प्रकार डीएम द्वारा बैठक में किसी प्रकार के आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग नहीं किया गया है।

# कुशल कामगारों की मांग

भारत सघन आबादी और जनसंख्या आधिक्य वाला देश है। हमारी जनसंख्या फिलहाल 144 करोड़ है और यह बढ़ भी रही है। भारत जनसंख्या नियंत्रण उपायों की शुरूआत तब शुरू की थी जब देश की आबादी साठ-पैंसठ करोड़ थी। आबादी नियंत्रण के लिए तरह-तरह की कसरत की गयी लेकिन यह बढ़ती ही गयी। आज भारत दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश है। अत्यधिक आबादी के कारण दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद प्रति व्यक्ति आय बहुत ही कम है। अधिक आबादी के कारण बेरोजगारी भी है। यह बेरोजगारी उत्तर भारत के सघन आबादी वाले क्षेत्रों में तो बहुत ही जटिल है। ऐसे में अगर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड जैसे प्रदेशों के युवाओं को बेहतर स्किल ट्रेनिंग देकर विशेषकर कुशल कामगार के रूप में विदेशों में मिल रहे अवसरों का लाभ उठाया जाये तो इससे एक साथ कई फायदे होंगे। मसलन अभी कुछ दिन पहले इजराइल ने भारत से एक लाख से अधिक कुशल श्रमिकों को अपने



देश बुलाया और इनको अपने यहां विभिन्न व्यवसायों में नियोजित किया। भारत के श्रमिकों को इजराइल में रहने के लिए आवास, करीब-करीब 1.3 लाख वेतन के साथ ही इजराइल ने अपने यहां के श्रमिकों की तरह ही भारतीय श्रमिकों को सुरक्षा और कानूनी हक देने की बात कही। इस तरह बेहतर शर्तों के साथ भारतीय कामगार विदेश जाते हैं तो उनको अच्छी सैलरी भी मिलती है, आवासीय और रोजगार की बेहतर प्रकृति और परिस्थितियां रहती हैं। इससे देश को एक साथ अनेक तरह के लाभ होते हैं। मसलन देश में बेरोजगारी की समस्या कम होगी, बेरोजगारी कम होने से यहां उद्यमों में श्रम की उपलब्धता कम होगी तो घरेलू स्तर पर भी कंपनियां बेहतर पारिश्रमिक और सेवा शर्तें ऑफर करेंगी। भारतीय श्रमिक विदेश जायेंगे तो वहां से पैसे भेजेंगे इससे भारत को रेमिटेंस के रूप में बड़ी आय होगी। इसके साथ ही जब हमारे श्रमिक दुनिया के दूसरे देशों में जायेंगे, बड़ी संख्या में वहां शादी करेंगे, वहीं बस जायेंगे और उस देश के नागरिक भी बनेंगे तो भारत की सभ्यता, संस्कृति और धर्म का भी विस्तार होगा। भारत से बड़े पैमाने पर लोग खाड़ी देशों जैसे सऊदी अरब और अन्य देशों में जाते हैं लेकिन यहां सर्वधर्म समभाव जैसी स्थितियां नहीं हैं। महजबी देश होने के कारण यहां सभी भारतीयों के लिए रहने लायक परिस्थितियां नहीं हैं। एक वर्ग विशेष के लोग ही यहां जाते हैं और उनको भी बहुत कठिनाई और बंद समाज में रहना पड़ता है। इसलिए भारत सरकार को रूस, जापान, पूर्वी एशिया के साथ ही यूरोप के देशों में कुशल कामगारों के लिए मौके तलाशने चाहिए। हाई स्किल्ड युवाओं के लिए हर जगह मौके हैं। लेकिन यूरोपीय देशों की जनसंख्या में युवा आबादी घटने के कारण कुशल कामगारों की भारी कमी है और भारत इस कमी को पूरा कर सकता है। युवाओं को आईटीआई, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा और इसी स्तर के औपचारिक प्रशिक्षण देकर उनको अंतर्राष्ट्रीय अवसरों के लिए तैयार कर सकता है। पिछले सालों में इजराइल ने भारत से एक लाख से अधिक कुशल कामगार बुलाये थे। अब रूस भारत से दस लाख कुशल कामगारों को अपने यहां बुलाने की सोच रहा है। रूस अत्यधिक संसाधनों वाला देश हैं, प्राकृतिक संसाधन और भूसंपदा बहुत विशाल है। ऐसे में यहां भारतीय जाते हैं तो इससे युवाओं की बड़ी संख्या न सिर्फ रोजी-रोजगार पायेगी बल्कि बेहतर कार्य परिस्थितियां और जीवन स्तर भी मिलेगा। इस संदर्भ में यह महत्वपूर्ण है कि रूस के भारी उद्योगों और सैन्य उत्पादन क्षेत्रों में मजदूरों की भारी कमी को देखते हुए, इस साल के अंत तक भारत से 10 लाख कुशल कामगारों को रूस अपने यहां आमंत्रित करेगा। यह जानकारी रूस के एक प्रमुख व्यापार संगठन ने दी है। रूस के उराल पर्वतीय क्षेत्रों में भारी उद्योग और रक्षा क्षेत्र की बड़ी फैक्ट्रियां मौजूद हैं। इन औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है, लेकिन कुशल श्रमिकों की भारी कमी सामने आ रही है। ऐसे में अगर यहां भारत से श्रमिक जाते हैं तो इससे भारत और रूस दोनों को बहुत ही फायदा होगा।

### विचार

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

# विकसित भारत के लिए खत्म करें 'एनर्जी गैप'



संजय श्रीवास्तव

सरकार एनर्जी गैप यानी विद्युत उत्पादन और आपूर्ति के बीच के अंतर को पाटने के लिए प्रयासरत है। उसकी कोशिशों के बेहतर परिणाम बताते हैं कि काम कठिन अवश्य है पर उसका समयबद्ध कार्यक्रम सफल होगा, तब देश का कोई कोना अंधेरे में नहीं रहेगा बल्कि राष्ट्रीय विकास यात्रा का सहयात्री बनेगा।

सरकार के विद्युत उत्पादन वृद्धि के गंभीर प्रयास सार्थक, सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं यह बतौर आंकड़े सबके सामने हैं। लेकिन हालिया रिपोर्ट कहती है कि इसके बावजूद देश में अभी भी 'एनर्जी गैप' मौजूद है, जो कि शोचनीय है। विभिन्न दलों ने कई बार चुनावी दावे किए कि हम सत्तासीन हुए तो देश का कोई कोना अंधेरे में नहीं रहेगा या सरकारों ने कहा, हमने गांव, गांव तक बिजली पहुंचा दी है, लेकिन भारत में एनर्जी गैप यानी ऊर्जा अंतर या कहें ऊर्जा की मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर आज भी एक महत्वपूर्ण चुनौती है। हमारी तीव्रगामी अर्थव्यवस्था, शहरीकरण, बाजार तथा व्यक्तिगत उपभोग में बिजली की बढ़ती खपत के कारण देश में विद्युत ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ रही है। बीते दो वर्षों में इसमें तकरीबन 50 गीगावाट की बढ़त हुई है। यह कटु सत्य है कि देश के बहुत से क्षेत्रों में ऊर्जा आपूर्ति सीमित, अस्थिर या शून्य है। सामान्यतः ऐसी स्थिति में समझा जाता है कि सुदूर, दुर्गम अथवा विरल जन क्षेत्रों में ऐसा है भी, तो क्या ही फर्क पड़ता है। विकास की तीव्र गति अगले पांच साल के भीतर देश के हर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर देगी।

देश का कोई भी हिस्सा यदि ऊर्जा अंतर का शिकार है तो वह देश की एक कमजोर कड़ी है। कहावत है कि कोई जंजीर उतनी ही मजबूत होती है, जितनी उसकी एक कमजोर कड़ी। ऊर्जा अंतर का शिकार इलाका छोटा हो या बड़ा, महत्वपूर्ण हो या गौण, वस्तुतः वह सामाजिक, आर्थिक विषमताओं का शिकार है और देश की प्रगति में अपना आपेक्षिक योगदान नहीं दे पा रहा, यह बात बहुत महत्वपूर्ण है। कुछ बरसों बाद देश में बिजली आपूर्ति सर्वव्यापी होगी, यह आशावादिता स्वागतयोग्य है। सरकार की कोशिशों को देखकर अनुमान सत्य हो सकता है, पर असलीयत यह है कि अभी तक ऐसा हो नहीं पाया है। जब तक पर्याप्त विद्युत उत्पादन नहीं होगा, व्यापक अवसंरचना विकसित नहीं होगी, तब तक आपूर्ति के बारे में सुनिश्चित कैसे हुआ जा सकता है। यह एनर्जी गैप भविष्य में कई क्षेत्रों पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा। यह स्थिति ऊर्जा की कीमतों, उपलब्धता और स्थिरता पर तो असर डालेगी ही, इसके कई परोक्ष प्रभाव भी हैं, यथा औद्योगिक



उत्पादन में बाधा, जो रोजगार और सकल घरेलू उत्पाद पर असर डालेगी। सिंचाई और कोल्ड स्टोरेज जैसी सुविधाएं प्रभावित होने से खाद्य सुरक्षा संकट में पड़ेगी। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में विकास की गति और धीमी हो जाएगी। डिजिटल शिक्षा और स्मार्ट क्लासरूम जैसी योजनाएं मंथर गति से चलेंगी तो यह ह्लऊर्जा अंतरह्व स्मार्ट ग्रिड, इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्ट और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को धीमा कर देगा। बेशक हमें समझना होगा कि तमाम कोशिशों के बाद भी एनर्जी गैप क्यों है? विद्युत उत्पादन तथा आपूर्ति के इस अंतर को दूर करने के लिये सरकार अपनी ऊर्जा रणनीति को किस तरह से लागू करे, उसे इस दिशा में चल रहे कार्यक्रमों के अलावा और क्या करना होगा। निजी उपक्रम कौन कौन से टूल्स, टेक्नीक अपना सकते हैं?

### विमर्श

ऊर्जा आपूर्ति के विकेंद्रीकरण का सुझाव कितना फायदेमंद रहेगा। आंकड़े और तकनीक मिलकर कौन सी प्रविधि विकसित करें, जो यह बताये कि किसे किस समय कितनी बिजली की अहम आवश्यकता है? वैकल्पिक ऊर्जा का क्या इंतजाम हो? पीएम सौर ऊर्जा अथवा ऐसी योजनाएं कैसे लागू करें कि शीघ्र असर दिखाएं? इन सब पर समेकित विचार आवश्यक है। इसके लिए यह जानना जरूरी है कि देश किस स्रोत से कितनी बिजली और बनाए कि वह अपनी बढ़ती जरूरतों के अलावा पर्यावरण का मिलेनियम गोल भी पूरा कर सके? देश के कितने इलाके या क्षेत्रफल अभी भी बिजली की नियमित आपूर्ति से छूटे हुए या वहां विद्युत आपूर्ति सीमित अथवा शून्य है? ग्रामीण इलाकों तक बिजली पहुंचाने का खर्च कैसे कम हो? ऊर्जा अंतर के खात्मे हेतु हमारे पास दृढ़ इच्छाशक्ति, सटीक शुद्ध आंकड़े, सुस्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कार्य नीति तथा सक्षम टूल्स और टेक्नीक के साथ सक्रिय क्रियान्वयन आवश्यक है। इन सबकी उपस्थिति में मिलेनियम गोल से पहले यह लक्ष्य पाया जा सकता है। इन सबके लिये व्यवस्था को यह स्वीकारना होगा कि हम देश के सभी इलाकों में बिजली नहीं पहुंच पाये हैं। इसके संबंध में किए जाने वाले सरकारी दावे सियासी जुमले हैं। देश वास्तव में एनर्जी गैप से मुक्त नहीं है। बात आती है वास्तविक आंकड़ों की, जिनके आधार पर संबंधित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन होगा तथा सफलता और प्रगति आंकी जाएगी। ऊर्जा कुशलता का मूल्यांकन बहुत हद तक इन आंकड़ों की गुणवत्ता पर ही निर्भर करता है।

भारत में इससे संबंधित आंकड़े हासिल करने के लिए कई स्रोत हैं। केंद्रीय बिजली प्राधिकरण, केंद्रीय बिजली नियामक आयोग, ग्रिड इंडिया, ऊर्जा, कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के मंत्रालय से भी विद्युत उत्पादन के आंकड़े मिलते हैं। रिन्यूएबल एनर्जी और संबंधित विभाग के इंटरएक्टिव डैशबोर्ड, भारत सरकार का सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की एनर्जी स्टैटिस्टिक्स इंडिया वार्षिकी, ऊर्जा से जुड़े मंत्रालयों और संस्थानों, नीति आयोग जैसे इसके तमाम स्रोत मौजूद हैं। अलग अलग स्रोत एक ही विषय में भिन्न आंकड़े देते हैं। प्राथमिक ऊर्जा की खपत और उत्पादन के इन आंकड़ों के बीच विशाल अंतर की अनदेखी नहीं की जा सकती है। घरेलू आंकड़ों और अंतर्राष्ट्रीय स्रोतों से मिलने वाले आंकड़ों में इतना फर्क है कि वे देश में ऊर्जा से जुड़े बदलाव की बात को तकार्तीत बना देते हैं।

हालांकि ऊर्जा की मांग और आपूर्ति से जुड़ें आंकड़ों के स्रोतों का विस्तार सकारात्मक है फिर भी इनको इकट्ठा और इनका मिलान करके, सुबोध तरीके से प्रस्तुत करने के लिए किसी केंद्रीय एजेंसी का न होना, दुर्दमनीय चुनौती बना हुआ है। इसका समाधान निकाला जाना चाहिये। सुनिश्चित आंकड़े यह काम आसान करेंगे। फिलहाल आंकड़े कहते हैं कि हमने विद्युत उत्पादन और आपूर्ति अथवा खपत के अंतर को काफी हद तक पाटा है। लेकिन आंकलन है कि 2027 तक भारत को शाम के समय 40 गीगावाट तक बिजली की कमी का सामना करना पड़ेगा। बिजली की मांग 2047 तक चार गुणा बढ़ सकती है। असल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कूलिंग और ट्रांसपोर्ट में बिजली की खपत बढ़ रही है। ह्यरिन्यूएबल्स 2025 की ग्लोबल स्टेटस रिपोर्टह्न बताती है जिस गति से हम अक्षय ऊर्जा बनाने की ओर बढ़ रहे हैं, उस चाल से 2030 तक अक्षय ऊर्जा के निर्माण लक्ष्य में हम 6 टेरावाट से अधिक पीछे रहेंगे, यह कमी उतनी है, जितनी कि हमने आज तक कुल अक्षय ऊर्जा उत्पादित की है। ऐसे में मांग और पूर्ति के बीच बढ़ती खाई को भरने के लिए तत्काल नीतिगत कार्रवाई की आवश्यकता है। सौर ऊर्जा के साथ स्टोरेज क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान देना सबसे अच्छा विकल्प है। सौर ऊर्जा संयंत्रों को नए थर्मल और हाइड्रो प्लांट्स की तुलना में कहीं तेजी से स्थापित किया जा सकता है। ऊर्जा दक्षता में सुधार भी इसमें सहायक होगा। राष्ट्रीय विद्युत योजना 2022 से 32 के तहत ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए 2032 तक कुल 33 लाख करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी देने पर यह अंतर भरने में मददगार होगी। पीएम कुसुम, सूर्यघर, पैट उजाला जैसी योजनाएं भी इस लक्ष्य को पाने में सहायक साबित होंगी। एक करोड़ मकानों पर 'सोलर रूफटॉप' स्थापित करने, उत्पन्न अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में ले जाने की योजना बेहतर है। भारत में ऊर्जा अंतर एक जटिल चुनौती है, लेकिन इससे निबटने के लिए सरकार के कार्यक्रम सही दिशा में हैं।

### सोशल मीडिया

हिन्दुओं की आस्था को व्यापार बताने का दुस्-साहस करने वाले सपा बहादुर अखिलेश यादव ने सही मायने में मुस्लिम, मस्जिद और मदरसों को अपने वोट का बाजार बना रखा है। केशव प्रसाद मौर्य.



राजस्थान डूंगरपुर की सीमा भगतजी ने बताया कि कैसे उनकी महिला सहकारी समिति ने छोटी बचत के माध्यम से ढाई करोड़ फंड बनाया है। इससे महिलाओं को कर्ज मिल रहा है। अमित शाह.



चुनाव आयोग सूत्रों के हवाले खबर प्लांट करवा रहा ताकि इसकी आड़ में खेला कर सके, ये वही सूत्र हैं जो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कराची लाहौर पर कब्जा करा चुके हैं। तेजस्वी यादव.



# महिलाओं का पराक्रम

इतिहास महिलाओं के पराक्रम से भरा हुआ है। भारत की धरती पर ऐसी नारियों ने जन्म लिया है जिन्होंने पूरे नारी समाज का गौरव बढ़ाया है। समय-समय पर धरती पर ऐसी नारियों ने जन्म लिया है जिन्होंने न सिर्फ नारी धर्म का आदर्श कायम किया है बल्कि उन्होंने पूरे समाज को दिशा दी है। ऐसी विदुषी, त्यागी और धर्मपरायण नारियों का आज भी दुनिया में गौरवगान होता है। भगवान श्रीकृष्ण की अर्धांगिनी सत्यभामा ने द्रोपदी से प्रश्न किया- हे द्रौपदी! कैसे तुम अति बलशाली पाण्डु पुत्रों पर शासन करती हो? वे कैसे तुम्हारे आज्ञाकारी हैं तथा तुमसे कभी कुपित नहीं होते? तुम्हारी इच्छाओं के पालन हेतु सदैव प्रस्तुत रहते हैं। मुझे इसका कारण बतलाओ। द्रौपदी ने उत्तर दिया- हे सत्यभामा! पाण्डु पुत्रों के प्रति मेरे व्यवहार को सुनो- मैं अपनी इच्छा, वासना तथा अहंकार को वश में कर अति श्रद्धा एवं भक्ति से उनकी सेवा करती हूं। मैं किसी अहंकार-भावना से उनके साथ व्यावहार नहीं करती। मैं बुरा और असत्य भाषण नहीं करती। मेरा हृदय कभी किसी सुंदर युवक, धनवान या आकर्षण पर मोहित नहीं होता। मैं कभी नहीं स्नान करती, खाती अथवा सोती जब तक कि पति नहीं स्नान कर लेते, खा लेते अथवा सो जाते एवं तब तक जब तक कि हमारे समस्त सेवक तथा अनुगामी नहीं स्नान कर लेते, खा लेते या सो जाते। जब कभी भी मेरे पति क्षेत्र से, वन से या नगर से लौटते हैं, तो मैं उसी समय उठ जाती हूं। उनका स्वागत करती हूं तथा उनको जलपान कराती हूं। मैं घर के सामान तथा भोजन को सदैव स्वच्छ एवं क्रम में रखती हूं। सावधानी से भोजन बनाती तथा ठीक से परोसती हूं।

### अंतर्दृष्टि

मैं कभी भी कठोर शब्द नहीं बोलती। कभी भी अनुलाओं का अनुसरण नहीं करती। मैं वहीं करती हूं जो उनको रुचिकर तथा सुखकर लगता है। कभी भी आलस्य तथा सुस्ती नहीं दिखाती। बिना विनोदावसर के नहीं हंसती। मैं द्वार पर बैठ कर व्यर्थ समय नष्ट नहीं करती। मैं क्रीड़ा-उद्यान में व्यर्थ नहीं ठहरती, जबकि मुझे अन्य काम करने होते हैं। जोर-जोर से हंसना, भावुकता तथा अन्य इसी प्रकार अप्रिय लगने वाली वस्तुओं से अपने को बचाती एवं सदैव पति-सेवा में रत रहती हूं। पति-बिछोह मुझे कभी नहीं सुहाता। जब कभी मेरे पति मुझे छोड़कर बाहर जाते हैं तो मैं सुगन्धित पुष्पों तथा अंगराग का प्रयोग न कर जीवन कठोर तपस्या में बिताती हूं। मेरी रुचि अरुचि, मेरे पति की रुचि-अरुचि ही है और उन्हीं की आवश्यकतानुसार अपना समायोग करती हूं। मैं प्राण-प्रण से अपने पति की भलाई चाहती हूं। मेरे पति मेरे मार्गदर्शक हैं। मैं कभी भी अपनी सास की बुराई नहीं करती। मैं कभी भी सोने, खाने अथवा अलंकरण में अपने पति की इच्छा के प्रतिकूल नहीं जाती। इसलिए मेरे पति की हमेशा हमारे ऊपर प्रसन्नता बनी रहती है।

# अरे वाह! क्या खबर फेंका है

### व्यंग्यलोक

टीआरपी की कसरत जारी है। खटाखट खबरें फेंकने का कार्यक्रम जारी है। खबरीलाल पुलिस कोर्ट कचहरी से लेकर स्वयं विधाता बना हुआ है। कल सबको खा जाऊंगा (केएसकेजे) न्यूज चैनल में सेठ जी खबरें चेप रहे हैं। चैनल चेयरमैन चंद्रप्रकाश चक्रम चौवन के पार छलांग लगा रहे हैं। सिर्फ बिजनेस मैन हैं। शुद्ध खांटी बिजनेसमैन! दारू के ठेके। जूतों के कारखाने। कई स्कूलों के मालिक और ना जाने कौन-कौन से बिजनेस! कभी ईडी-इनकम टैक्स, कभी सीबीआई, कभी पुलिस आदि के पूजा पाठ से परेशान होकर उन्होंने न्यूज चैनल के बिजनेस में अपनी टांग फंसा दी। खटाक टुडे- 'असली खबर है सिर्फ यहीं!' खबरों में खबर हो, खटाक खबरवा! अरे वाह वाह खबर वाह! उस दिन कोरोना महामारी पर वैश्विक चर्चा हो रही थी। इसी समय न्यूज चैनल 'खटाक टुडे' नागिन- 4 पर कोई प्रायोजित कार्यक्रम चला रहा था। कोई चैनल वीर क्रिकेट वर्ल्ड कप का रिकॉर्डेड प्रोग्राम दिखाने लगा और किसी ने बॉलीवुडीय फिल्मों के हीरो की प्रेम कथा पर वैश्विक मीटिंग प्रसारित करना ज्यादा अच्छा समझा। यह मीटिंग देश की सबसे संवेदनशील परिचर्चा है। ऐसी संवेदनशील प्रक्रिया में हर कोई न्यूज चैनल अपना माथा नहीं लगाता है। उसकी तुलना क्रिकेट, बरसात, राशिफल शो, अंक शास्त्र या उत्पादों की बिक्री दिखाने से करने का रिवाज है, ताकि चैनल अपना बिजनेस पीट सके। शिक्षा-स्वास्थ्य संबंधी खबरें प्रसारित करना निहायत पपलू टाइप की बातें है। चैनल 'खटाक टुडे' में तो ऐसी वाहियात खबरों को कोई जगह नहीं दी जाती है। सब अच्छे बुरे काम न्यूज चैनल के सहारे धड़ल्ले से होने लगे। बाकायदा लोग उन्हें बुद्धिजीवी मानने लगे। उनसे मौके-बेमोके फीता भी कटवाने लग गए। चैनल चेयरमैन ने मीटिंग में साफ कह दिया। रोकड़ा खींचने का कंप्लीट प्लान करना चाहिए। चैनल हेड हरिश्चंद्र को साफ बता दिया। तुम्हें कम से कम पांच मुख्यमंत्रियों को अपने कब्जे में रखना है। उनकी पार्टी, उनके अच्छे-बुरे सभी कामों आदि का उनके कहे अनुसार बुलेटिन प्रसारित करते रहना है। पचास शीर्ष अधिकारियों को अपनी मुट्ठी में रखना है। इन्हीं के मनमाफिक न्यूजें फेंकनी है। बदले में केस-काइंड, प्लॉट-जमीन, खान-पट्टा जो भी मिले उसे दोनों हाथों से झपटना है। किसी भी पार्टी के एजेंडे को ब्रॉडकास्ट करने में कोई हर्ज नहीं है। बस रोकड़ा चाहिए! टीआरपी की कसरत बाजी के लिए भूत, प्रेत, हत्या, सनसनी, बलात्कार जैसी घटनाओं को रीक्रिएट करके चलाते रहें। इसके लिए ऑफिस में सनसनी फैलाने वाला स्पेशल स्टूडियो भी बना दिया गया है। पुराना जमाना अब लद गया है।



रामविलास जॉगिड़

# भारत की पहचान विविधता में एकता और सामंजस्य है



### समाज

**ब्रजेश कुमार मिश्र**

विविधता में एकता और विभिन्न विरोधी मतों में समन्वय और सामंजस्य ही भारत की पहचान है। यहाँ ईश्वर को मानने वाला (जैसे -न्याय, वैशेषिक, वेदांत आदि) भी हिन्दू है और जो ईश्वर को नहीं मानता (जैसे-सांख्य, मीमांसा आदि) वह भी हिन्दू है। जो विशुद्ध अनात्मवाद और भोगवाद को मानता है (जैसे-चार्वाक) वह भी हिन्दू है और जो विशुद्ध आत्मवाद और अध्यात्मवाद को मानता है (जैसे- उपनिषद्) वह भी हिन्दू है।

यहाँ जो ईश्वर को सगुण मानता है (जैसे- रामानुज) वह भी हिन्दू है और जो ईश्वर को निर्गुण मानता है (जैसे- शंकर) वह भी हिन्दू है। भारत में जो एकेश्वरवादी है वह भी हिन्दू है और जो बहुदेववादी है वह भी हिन्दू है। यहाँ शैव मतावलम्बी हैं तो वैष्णव भी हैं, शाक्त हैं तो तांत्रिक भी हैं। यहाँ हिन्दू धर्म के प्रति आलोचनात्मक दृष्टि रखने वाले (जैसे - कबीरदास) भी हिन्दू हैं और हिन्दू धर्म का गुणगान करने वाले (जैसे- तुलसीदास) भी हिन्दू हैं। यहाँ युद्ध की बात करने वाला भी हिन्दू है और अहिंसा की बात करने वाला भी हिन्दू है। यहाँ ज्ञान, भक्ति और कर्म तीनों में अद्भुत समन्वय किया गया है। यहाँ वर्णाश्रम व्यवस्था का समर्थन करने वाला भी हिन्दू है और उसका विरोध करने वाला भी हिन्दू है। हिन्दू किसी एक किताब और भगवान से जुड़ा हुआ धर्म नहीं है बल्कि यहाँ लाखों किताबें और लाखों देवता है। इन लाखों किताबों और देवताओं को मानने वाला भी हिन्दू है और इनका खंडन करने वाला भी हिन्दू है। हिन्दू एक समग्र जीवन दृष्टि है जो व्यष्टि और समष्टि तथा सान्त और अनन्त में एक ही परमात्मा का वास मानता है।

हिन्दू धर्म की यह अवधारणा उसे उस मानव समानता की ओर ले जाती है जहाँ प्रत्येक व्यक्ति जन्मना समान है और वह केवल अपने गुणों और कर्मों के कारण ही पूज्यनीय या निंदनीय होता है। कोई भी व्यक्ति उपरोक्त मार्गों में से कोई भी मार्ग चुनकर भी हिन्दू रह सकता है। इसीलिए समकालीन सभ्यताओं जैसे - मेसोपोटामिया, परशियन, चीन, ग्रीक, बेबीलोनिया के नष्ट होने के बाद भी यह संस्कृति न केवल भारत में फल फूल रही है बल्कि विदेशों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है। हिन्दू धर्म की इस विविधता और वैविध्यपूर्ण भाव को जैन दर्शन में अनेकान्तवाद कहा गया है।

''अनेकान्तवाद'' का सिद्धांत जैन धर्म का विश्व समाज को एक अनुपम देन है। इस सिद्धांत का अनुसरण करके ही विश्व शान्ति और धार्मिक सहिष्णुता स्थापित की जा सकती है। अनेकान्तवाद के अनुसार किसी भी वस्तु के अनन्त धर्म और गुण होते है -''अनन्तधर्मकं वस्तु''। सांसारिक मनुष्य वस्तुओं के कुछ गुणों और धर्मों को ही जानता है और उसी को सही मानकर आपस में लड़ता और झगड़ता रहता है। 'केवल ज्ञान' ही पूर्ण ज्ञान है जो सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र तथा अन्य कई प्रक्रियाओं के कठोर पालन करने के उपरांत प्राप्त होता है। जैनियों के अनुसार यह कैवल्य की स्थिति है जिसमें व्यक्ति को किसी वस्तु के सम्बन्ध में समग्र ज्ञान प्राप्त हो जाता है जिसे मोक्ष कहा जाता है। यह स्थिति आने के पहले व्यक्ति को किसी वस्तु का वर्णन करने के लिए 'स्यात् (शायद)' शब्द का प्रयोग करना चाहिए जैसे - शायद यह वस्तु लम्बी है, शायद यह वस्तु पतली है, आदि।

इसी को जैन धर्म में स्यादवाद कहा जाता है। अनेकान्तवाद से स्यादवाद का सिद्धांत स्वतः अनुस्यूत होता है। जैन धर्म में इसे और स्पष्ट करने के लिए हाथी और अंधे व्यक्ति का उदाहरण दिया जाता है। जिस अंधे व्यक्ति ने हाथी का सूंड पकड़ा उसने कहा हाथी नुकीला है, जिसने पैर पकड़ा उसने कहा हाथी लम्बा है, जिसने पेट पकड़ा उसने कहा हाथी मोटा है और अपनी बात सही मनवाने के लिए ये सब आपस में लड़ते रहते है जबकि पूरी हाथी किसी ने नहीं देखी। यही स्थिति आज के समाज की है। **(लेखक आईपीएस अधिकारी हैं)**

## आप की बात

### देश की युवाशक्ति

देश की युवा शक्ति का सदुपयोग करने के लिए यह जरूरी है कि सरकार अधिक से अधिक रोजगार के मौके बढ़ाये ताकि युवा अपनी क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में कर सकें। एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए।

रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये।

**वीरेंद्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### समावेशी विकास की जरूरत

देश की युवा रत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। अगर अच्छी शिक्षा लोगों को मिलेगी तो लोग अपने आप आगे निकल जायेंगे और बहुत सारी कमियां पीछे छूट जायेंगी।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

संक्षेप

## खाद की कमी को लेकर जिला कृषि अधिकारी से की वार्ता

अयोध्या। सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के यहां खाद की कमी और खाद पर लघड़र लगाने की शिकायतों को लेकर राष्ट्रीय लोकदल (रल्व) अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चैधरी रामसिंह पटेल ने आज जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों के बीच विन्दुवार वार्ता हुई, जिसमें खाद की उपलब्धता को लेकर चर्चा की गई। जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा ने 24 घंटे के अंदर सोहावल क्षेत्र सहित पूरे जिले में सभी दुकानों पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि खाद को बीना लघड़र वितरित करने के लिए तुरंत कदम उठाए जाएंगे और इस संबंध में कई रिटेलरों से वार्ता करके किसानों को खाद देने का निर्देश दिया गया है। इस कदम से किसानों को खाद की समस्या हल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय लोकदल द्वारा की गई इस पहल से इलाके के कृषकों में राहत की उम्मीद जागी है।

# सावन के पहले सोमवार को शिवमय हुई रामनगरी

अयोध्या। भगवान शिव का पवित्र महीना सावन शुरू होते ही रामनगरी अयोध्या भक्ति के रंग में रंगी नजर आई। सावन के पहले सोमवार को नागेश्वर नाथ मंदिर सहित अयोध्या के सभी शिवालयों में शिव भक्त उमड़े। मां सरयू में स्नान कर श्रद्धालु कतारबद्ध होकर भगवान शंकर के शिवलिंग पर जलाभिषेक करने पहुंचे। ह्लबम बम भोलेह्व और ह्लहर-हर महादेवह्व के जयकारों से रामनगरी शिवमय हो उठी।



- मंदिरों में भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर की गई हैं विशेष व्यवस्था
- कांवड़ियों के आवागमन के बीच रामनगरी रही शिवमय

इस दौरान योगी सरकार ने भक्तों और कांवड़ियों की सुविधा-सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की थीं, जिसकी हर तरफ सराहना हो रही है। वहीं भक्तों ने जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक करने के बाद हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में भी दर्शन पूजन किया।

अयोध्या के सिद्धपीठ नागेश्वर नाथ मंदिर (मान्यता है कि भगवान राम के पुत्र कुश द्वारा इसे स्थापित किया गया) में सुबह चार बजे से ही दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। लाखों शिव भक्तों ने मां सरयू में स्नान कर मंदिर में जलाभिषेक किया। कांवड़ियों ने भी सरयू नदी से जल भरकर भगवान शिव को अर्पित किया, यह सावन की परंपरा का विशेष हिस्सा है। मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया था। यहां विशेष रुद्राभिषेक व भजन-कीर्तन की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा क्षीरेश्वर नाथ समेत अन्य शिवालयों में भी देर रात तक दर्शन-पूजन का दौर चलता रहा। नागेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन के लिए आईं श्रद्धालु रिया ने कहा कि प्रशासन की व्यवस्था बहुत अच्छी है। छोटी-छोटी टुकड़ियों में हमें दर्शन के लिए भेजा जा रहा है, जिससे कोई अव्यवस्था नहीं हो रही।ह्ल अन्य भक्तों ने भी योगी सरकार की तैयारियों की सराहना की और कहा कि अयोध्या में बदलाव साफ दिख रहा है। राम मंदिर के भव्य निर्माण के बाद पहली बार सावन में अयोध्या आए कई श्रद्धालु बदली हुई रामनगरी को देखकर अभिभूत थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा के सुचारु संचालन के लिए निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निदेर्शों के अनुरूप नगर निगम पब्लिक एड्रेस सिस्टम से सूचनाओं का प्रचार-प्रसार करा रहा है। अयोध्या में हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने और महिला कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के भी पुख्ता इंतजाम चल रहे हैं।भगवान शिव के दर्शन पूजन व सावन का उल्लास जिले भर में छाया रहा। अयोध्या में मुख्य रूप से नागेश्वर नाथ और क्षीरेश्वर नाथ मंदिर में दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु पहुंचे तो वहीं कोटेश्वर नाथ, दर्शनेश्वर नाथ, कुबेरेश्वर नाथ, चंद्रा हरि मंदिर, अमानीगंज में स्थित सिद्धनाथ मंदिर, मऊ शिवाला में स्थित शिव मंदिर, गुप्तार घाट स्थित अनादि पंचमुखी महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों पर देर रात तक हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे।सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या में सावन मेले के साथ ही कांवड़ यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन ने भक्तों की सुविधा के लिए चिकित्सा, पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की है। जगह-जगह पेयजल, शौचालय और छायादार स्थानों की व्यवस्था की गई है। नगर निगम और जिला प्रशासन ने शहर की साफ-सफाई के लिए दो हजार से अधिक सफाईकर्मियों को तैनात किया है, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिले।

अयोध्या में सुरक्षा के लिए डीएम निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के नेतृत्व में व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कांवड़ यात्रा और सावन मेले के दौरान संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सीसीटीवी कैमरों और हाईटेक ड्रोन के जरिए रियल टाइम निगरानी की जा रही है। एंटी-ड्रोन और टीथर्ड ड्रोन तकनीक का उपयोग कर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा 24 गुणे 7 सक्रिय कंट्रोल रूम से पूरे शहर की निगरानी हो रही है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो सके।शिवालयों और प्रमुख कांवड़ मार्गों पर उचित प्रकाश व्यवस्था और बैरिकेडिंग की गई है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अलग-अलग लाइनों की व्यवस्था की गई, ताकि श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के दर्शन-पूजन कर सकें।

## प्रदेश अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमा वापस लिये जाने की मांग



बाराबंकी। जनपद वाराणसी में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत कार्यकर्ताओ द्वारा जलभराव, ध्वस्त सीवर, पीड़ित दुकनदार, रोपवे जाम से परेशान जनता कांवर यात्रियों की समस्याओं के निराकरण हेतु पोल खोलो यात्रा के दौरान दर्ज किये गये फर्जी मुकदमा वापस लिये जाने की मांग को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन एंव नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुये महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन ने कहा कि 10 जुलाई 2025 को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में वाराणसी जिले में कार्यकताओं ने जलभराव, ध्वस्त सीवर, पीड़ित दुकनदार, रोपवे जाम से परेशान जनता कांवर यात्रियों की समस्याओं के निराकरण हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु पोल खोलो यात्रा निकाल के दौरान प्रदेश सरकार के इशारे पर स्थानीय सिगरा थाने में प्रदेश अध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष सहित 10 कांग्रेसियो के खिलॉफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है। अगर मुकदमा वापस नही लिया जाता है तो प्रदेश कांग्रेस जिले स्तर पर धरना व प्रदर्शन पर विवश होगी। जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में इरफान कुरैशी, वीरेन्द्र यावद, रमन द्विवेदी, मोहम्मद अरशद, राजेन्द्र गोस्वामी, सुरेन्द्र नाथ मिश्रा, मुइनूद्दीन अंसारी, बब्लू गौतम, सरजू शर्मा, आमिर, अरसद अहमद, शुभम वर्मा मौजूद रहे।

## बीडीओ रिसिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बाल संरक्षण समिति की बैठक

बहराइच। विकास खण्ड रिसिया में खण्ड विकास अधिकारी रिसिया सुरेश प्रसाद गौतम की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मिशन वात्सल्य (बाल संरक्षण), बाल श्रम, शिक्षा सुरक्षा, बाल विवाह, आवश्यकता एवं देख-रेख, दत्तक ग्रहण प्रकिया, बाल सेवा योजना, प्रर्वतकता (स्पानसरशिप), बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना को प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श के साथ-साथ बच्चों के अधिकारों, विकास एवं बाल संरक्षण से सम्बंधित हेल्प लाईन नम्बर 1098 (चाइल्ड हेल्प लाइन), 181, 1090, 112 आदि तथा किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के क्रियाकलापों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। खण्ड विकास अधिकारी श्री गौतम ने निर्देश दिया कि ब्लाक व ग्राम स्तर पर नियमित रूप से बैठकों का आयोजन किया जाय। इस अवसर पर परामर्शदाता सुशील वर्मा, खण्ड शिक्षाधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई से परामर्शदाता व सामाजिक कार्यकर्ता, डीसी. प्रथम संस्था व ग्राम सभा अध्यक्ष एवं आमजन मौजूद रहे।

## डीएम के विरोध में उतरे कर्मचारी ,विकास भवन में भारी प्रदर्शन



बहराइच । पंचायत राज सेवा परिषद बहराइच के समस्त घटक संगठनो के मंच द्वारा पंचायत राज अधिकारी जिला विकास अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को कलेक्ट्रेट के सभागार मे अपमानित किये जाने के दिये गये ज्ञापन मे घोषित मांग परबहराइच के विकास भवन मे हाथो पर काली पट्टी बांधकर विभिन्न संगठनो द्वारा भारी संख्या जनपद के विभिन्न संगठन के कर्मचारीगणो दवारा डीएम बहराइच के विरोध मे प्रदर्शन किया गयाइस विरोध प्रदर्शन जनपद के खण्ड विकास अधिकारायो व ग्राम विकास अधिकारी एशोसियेशन,उत्तर प्रदेश तथा कंसल्टिंग इन्जीनियरस एवं आर्किटेक्ट कल्याण संघ उत्तर प्रदेश सहित संगठन का भी समर्थन प्राप्त हुआ जबकि इस पर जिला विकास अधिकारी जबकि सूचना विभाग से जारी कर जिला विकास अधिकारी राज कुमार ने खण्डन किया कि 12 जुलाई को विभिन्न बिन्दुओ की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित बैठक मे पंचायत राज सेवा परिषद बहराइच द्वारा पत्र संख्या 1 दिनांक 12 जुलाई मे उनके सम्बन्ध मे अंकित किये गये तथ्यो का जिला विकास अधिकारी द्वारा खण्डन किया गया है कि जिलाधिकारी द्वारा बैठक मे सूचना न लाने परमात्र यह कहा गया था कि यदि सूचना नही लाये है तो बैठक से जाईयेइस प्रकार मेरे साथ किसी प्रकार के आपत्तिजनक शब्दो का प्रयोग नही किया गया है।

## बच्चों को बांटी स्टेशनरी, शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास

अयोध्या। प्रधानाध्यापक विवेक सिंहप्रताप सिंहमिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहित करने और उनकी पढ़ाई को समर्थन देने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास एवं समृद्धि पहल संस्थान ने सोमवार को कंपोजिट विद्यालय गोकुला में स्टेशनरी वितरण का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने स्वयं स्कूल पहुंचकर बच्चों को कॉपी, पेंसिल, कलम, रबड़ जैसी आवश्यक स्टेशनरी सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में चिलबिली चैकी इंचार्ज आशीष सिंह भी शामिल हुए और उन्होंने भी बच्चों को स्टेशनरी प्रदान की।चैकी इंचार्ज आशीष सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, ह्लबच्चे देश का भविष्य हैं। आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने सपनों को साकार करें।ह्व उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। वहीं, संस्थान के अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने कहा, ह्लबच्चे मन के सच्चे होते





हैं। हमारा संस्थान हर साल बच्चों को स्टेशनरी वितरित करता है ताकि उनकी पढ़ाई में किसी तरह की बाधा न आए।ह्व उन्होंने बताया कि गोकुला के कंपोजिट विद्यालय में 200सौ बच्चों को 400सौ कॉपियां वितरित की गईं, जिसमें प्रत्येक बच्चे को दो-दो कॉपियां दी गईं।यह पहल केवल गोकुला तक सीमित नहीं रही। आशुतोष सिंह ने बताया कि संस्थान ने प्राथमिक विद्यालय सथरी, बिसुनपुर, नरेंद्र भादा, टिकरा, तेंधा, सिधौना, वसापुर और बिरौली में भी स्टेशनरी वितरण किया। इन स्कूलों में कुल 4000 स्टेशनरी सामग्री बच्चों के बीच बांटी गई। आशुतोष सिंहन बताया कि अमेरिका में कृषि हमारे चाचा हरि प्रताप सिंह, व चाची अर्चना सिंह के निर्देश पर हर वर्ष बच्चों को स्टेशनरी दी जाती है।कार्यक्रम में सुरेंद्र प्रताप सिंह, एडवोकेट अंशुमान सिंह, सिद्धार्थ सिंह, प्रधानाध्यापक विवेक चंद्र पांडे स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे शामिल रहे।

## सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग सुधार को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक





बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार को लेकर एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में उन विभागीय परियोजनाओं की समीक्षा की गई जो गत माह ह्लए ग्रेडह्व से नीचे दर्ज की गई। जिलाधिकारी ने विभागवार अधिकारियों से इस माह की प्रगति, लक्ष्यों की पूर्ति और रैंकिंग में सुधार के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर रैंकिंग के माध्यम से विकास कार्यों की सघन मॉनिटरिंग हो रही है।ऐसे में सभी विभाग अपने कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें। बैठक में पंचायती राज, ऊर्जा, लोक निर्माण विभाग, पर्यटन, शिक्षा सहित अन्य संबंधित विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पर दर्ज सभी बिंदुओं पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें तथा रैंकिंग में सुधार के लिए आवश्यक प्रयास तत्परता से करें।

## बस ने ऑटो को मारी टक्कर, 2 की मौत

जिला संवाददाता



बाराबंकी। थाना रामनगर क्षेत्र अतंर्गत कटियारा के पास एक भीषण सड़क हादसा में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सामने से आ रहे एक ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में ऑटो चालक समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुँची और सभी को एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय भेजा। जहाँ घायल युवक का इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मसौली के ग्राम नहामऊ निवासी मोहम्मद आलम उर्फ गुड्डू पुत्र तसव्वर सोमवार को बाराबंकी से ऑटो में दो सवारियाँ लेकर रामनगर की ओर आ रहे थे। जब उनका ऑटो थाना रामनगर के हाईवे स्थित ग्राम कटियारा के पास पहुँचा। तभी सामने से आ रही बहराइच डिपो की एक तेज रफ्तार बस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो चालक गुड्डू और विजय ऑटो के केबिन में बुरी तरह फंस गए। जबकि कटियारा निवासी प्रद्युम्न हाईवे पर आ गिरे। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने तुरंत ऑटो में फंसे लोगों को बाहर निकलवाया। जबकि घटनास्थल पर ही विजय और ऑटो चालक गुड्डू की मृत्यु हो चुकी थी। गंभीर रूप से घायल प्रद्युम्न को तुरंत जिला चिकित्सालय भेजा गया। जहाँ उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस बल ने कड़ी मशक्कत कर क्षतिग्रस्त ऑटो को क्रेन की मदद से हाईवे से हटवाया। जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

## पारिवारिक विवादः वृद्ध मां ने बहू और पुलिस पर लगाया गंभीर आरोप

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के धमधुवा गांव में एक पारिवारिक विवाद ने तूल पकड़ लिया है। 70 वर्षीय रामप्यारी ने पुलिस महानिरीक्षक को शिकायत पत्र सौंपकर अपनी बहू गुड़िया और स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रामप्यारी का कहना है कि उनकी बहू गुड़िया उनके घर में जबरन प्रवेश करती है और पुलिस इस कार्य में उसकी मदद कर रही है। इस मामले ने न केवल पारिवारिक तनाव को उजागर किया है, बल्कि स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं। जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला रामप्यारी के बड़े पुत्र कृष्ण कुमार और उनकी पत्नी गुड़िया के बीच चल रहे वैवाहिक विवाद से जुड़ा है। कृष्ण कुमार ने अपनी पत्नी गुड़िया से तलाक लेने के लिए कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। जवाब में, गुड़िया ने गुजारा भत्ता और घरेलू हिंसा का मुकदमा दायर कर दिया है। इस कानूनी जंग ने परिवार में तनाव को और बढ़ा दिया है।रामप्यारी का कहना है कि उनकी बहू गुड़िया उनके घर में जबरन रह रही है और परिवार को परेशान कर रही है। उन्होंने बताया कि जब वह घर का गेट बंद करती हैं, तो गुड़िया स्थानीय पुलिस की मदद से गेट फांदकर घर में प्रवेश करती है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध है, रामप्यारी अपने वृद्ध पति सोमई यादव और छोटे पुत्र अजय



यादव के साथ रहती हैं। उनका कहना है कि इस तरह के विवाद में बहू को अपने मायके में रहना चाहिए, न कि ससुराल में जबरन कब्जा करना चाहिए।उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक से मांग की है कि स्थानीय पुलिस को निर्देश दिए जाएं कि वह गुड़िया को उनके घर में जबरन प्रवेश करने से रोके। हालांकि, रामप्यारी का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। उनका कहना है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है, जिसके कारण उनकी बहू का हौसला बढ़ रहा है। सीसीटीवी फुटेज जैसे सबूत होने के बावजूद, पुलिस ने कोई कड़ा कदम नहीं उठाया है। रामप्यारी का कहना है कि वह और उनका परिवार इस विवाद के कारण मानसिक और भावनात्मक तनाव में जी रहे हैं।

## श्रावण माह के प्रथम सोमवार को भ्रमणशील रहे एसपी



बहराइच। पावन श्रावण मास के प्रथम सोमवार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा मटेरा क्षेत्र के जंगलीनाथ मंदिर तथा थाना नवाबगंज क्षेत्र स्थित मंगलीनाथ मन्दिर का दौरा किया गया। सर्वप्रथम महोदय द्वारा मन्दिर परिसर का भ्रमण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण करते हुये सुरक्षा इंतजामों की विस्तृत समीक्षा की गयी व उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाए, भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनात रहे तथा श्रद्धालुओं/कांवड़ियों की सुगम आवाजाही के लिए यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जाए। साथ ही मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाने, महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने तथा संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बलों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा मंदिर के पुजारियों व पूजा समिति के सदस्यों तथा जल चढ़ाने आये श्रद्धालुओं से वार्ता कर उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से आवागमन करने की अपील की गयी।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी नानपारा श्री प्रद्युम्न सिंह, थाना प्रभारी नानपारा, थाना प्रभारी मटेरा सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

## राज्य महिला आयोग की सदस्या के समक्ष 25 शिकायती प्रार्थना पत्र हुए प्रस्तुत



बाराबंकी। महिला उत्पीड़न के मामलों की रोकथाम एवं जनसुनवाई हेतु कलेक्टेज्ट स्थित डीआरडीए सभागार मे उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति ने पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं की समस्याओं को सुना। इस दौरान कुल 25 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हए। जिसका तात्कालिक समाधान कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। महिला आयोग सदस्या श्रीमती प्रजापति ने महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं व शिकायतों को सुनते हुए कहा कि पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को तात्कालिक न्याय दिलाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है।

सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया जा सके और उन्हें सशक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक इंद्रसेन, जिला प्रोबेशन अधिकारी, क्षेत्राधिकारी सुमित त्रिपाठी, बाल संरक्षण अधिकारी हरीश मोहन पांडेय, महिला थानाध्यक्ष सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के उपरान्त राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती प्रजापति ने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया एवं वहाँ नवजात कन्याओं और उनकी माताओं को किट वितरित किया। इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी, विकासखंड हरख अन्तर्गत दो आंगनवाड़ी केन्द्रों एंव वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। तथा विकासखंड हरख की ग्रामपंचायत नानमउ में ग्राम चैपाल में 20 महिलाओं ने अपनी समस्याओं को भी सुना।

# रोजगार मेले में दो सौ अठहत्तर अभ्यर्थी चयनित

बहराइच । विश्व युवा कौशल दिवस से एक दिन पूर्व कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई एवं जिला सेवायोजन कार्यालय बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच में आयोजित एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का मुख्य अतिथि पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री/विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती जायसवाल ने जिले के युवक-युवतियों का आहवान किया कि ऐसे आयोजनों का भरपूर लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत बड़ी संख्या में युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया जा रहा है। रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए सदर विधायक ने सभी सम्बन्धित के प्रयासों की सराहना करते हुए नियोक्ता कम्पनियों का आहवान किया कि आकांक्षी जनपद बहराइच के अधिक से अधिक युवक-युवतियों का चयन



कर उन्हें सेवा का अवसर प्रदान करें। मुख्य अतिथि द्वारा कौशल विकास मिशन/राजकीय आईटीआई के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान कर अधिक से अधिक युवक/यवतियों को सेवायोजित कराने की प्रशंसा करते हुए इसी प्रकार अधिक युवाओं को सेवायोजित कराने की दिशा में निरन्तर प्रयत्नशील रहने के निर्देश दिये गये।

रोजगार मेले में देश/प्रदेश की लगभग 15 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा प्रतिभाग कर 457 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए प्राथमिक स्तर पर 278 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस मेले से राजकीय एवं निजी आईटीआई एवं कौशल विकास के प्रतिभागियों को सेवायोजित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्य अतिथि द्वारा 20 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर लेटर प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कौशल विकास एवं आईटीआई के प्रशिक्षित युवक युवतियों को कौशल दक्षता का समुचित लाभ देकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य स्मृति शर्मा, सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, जिला कौशल प्रबन्धक रवि शंकर पाठक, डीपीएम भानु प्रताप सहित अन्य सम्बन्धित तथा बड़ी संख्या में युवक-युवतियां मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में नोडल प्रधानाचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## खेत में लगी तार फेंसिंग में उतरा करंट, चपेट में आकर भतीजे की मौत, ताऊ घायल

बहराइच। बहराइच के सुजौली थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है जहां पर खेत में लगी तार फेंसिंग की चपेट में आकर भतीजे की दर्दनाक मौत हो गई जबकि ताऊ घायल हो गए जिनका इलाज अस्पताल में किया जा रहा है बताया जा रहा है की तार फेंसिंग के बगल में बिजली का खंभा था जिसमें करंट उतर गया बच्चे के छूते ही उसकी मौत हो गई जबकि ताऊ घायल हो गए

उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच के थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चहलवा के सिरसिनपुरवा गांव निवासी राम आधार 50 पुत्र सोहन अपने भतीजे 8 वर्षीय मुकेश पुत्र सतनू के साथ खेत में काम कर रहा था तभी शाम को 7 बजे के करीब खेत से लौटते समय तार फेंसिंग छू कर खेत से बाहर निकलते समय दोनो करंट की चपेट में आ गए जिससे भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ताऊ को घायल हो गए। घायल व्यक्ति को लोगों ने आनन फानन में पीएचसी सुजौली में भर्ती कराया है। ग्रामीणों के मुताबिक बिजली के खम्बे से खेत में लगी तार फेंसिंग टच थी जिसके कारण खम्बे में उतरा करंट फेंसिंग तार में फैल गया जिसके चलते घटना हो गई। घटना से लोगों में हड़कंप मच गया है। जबकि परिवार में मातम छाया हुआ है।

संक्षेप

### जिलाबदर आरोपी गिरफ्तार

अमेठी । पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अशोक यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी ग्राम सीवनगांव मजरे पनियार थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 35 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया ।

### भवानी माई धाम की प्राण-प्रतिष्ठा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

दोस्तपुर, सुलतानपुर। जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बहोरापुर गांव में सोमवार को भवानी माई धाम की प्राण-प्रतिष्ठा विधिवत रूप से सम्पन्न हुई। यह मंदिर बसपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व खेल मंत्री ओमप्रकाश सिंह द्वारा उनके पैतृक गांव में स्थापित कराया गया है। सावन मास के पावन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में जिले और प्रदेश के कई जनप्रतिनिधियों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजन विधियों के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर निर्माण की तैयारियां कई महीनों से चल रही थीं और सोमवार को यह ऐतिहासिक क्षण साकार हुआ। कार्यक्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गांववासियों ने मिलकर पूरे आयोजन को सफल बनाया, जिससे गांव में आपसी सहयोग और एकता की भावना और मजबूत हुई। पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह ने इस मंदिर को गांव की आस्था और संस्कृति को समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि यह धाम ग्रामीणों की आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बनेगा और भविष्य में जनकल्याण से जुड़ी कई योजनाएं भी यहां से संचालित की जाएंगी।

### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

बांसी सिद्धार्थनगर ।थानाध्यक्ष प्र0 नि0 मनोज श्रीवास्तव के नेतृत्व में शिवनगर डिड़ई थाने की पुलिस ने 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार कर , न्यायालय भेजा गया

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा 0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व पवीन प्रकाश, क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण व मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक थाना शिवनगर डिड़ई के नेतृत्व मे 14.जुलाई को शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा वाद संख्या 1875/2023 धारा-379/411 भा0द0वि0 से संबंधित 01 वारंटी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये न्यायालय भेजा गया ।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार वारण्टी संतोष पुत्र घमालू निवासी लेहड़ा उर्फ रामनगर थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर ।

# शिवालयों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

## भवरेश्वर बाबा मंदिर में जलाभिषेक के लिए लगी लंबी कतार



बछरावां रायबरेली। भगवान शिव का प्रिय सावन माह शुरू हो गया है। हिंदू कैलेंडर में सावन पांचवा महीना होता है जो काफी शुभ माना जाता है। यह महीना भगवान शिव को समर्पित होता है। इसी वजह से कोई भी भक्त किसी भी तरह से भोलेनाथ की सेवा में कमी नहीं छोड़ना चाहता, शिव शंकर को खुश करने के लिए अपनी पूजा-अर्चना से लेकर पवित्र नदियों में स्नान तक सब कुछ करता है। सावन के पहले सोमवार को ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बने शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं आज सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में आस्था का जनसैलाब उमड़ा शिव भक्तों ने मंदिरों में शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, भांग, गंगाजल, बेर व दूध अर्पित कर बम-बम भोले के जयकारे लगाए। बाबा के दर्शन पाने के लिए सुबह चार बजे से मंदिरों के बाहर लंबी लाइनें लग गई। क्षेत्र के अति प्राचीन भवरेश्वर मंदिर सुदौली, कन्जेश्वर धाम राजामऊ, झारखंडेश्वर मंदिर समोधा व समाधानेश्वर धाम बछरावां में भक्तों की भारी भीड़ रही। सावन माह में महिलाओं, युवक, बच्चों और वृद्धों ने भोले बाबा का जलाभिषेक कर ष्ऊँ नमरू शिवायष का जाप किया। शिव भक्तों ने व्रत रख शिव की आराधना की। मंदिर के पुजारी ने बताया किशभगवान शिव को प्रिय सावन माह चल रहा है आज सावन माह का पहला सोमवार है। इस दौरान भोले बाबा की उपासना करने पर भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। बहुत से लोग सावन के पहले सोमवार से ही 16 सोमवार व्रत की शुरूआत करते हैं। सावन में शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ती है।

# प्रथम सोमवार पर हुई भगवान शिव की भव्य आराधना



रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर भगवान शिव की आराधना की गयी। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया और जनकल्याण की कामना की। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शिव-तांडव और भगवान शिव की विभिन्न स्तुतियों की मनमोहक प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया तो वहीं कांवड़ियों के प्रतिरूप में शिव परिक्रमा कर रहे छात्रों के ॐ नमः शिवाय और बोल बम के जयकारों से विद्यालय परिसर गुंजायमान रहा। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में सावन माह के प्रथम सोमवार के अवसर पर भगवान भोलेनाथ शिवजी की आकर्षक झांकी सजाई गई। जिसमें विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने श्रद्धा भक्ति पूर्वक भगवान शिव का पूजन कर उनका आशीष प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल की छात्राएं आदित्या, इल्मा, अफीफा और उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत किया गया गीत- हर हर शंभू शिव महादेव शंभू। गीत सुनकर संपूर्ण विद्यालय प्रांगण हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। इसी क्रम में मान्या शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया शिव गीत पर नृत्य विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। आज विद्या मंदिर के प्रांगण को शिव मंदिर जैसा आकर्षक रूप देने में एक्टिविटी इंचार्ज विनय सिंह के कुशल निर्देशन में सार्थक शुक्ला, भावना श्रीवास्तव, आशीष कुमार, दीपांजलि सिंह एवं माधवी अवस्थी और उनके सहयोगी साथियों का सराहनीय योगदान रहा।

# लाठी-डंडे के हमले से युवक की मौत, तीन महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज



इटवां सिद्धार्थनगर- सोमवार सुबह पड़ोसी बीरबल की बकरी के अनाज खाने पर मारपीट हो गयी। जिससे विवाद ने अचानक ऐसा विकराल रूप ले लिया कि 58 वर्षीय अधेड़ झिनकू राम की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। जबकि पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर तीन महिलाओं के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मामला मिश्रौलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत छपिया गांव की है ।घटना सुबह लगभग 5:30 बजे की है। मृतक की पत्नी तौली देवी के अनुसार, उनके घर की छत पर अनाज सुखाया गया था। जिस पर पड़ोसी बीरबल की बकरी चढ़ गई और अनाज खाने लगी। जब झिनकू राम की बेटी ने इसका विरोध किया और बीरबल के घर शिकायत करने गई, तो कहासुनी हो गई। पहले गांववालों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। लेकिन कुछ ही देर बाद विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। तौली देवी का आरोप है कि बीरबल की पत्नी और बेटियां- रीमा और इंदु, लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर पहुंचीं। झिनकू राम पर हमला कर दिया। हमले में झिनकू राम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। क्षेत्राधिकारी सुबेन्दु सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की शिकायत पर तीन महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# संस्कार मित्र मंडली ने बांसी हनुमान मन्दिर से निकाला विशाल कांवड़ यात्रा



बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी परिक्षेत्र में सावन मास के पहले सोमवार को संस्कार मित्र मंडली बांसी की तरफ से सुरसा हनुमान मंदिर से विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति का माहौल रहा चारों तरफ हर हर महादेव गूंजता रहा। नगर में कावड़ यात्रा सुरसा मंदिर से भगवान शिव की प्रतिमा झांकी के साथ रानी मोहभक्त लक्ष्मी स्नान घाट पर पहुंची जहां से पवित्र जल कलश में भरने के बाद सभी श्रद्धालु बांसी कस्बे के सभी मंदिरों और शिवालयों पर जाकर जलाभिषेक किया। डीजे और बैंड बाजा के साथ सभी भक्त नाचते गाते हर मंदिर पर पहुंचे और जलाभिषेक करने के बाद मन्नतें मांगी। कोतवाली तिराहे पर कावड़ यात्रा का विशाल स्वागत किया गया जहां श्रद्धालुओं में मिठाई पानी फल आदि का वितरण किया गया। कावड़ यात्रा में अरविंद गुप्ता, सूरज अग्रहरी, गोविंद गुप्ता, गोलू चौधरी, आकाश, त्रिभुवन सैनी, धर्मेंद्र कुमार, विशाल सोनी, विपुल लवकुश, रवि सैनी, सुनील श्रीवास्तव, अंगद वर्मा, प्रमोद कुमार हिन्दू सहित काफी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए ।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक कोतवाल बांसी संतोष कुमार तिवारी मय फोर्स सक्रियता के साथ क्रियाशील रहे ।

# लेखपाल संघ ने उप जिलाधिकारी को सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन



महराजगंज रायबरेली। तहसील लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने जनपद हापुड़ में लेखपाल के साथ हुई घटना को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी सचिन यादव को सौंपा। दिए गए ज्ञापन में लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि जनपद हापुड़ में जिला अधिकारी के दमनात्मक व्यवहार एवं उत्पीड़ात्मक कार्यवाही से तनाव ग्रस्त लेखपाल की हृदयविदारक मृत्यु की घटना निंदनीय है। जिस पर प्रभावी कार्यवाही किया जाए। वहीं लेखपाल संघ ने यह भी कहा है कि जिलाधिकारी हापुड़ द्वारा अधीनस्थ लेखपाल के प्रति अपमानजनक एवं दमनात्मक व्यवहार एवं बिना जांच के ही झूठी शिकायत पर उत्पीड़ात्मक कार्यवाही के तनाव में लेखपाल सुभाष मीणा की मृत्यु हो गई है। इस हृदय विदारक घटना से प्रदेश के समस्त लेखपाल आहत है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अभिषेक पटेल, तहसील मंत्री राजीव मिश्रा, तहसील अध्यक्ष अवनीश प्रताप सिंह, अमित कुमार शुक्ला, सुशील शर्मा, शिव प्रकाश मौर्य संतोष पटेल, रमेश पटेल, समीर यादव, रणविजय सिंह, दर्शिता श्रीवास्तव, विवेक प्रताप सिंह, प्रिया सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मेंढकी माता मंदिर एवं भैरव नाथ मंदिर में किया वृहद पौधरोपण

लालगंज रायबरेली। बेहटा कलां ग्राम पंचायत स्थित मेढुकी माता मंदिर में पंचवटी विकास समिति द्वारा रोपित पीपल, पाकर, गूलर, बरगद, फाइकस, नीम, अमरूद इमली, बेल, आमला, कैथा, इमली आदि के पौधों के 5 वर्ष बाद उसी परिसर में विधि विधान के साथ नवग्रह वाटिका लगाई गई तथा आम का पौधा भी लगाया गया । वहीं इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए बराती लाल गंगा राम सरस्वती विद्या मंदिर के प्रबंधक एवं भाजपा नेता अनूप पाण्डेय ने पर्यावरण संरक्षण में जनहित कारी वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये सर्वाधिक ऑक्सिजन प्रदान कर वायुमंडल को शुद्ध बनातेहै। क्षेत्र पंचायत सदस्य अनंत विजय सिंह ने वन विनाश पर चिंता व्यक्त कर अधिकाधिक वनावरण को प्रोत्साहित करने के लिए नवयुवकों का आह्वान किया। पंचवटी के सचिव डॉ महादेव सिंह ने संजय सिंह (बबलू) के द्वारा पौधों के उत्कृष्ट रख रखाव की सराहना किया। सभी ग्राम वासियों व अभ्यागतों द्वारा संजय सिंह



का भव्य सम्मान किया गया। कोलकाता के युवा भाजपा नेता गुड्डन सिंह, हनुमंत सिंह, रघुराज सिंह पूर्व प्रधान झबरा, शैलेन्द्र प्रताप सिंह-प्रधानाचार्य, रोहिताश्व प्रताप सिंह, आदि ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बंश बहादुर सिंह, रामेंद्र सिंह, राधा कृष्ण तिवारी वयोवृद्ध लोकतंत्र सेनानी, शिव प्रकाश दीक्षित, अमर पाल सिंह, जितेंद्र बहादुर सिंह, रविशंकर, शशिकांत शुक्ल, उदय भान सिंह, सुरेश बहादुर सिंह, प्रवीण सिंह, संजय सिंह, उत्तम कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# पारिवारिक विवाद में युवक ने लगाई फांसी

सिद्धार्थनगर- चिल्हिया थाना क्षेत्र के शाहा गांव में एक दुखद घटना सामने आई। नमकीन फैक्ट्री में काम करने वाले रामू ने रविवार रात फांसी लगाकर जान दे दी। घटना रात करीब 7 बजे की है। मृतक की मां भानमती ने ससुरालवालों पर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि एक दिन पहले ससुराल से 8-10 लोग आए थे। उन्होंने रामू की पिटाई की थी। इसी कारण उनके बेटे ने यह कदम उठाया। रामू के 15 वर्षीय भाई दुर्गेश ने बताया कि भाई ने उससे ससुरालवालों द्वारा पिटाई की बात कही थी। भाई ने कहा था कि अब वह जीना नहीं चाहता। मृतक की पत्नी सुंदरी का कहना है कि रामू शराब पीकर उनसे मारपीट करता था। उन्होंने यह बात अपने परिजनों को बताई थी। वे रामू को समझाने आए थे। उन्होंने केवल डराने के लिए एक-दो थप्पड़ मारे थे। रामू नमकीन फैक्ट्री में दिहाड़ी मजदूरी करता था। वह अपनी पत्नी, पुत्र, मां और भाई का भरण-पोषण करता था। गांववाले उसे मेहनती और ईमानदार व्यक्ति बताते हैं। थानाध्यक्ष चिल्हिया रामदेव के अनुसार पुलिस को फांसी की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है। रामू की मौत से पूरा गांव शोक में डूबा है। परिवार अब बेसहारा हो गया है।

# चोरों ने दो घरों व दुकान को बनाया निशाना



गोसाईगंज, सुलतानपुर। गोसाईगंज थानाक्षेत्र में रविवार की रात चोरों ने एक दुकान और दो घर को निशाना बनाया। उघड़पुर स्थित दुकान से मोबाईल, लैपटॉप, नगदी और वैदहा के दो घरों से लाखों रुपए कीमत का आभूषण और नगदी समेटकर चोर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ितों ने कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र कारीबहार निवासी सत्येंद्र कुमार उघड़पुर चौराहे पर सनराइज इलेक्ट्रॉनिक व कंप्यूटर के नाम से दुकान चलाते है। प्रतिदिन की तरह रविवार को भी वह दुकान बंद करके घर चले गए। उनके पिता दुकान के सामने चारपाई डाल कर सो रहे थे। रात में चोर पीछे की खिड़की तोड़कर दुकान के अंदर घुस आए। पीड़ित के अनुसार चोर मोबाइल, लैपटॉप और 40 हजार रुपये उठा ले गए। दूसरी घटना वैदहा गांव की है। सुशील कुमार और उनके पड़ोसी रमेश पाल की दीवार में सेंध लगाकर चोर घर में घुस आए। सुशील कुमार के यहां से चोर बक्शे में रखी दो लॉकेट, दो अंगूठी, दो नथुनी, दो पायजेब, दो कान का झाला और 14 हजार रुपया नगद और रमेश पाल के यहां से बख्से में रखा पायल, करधनकान का झाला और दस हजार रुपया नगद चुरा ले गए। यहां बक्शा टूटा हुआ घर से 50 मीटर दूरी पर गन्ने के खेत में मिला। सूचना पर पहुँचकर पुलिस ने जांच की है। उघड़पुर मामले में थानाध्यक्ष ने बताया जांच की जा रही है। वहीं वैदहा मामले में टांटियानगर चौकी इंचार्ज गुलाबचंद्र पाल ने बताया सिपाहियों को मौके पर भेजा गया था। मामले की जांच की जा रही है।

# एक जनपद एक उत्पाद में अग्रणी सिद्धार्थनगर मिला राष्ट्रीय पुरस्कार




**सिद्धार्थनगर** । जनपद सिद्धार्थ नगर को काला नमक चावल के बेहतर एक जनपद एक उत्पाद के दृष्टिगत राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है, बुद्ध की धरा एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत काला नमक चावल में वर्ष 2024-25 में जनपद सिद्धार्थनगर को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। उक्त राष्ट्रीय पुरस्कार को जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0 ने नई दिल्ली में प्राप्त किया । जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0 को नई दिल्ली में मंत्री वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार पीयूष गोयल एवं राज्यमंत्री, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार जितिन प्रसाद द्वारा प्रदान किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर मिले पुरस्कार की सराहना तमाम गणमान्य नागरिकों ने किया कहा कि इस जनपद के लिए यह पुरस्कार बड़े गौरव की बात किया गया।

# सीएचसी सिरसिया में टीकाकरण कार्य योजना की समीक्षा



सिद्धार्थनगर- भनवापुर क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में सोमवार को एकीकृत वीएचएसएनडी टीकाकरण कार्य योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने एएनएम को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना में किसी भी गांव, टोला, मोहल्ला, मजरा या ईंट भट्ठा को नहीं छोड़ा जाए। हेड काउंट सर्वे में सभी गर्भवती महिलाओं और बच्चों को शामिल किया जाए। डॉ. ओझा ने कहा कि लाभार्थियों को हर महीने ड्यू लिस्ट में शामिल करना जरूरी है। मेडिकल सर्विलांस ऑफिसर डॉ. शिंथू ने इंजेक्शन लोड के अनुसार टीकाकरण सत्र आयोजित करने का निर्देश दिया। बीएमसी सूर्यदेव सिंह और एचईओ राजीव त्रिपाठी ने एएनएम को टीकाकरण या प्रसव पूर्व जांच का लाभ न लेने वाले लाभार्थियों की सूची बनाने को कहा। साथ ही उनके घर जाकर सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।

# पुलिस ने 2 नफर वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय



बांसी सिद्धार्थनगर । जिले बांसी थाना कोतवाली पुलिस ने दबिश देकर 02 नफर वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया ।प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में उप 0 नि0 रामाज्ञा प्रसाद हे0 का0 आत्मानंद नायक , का0 अरविंद कु0 राजेश मौर्य ने दबिश देकर उक्त दोनों वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व पवीन प्रकाश, क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण व संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक बांसी के नेतृत्व में 14.जुलाई को बांसी पुलिस द्वारा वाद संख्या 2078/22 धारा-323,504 भा0द0वि0 व वाद संख्या 129/2019 धारा- 323,504 भा0द0वि0 से संबंधित 02 वारंटियों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये न्यायालय भेजा गया ।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार वारण्टीगण का नाम पता ,संदीप यादव पुत्र गोविन्द निवासी बगहवा कोमर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर । बाबूराम पुत्र हरिहर निवासी गोनहाडीह थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर ।

### महिला की हत्या के मामले में नामजद आरोपी गिरफ्तार

महराजगंज, रायबरेली। चंदापुर थाना क्षेत्र के अनवरगंज लामी चैराहा पर बीती 6 जुलाई को भूमि विवाद में हुई महिला की हत्या के मामले में नामजद आरोपी विकास कुमार पुत्र हौसला पाल को पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चंदापुर नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। मामले में नामजद आठ आरोपियों में से पुलिस ने अब तक विकास सहित छः आरोपियों को जेल भेज दिया है। अनवरगंज के लामी चैराहे स्थित विवादित जमीन में छत डालने को लेकर दो पक्षों में बीती छः जुलाई को खूनी संघर्ष हुआ था। जिसमें महिला सुनीता की मौत हो गई थी। इसके अलावा आधा दर्जन लोग गंभीर घायल हुए थे। मामले में मृतका के भतीजे मोहित की तहरीर पर पुलिस ने आठ नामजद सहित आठ-दस अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया था।

# एसपी ने ताइक्वांडो खिलाड़ियों को किया सम्मानित

सुल्तानपुर। अमीना ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पदक विजेताओं और विभिन्न बेल्ट श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। रेड वन बेल्ट श्रेणी में अनुकूल सिंह यादव ने प्रथम, ओजस त्रिपाठी ने द्वितीय और मेधा त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ब्लू बेल्ट में यथार्थ बौद्ध रत्न ने प्रथम स्थान पाया। ग्रीन वन बेल्ट श्रेणी में प्रज्वल यादव पहले, मन्यता दूसरे और अनुज शुक्ला तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, ग्रीन बेल्ट वर्ग में कुशाग्र राव प्रथम, हंजला मसूद जरून द्वितीय और अर्थव यादव तृतीय स्थान पर रहे। येलो बेल्ट में रेमिट ने पहला, अक्ष यादव ने दूसरा और आंचल ने तीसरा स्थान हासिल किया।



नेशनल लेवल के ब्लैक बेल्ट धारक हेबा खान और प्रियांशु तिवारी को विशेष सर्टिफिकेट और शील्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीओ रमेशौर प्रशांत भी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष एवं कोच अमीना बानो ने सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। अभिभावकों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# घर में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव



सिद्धार्थनगर- भवानीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैंसहिया के टोला हैदर डीह में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान किसलावती (24) के रूप में हुई है। वह अजय कुमार की पत्नी थी। फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। घटना के समय मृतका का पति अजय अपनी मां के साथ जंगलीपुर गया हुआ था। घर पर अजय का छोटा भाई था, जो मृतका के 7 माह के बेटे को लेकर गांव में टहलने गया था। वापस लौटने पर उसने किसलावती का शव कमरे में पंखे से लटका हुआ पाया। उसने तुरंत परिजनों को सूचित किया। सूचना मिलते ही भवानीगंज थाने के थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। मृतका किसलावती इटवा थाना क्षेत्र के नवेलवा गांव निवासी रतिभान वर्मा की बेटी थी। उसकी शादी 18 अप्रैल 2024 को हुई थी। शादी को अभी करीब 15 महीने ही हुए थे।

संक्षेप

## कार की टक्कर से पांच घायल

आगरा। पांच लोगों को टक्कर लगने पर कार सवार भीड़ में फंस गया। लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान उसे बचाने आए सिपाही से भी धक्का-मुक्की कर दी गई। लखनऊ से आ रहे युवकों की कार इनर रिंग रोड पर रविवार रात 10 बजे दो बाइकों को टक्कर मार दी। कार बाइक और डिवाइडर से टकराने के बाद रुक गई। हादसे के बाद लोग जुट गए। उन्होंने कार सवारों को पकड़ लिया। उनकी पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंचे सिपाही ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन लोग धक्कामुक्की करने लगे। थाने से पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया। वहीं घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ताजगंज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, तलहरी, थाना सैरपुर, लखनऊ निवासी प्रदुम्न अपने साथी अमित यादव के साथ मथुरा जा रहे थे। दोनों यमुना एक्सप्रेस वे से इनर रिंग रोड पर आए। मगर, वह जीपीएस लोकेशन से रास्ता देख रहे थे। मगर, रास्ता भटक गए। ताजगंज क्षेत्र में अकबरपुर कट पर कार आगे चल रहे दो बाइक सवार पांच लोगों से टकरा गई। पांचों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग जुट गए। कार टक्कर के बाद रुक गई। लोगों ने कार सवारों को पकड़ लिया। उनकी पिटाई लगाने लगे। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। सिपाही ने पकड़े गए युवकों को अलग करने की कोशिश की। लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने पुलिस के सामने ही उनकी पिटाई की। सिपाही ने बचाने का प्रयास किया लेकिन लोग उससे भी भिड़ गए। धक्कामुक्की करने लगे। सूचना पर थाना ताजगंज की फोर्स पहुंच गई। तब आरोपियों को हिरासत में लिया गया। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि घायलों में गांव श्यामो निवासी विष्णु, रवि, शमसाबाद निवासी राहुल, दीपक और निशांत हैं। सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाड़ी और बाइकों को जब्त कर लिया है। मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## चोरी के सामान सहित दो शातिर चोर गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार पुलिस द्वारा चोरी की घटना का अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया गया।

सोमवार को थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा थाना पर चोरी के पंजीकृत मुकदमें में चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तगण सैफ अली खान पुत्र अनवार खाँन कामरान पुत्र आलिम को चोरी के सामान दो बैटरी सहित वाजिदपुर अन्डरपास के पास ठार कठेघर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया, थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक का ?वाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# श्रीकृष्ण की नगरी ओम नमः शिवाय के उद्घोषों से गूंजी, श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी



**मथुरा।** सावन महीने के पहले सोमवार को श्रीकृष्ण की नगरी के शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने व्रत रखकर शिवलिंग का जलाभिषेक किया और ओम नमः शिवाय के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना दिया। रंगेश्वर महादेव मंदिर के भक्त मंडली ने भोलेनाथ का महारूद्राभिषेक किया।

कान्हा नगरी मथुरा में भूतेश्वर, कामेश्वर, चकलेश्वर एवं गोपेश्वर के अलावा रंगेश्वर महादेव, चिंताहरण मंदिरों में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने अपने आराध्य का विधि विधान से जलाभिषेक किया। वहीं देरसायं सभी शिव मंदिरों में बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार के साथ फूलबंगला सजाया गया है। लोग भगवान शिव की भक्ति में डूबे हुए दिखे। सावन के महीने में हर कोई भगवान शिव की आराधना में लगा हुआ है। शिव कल्याण के देवता है सावन के सोमवार के दिन भगवान शिव का व्रत करते हुए शिवलिंग पर जल चढ़ाते है। महिलाओं और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई भक्तों ने उपवास रखकर भगवान शिव से सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिरों में कतारबद्ध श्रद्धालुओं को सुचारु ढंग से दर्शन करवाने के लिए मंदिर प्रबंधन और पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गईं। काबड़ियों को सुरक्षा मुहैय्या कराते हुए पुलिस ने भोलेनाथ पर काबड़ चढ़वाई। पुलिस ने मंदिरों के आसपास सुरक्षा और यातायात व्यवस्था संभाल रखी है ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। वहीं रंगेश्वर महादेव मंदिर में महारूद्राभिषेक का आयोजन किया गया जिसमें पुजारी जॉनीनाथ गोस्वामी, माधव गोस्वामी, पुजारी लालूराम गोस्वामी, भगत मोनू बंसल, कुश वालिया, हर्षित अग्रवाल, लव वालिया आदि लोग है।

# दौड़ने गये होमगार्ड को मारी गोली, घायल

**मथुरा।** नौहझील थाना क्षेत्र के एक गांव में घर से दौड़ने गये होमगार्ड में युवकों ने आपसी कहासुनी के दौरान गोली मार दी, जिससे होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने घायल को

**● होमगार्ड का एस एन मेडिकल कालेज आगरा में उपचार जारी**

जिला अस्पताल मथुरा भिजवाया जहाँ गंभीर हालत के चलते डाक्टरों ने एस एन मेडीकल कालेज आगरा रेफर कर दिया, जहां घायल का उपचार जारी है।

पुलिस के अनुसार कृष्ण कुमार निवासी अवाखेड़ा जो कि होमगार्ड के पद पर तैनात है। सोमवार सुबह अपने एक दोस्त के साथ घर से दौड़ लगाने गया था।

मिट्ठौली बंबे पर मौजूद जगदीश पक्ष के लोगों से कहासुनी हो गई कहासुनी को लेकर कृष्ण कुमार में गोली मार दी। गोली लगने से कृष्ण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर थाना प्रभारी सोनू सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को जिला अस्पताल मथुरा भिजवाया। युवक की हालत गंभीर होने के चलते डाक्टरों ने आगरा स्थित एस एन मेडीकल कालेज रेफर कर दिया, जहां युवक का उपचार जारी है। परिजनों द्वारा अभी कोई भी तहरीर इलाका पुलिस को नहीं दी गई है। एसपी देहात सुरेश चंद रावत ने बताया कि घायल ने बताया कि वह दौड़ लगाने के लिए गया था, इसी दौरान गांव के ही जगदीश पक्ष के लोगों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी दौरान कृष्ण कुमार पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगने से कृष्ण कुमार घायल हो गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है, आखिर झगड़ा किस कारण हुआ इसको लेकर पुलिस की टीमें लगी हुई हैं, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## गौ माता सेवा महासंघ ने गौ वंशों को हरा चारा खिलाकर किया पौधरोपण



**टूंडला।** अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के तत्वाधान में सावन के प्रथम सोमवार के उपलक्ष में नगर में स्थित स्थाई गौशाला में गौवंशों को हरा चारा खिलाया और पौधारोपण किया। इस दौरान तहसीलदार राखी शर्मा ने कहा कि अभी सावन का पवित्र माह चल रहा है, इस महीने में भगवान शंकर के व्रत के लिए चार सोमवार होते हैं और भक्तजन व्रत (उपवास) रखकर विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं। प्रत्येक सोमवार को भगवान भोलेनाथ के अनेकों भक्त गंगा जी से कावड़ लाकर गंगाजल से भगवान का अभिषेक करते हैं और अनेकों लोग दान पुण्य भी करते हैं वैसे तो इस माह में प्रत्येक प्राणी पूजा अर्चना में लीन रहता है और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त होता है, अंतर्राष्ट्रीय गौ माता सेवा महासंघ के पदाधिकारी के द्वारा सावन के प्रथम सोमवार के दिन बड़ा ही पुण्य का कार्य किया है गौवंशों को हरा चारा खिलाकर। इस कार्य लिए मैं सभी सेवकों का आभार व्यक्त करती हूं। आप सभी लोग इसी तरह गौमाता की सेवा करते रहें। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां, प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक, योगेन्द्र उपाध्याय, दुष्यन्त जादौन, महेशपाल सिंह, चेतन बिहारी सक्सेना, दिलीप गौड, भवानी सिंह, नरेंद्र चक, जितेन्द्र पंजवानी, किशन शर्मा, संकी राणा, प्रदीप पाठक, अमित सिसोदिया, मनोज चक, शुभम प्रताप सिंह, सुनील गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने चार वांछित गिरफ्तार कर जेल भेजे

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस ने वांछित चल रहे चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी रमित कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान वांछित चल रहे चार अभियुक्तो पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गये अभियुक्त ने अपने नाम मरकन्द सिंह पुत्र हरीसिंह निवासी लांघी खुर्द, बंटू सिंह पुत्र रामरत्न निवासी घुरकुआ, अजय पुत्र परशुराम निवासी घुरकुआ, श्रीकृष्ण उर्फ छोटेलाल पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी नियामतपुर थाना नगला सिंघी बताया है। जिसे पुलिस ने जेल भेजा है।

## तमंचा और कारतूस बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी रमित कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छारी जाने वाले रास्ते पर एक अभियुक्त खड़ा हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब पूछताछ की घबरा गया। पुलिस गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उसकी तलाशी लेने पर एक तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पकड़े गये अभियुक्त ने अपना नाम हरिओम पुत्र लानदास निवासी बसई अरैला जिला आगरा बताया है। जिसे पुलिस ने जेल भेजा है।

# केमिकल से झुलसी महिला, पहुंची थाने

आगरा। केमिकल से झुलसी महिला थाने पहुंची। पुलिस ने उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने केमिकल डालकर जान लेने के प्रयास किया है, वहीं पति सहित अन्य लोगों ने कुछ और ही कहानी बयां की है। थाना शाहगंज के दौरेठा स्थित मानसरोवर कालोनी में एक महिला संदिग्ध हालत में केमिकल से झुलस गई। वह झुलसी हुई हालत में खुद ही थाने पहुंच गई। इस पर पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

मामले में जांच की जा रही है। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि रात 8 बजे आजमपाड़ा निवासी तराना थाना शाहगंज पहुंची। उसके साथ 20-25 लोग भी थे। तराना ने आरोप लगाया कि ससुराल में उस पर तेजाब डालकर झुलसा दिया है। तराना की शादी तीन साल पहले मानसरोवर कालोनी, दौरेठा निवासी ऑटो चालक अफसर अली से हुई थी। दोनों में एक साल से विवाद चल रहा है। तब से वह तराना मायके में रह रही है। वह रविवार रात को ससुराल पहुंची थी। तभी घटना हुई है। उसे एसएन मेडिकल कालेज इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। पुलिस अफसर के घर पहुंची। पता चला कि अफसर और उसकी बहन पर भी केमिकल गिरा है। सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है कि तराना ससुराल में पहुंची है। 15 मिनट बाद बाहर आती है। थाने पहुंच जाती है। ससुरालियों का कहना था कि वह खुद केमिकल लाई थी। अपने ऊपर डाल लिया। उसे रोकने के दौरान पति और ननद पर भी गिर गया। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# बारिश ने खोली भ्रष्टाचार की पोल, लाखों रुपये की लागत से बनी नाली भर भराकर ढही



**नौहझील।** कस्बे में लाखों की लागत से बनाई जा रही नाली रविवार को हुई बारिश में ही ढह गया। आरोप है कि नाली निर्माण में मानकों के विपरीत सामग्री का प्रयोग किया गया था। जानकारी लगने के बाद लोगों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी है।

कस्बे के बाजना चैराहे से चमड़ चैराहे के पास स्थित सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण करीब लाखों रुपए की लागत से कराया जा रहा है। यह निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। रविवार को शाम हुई बारिश में यह नाली भर-भराकर ढह गई। देखते ही देखते मामला सोशल मीडिया पर चचाओं का विषय बन गया। मामले की जानकारी लगने के बाद ग्राम प्रधान लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की जानकारी जेई को दी और उन्हें मौके पर आने के लिए कहा, लेकिन वह भी मौके पर नहीं पहुंचे। इसके बाद मामले की जानकारी आला अधिकारियों को दी। आरोप है कि नाली निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। इसके चलते यह पहली बरसात में ही ढह गया। ऐसे में कोई भी बढ़ा हादसा हो सकता था। पीडब्ल्यूडी के द्वारा कराए जा रहे कामों को लेकर सोशल मीडिया पर भी जमकर बहस बाजी हुई है। लोगों के द्वारा कमीशनबाजी का जमकर आरोप लगाया जा रहा है।

## रंजिश में युवक को मारी गोली, भर्ती

**आगरा।** एक युवक को रंजिश के चलते गोली मार दी गई। गोली उसके पेट को छूते हुए निकल गई। युवक को एसएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगरा के थाना जगदीशपुरा स्थित शांति नगर निवासी 30 वर्षीय छोटू दिवाकर उर्फ सनी को रविवार शाम को रंगबाजी में गोली मार दी गई। गोली युवक के पेट के पास से छूकर निकल गई। घायल को एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया है। घटना के पीछे परिजन ने पुलिस को पुराना विवाद बताया है। पुलिस देर रात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि शांति नगर निवासी छोटू शाम तकरीबन 6 बजे बैनारा फैक्टरी के पास नाले की पुलिया पर बैठा हुआ था। तभी क्षेत्र के तुर्री उर्फ तुषार और बंटी यादव पहुंच गए। वह छोटू से विवाद करने लगे। छोटू के परिजन ने आरोप लगाया कि तुषार ने तमंचा निकाल लिया। इसके बाद गोली चला दी। गोली छोटू के पेट के पास से रगड़ खाती हुई निकल गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए। आरोपी तमंचा लहराते हुए भाग गए। घटना की जानकारी पर घायल के परिजन आ गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घायलों को इमरजेंसी लेकर आई, जहां उसका उपचार चल रहा है। वह खतरे से बाहर है। घायल के परिजन ने पुलिस को बताया कि छोटू के पिता से हमलावरों का पूर्व में विवाद हुआ था। तब से ही वो रंजिश मान रहे हैं। पिता की दो साल पहले मृत्यु हो गई। इसके बावजूद विवाद खत्म नहीं हुआ है। दोनों पक्षों पर मुकदमे दर्ज हैं। इनमें गांजा बेचने का भी आरोप है। तुर्री को शक है कि छोटू उसकी पुलिस से मुखबिरी करता है। इस वजह से ही रंजिश मानता है। डीसीपी सिटी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। यह पता किया जा रहा है कि गोली मारने की असली वजह क्या है? आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सिटी एसओजी को लगाया गया है। उधर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक युवक तमंचा लोड करते दिख रहा ह

# सीडीओ ने किया प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों का समन्वित उपयोग किये जाने के उद्देश्य से पेयरिंग ऑफ स्कूल हेतु शासनादेश निर्गत किया है। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा एनसीएफ फॉर फाउंडेशन स्टेट 2022 के परिप्रेक्ष्य में यह आवश्यक है कि विद्यालयों के बीच सहयोग, समन्वय तथा संसाधनों के साझा उपयोग को बढ़ावा दिया जाए, जिससे कि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं आनंददायक अधिगम का अनुभाव प्राप्त हो सके। जनपद के अनेक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का नामांकन अपेक्षाकृत कम हैं, वहाँ उपलब्ध भौतिक एवं शैक्षणिक संसाधनों जैसे-विद्यालय भवन, कक्षा-कक्ष, आई०सी०टी० उपकरण विभिन्न शैक्षणिक सामग्री आदि का अधिकतम उपयोग के उद्देश्य से छात्र हित में स्थानीय परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं को दृष्टिगत जनपद के 180 विद्यालयों का निकटस्थ विद्यालय के साथ युक्तियुक्त युग्मन किया गया है, जिससे कि अनुकूल छात्र संख्या के साथ ही शैक्षणिक संसाधनों का छात्र हित में अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सके। इसी क्रम में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद द्वारा प्राथमिक विद्यालय इटौरा विकास खण्ड का निरीक्षण किया गया, जिसमें प्राथमिक विद्यालय लेखराजपुर का युक्तियुक्त युग्मन किया गया है। निरीक्षण के समय ग्राम प्रधान व ग्रामवासियों द्वारा सरकार की इस योजना को बच्चों के हित में कार्य किये जाने के कारण अच्छी पहल के रूप में बताया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बच्चों के साथ बैठकर मिड-डे मील भी ग्रहण किया गया, जिससे बच्चों में काफी उत्साह नजर आया। निरीक्षण के समय विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया। साथ ही निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद जसराना व शिकोहाबाद आदि उपस्थित रहे।

# नाग को मारने से कुपित नागिन ने तीन को लोगों को डसा, एक की मौत



**मथुरा।** महावन के गांव सिहोरा में एक परिवार के यहां आयोजित नामकरण संस्कार में निकले नाग को एक रिश्तेदार ने लाठियों से मार डाला। तब से नागिन ने बदला लेने के लिए उसी घर को अपना ठिकाना बना लिया था। बीते दिन उसने इसी परिवार के एक सदस्य को डस कर मार डाला।

गत रात्रि में दो रिश्तेदारों को डस लिया। ये गांव बायगीरों का अड्डा बन गया। दो बायगीरों की 16 सदस्यीय टीम ने चार घंटे तक यहां बीन व थाली बजाकर उस नागिन को पकड़ कर डिब्बे में बंद कर ले गए। अब भी परिजन नागिन के अधूरे बदले को लेकर दहशत में हैं।

बताया जाता है कि गांव सिहोरा के मनोज कुमार की पत्नी दुर्गेश के पिछले महीने बेटी हुई थी। दो जुलाई को बच्ची का नामकरण संस्कार हुआ था। समारोह में दुर्गेश का भाई हाथरस के नगला छौंक निवासी सचिन आया हुआ था। परिजनों के अनुसार नामकरण संस्कार के दिन मनोज के घर में नाग निकल आया। सचिन ने लाठियों से प्रहार कर उसे मार डाला। दूसरे दिन सचिन अपने गांव चला गया। चार दिन बाद मनोज के घर में काले रंग की एक नागिन दिखाई दी। उसे देख परिजन दहशत में आ गए। शोरगुल पर नागिन घर के अंदर ही कहीं छिप गई। मनोज अपने पत्नी बच्चों के साथ घर के अंदर सो रहे थे तभी उसको डस लिया। मनोज ने नागिन को डसने के बाद जाते हुए देखा था। सुबह बायगीर बुलाए, लेकिन तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। डाक्टर ने जयपुर ले जाने की सलाह दी, लेकिन रास्ते में मनोज ने दम तोड़ दिया। इसके बाद पूरा परिवार दहशत में आ गया। मनोज की मौत पर गत दिन जीजा दिनेश निवासी भदनवारा उसके यहां घर शोक व्यक्त करने आएं थे। परिजनों ने उन्हें रात्रि में रोक लिया। दिनेश एवं मृतक का बड़ा भाई पप्पू एक कमरे में एक ही बेड पर सो गए। नागिन आई और दोनों को डस लिया। जहर का असर होते ही दोनों की नींद टूट गई। परिजन भी एकत्र हो गए। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। सिहोरा एवं अनौड़ा गांव से दो बायगीर बुलाए गए। बायगीरों के साथ आए 16 अन्य सदस्यों ने नागिन को पकड़ने का काम शुरू कर दिया। बीन की धुन से पूरा गांव गूंज उठा। ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। करीब चार घंटे की कवायद के बाद बायगीरों ने नागिन को घर के अंदर से ही पकड़ कर डिब्बे में बंद कर लिया। मृतक के भाई राजू का कहना है कि दोनों लोग अब ठीक हैं, उनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। सीएमओ का कहना है कि सर्प के काटने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में मरीज को ले जाना चाहिए। मरीज के एंटीविनिन इंजेक्शन लगाया जाता है। ये इंजेक्शन चार एंटी स्नेक वेनम का मिश्रण है। ये सर्प के जहर से जुड़कर काम करता है और शरीर पर उसके नुकसानदायक प्रभाव को नष्ट कर देता है।

## धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने गोवर्धन में संत सियाराम से की भेंट

मथुरा। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री इन दिनों ब्रज दौरे पर श्रीकृष्ण की नगरी आए हुए हैं। ब्रज दौरे के दूसरे दिन सोमवार को उन्होंने गोवर्धन में संत सियाराम दास महाराज और बरसाना में विनोद बाबा से आध्यात्मिक चर्चा की और उनका आशीर्वाद ग्रहण किया।

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने गोवर्धन और बरसाना का दौरा किया। उन्होंने गोवर्धन में हनुमान बाग आश्रम के महंत संत सियाराम दास महाराज से मुलाकात की। दोनों के बीच सनातन धर्म और हिंदू राष्ट्र की स्थापना पर विचार-विमर्श हुआ। संत सियाराम दास महाराज ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को आशीर्वाद के तौर पर जनेऊ प्रदान किया। श्रीशास्त्री दिल्ली से वृंदावन तक हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर यात्रा निकालने की योजना बना रहे हैं। गोवर्धन के बाद वे बरसाना पहुंचे।

## वन विभाग ने ग्रामीणों के सहयोग से 1600 पौधे रोपे



**फिरोजाबाद।** जनपद में पर्यावरण को स्वच्छ व स्वस्थ बनाए रखने और वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से ग्राम प्रधान व ग्राम वासियों के साथ मिलकर वन विभाग ने दतोंजी वन ब्लॉक में एक हेक्टेयर भूमि पर पीपल पाकड़ बरगद, कांजी शीशम, गुलमोहर अर्जुन, जामुन, लसोड़ा आदि विभिन्न प्रजातियों के 1600 पौधों का रोपण करके ऑक्सी वन की स्थापना की। जिससे लोगों को सांस लेने के लिए शुद्ध हवा मिल सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय वन अधिकारी फिरोजाबाद अविनाश सिंह मोहित कुमार, ज्ञान शंकर द्विवेदी, गोपाल व अन्य वन स्टाफ सहित, प्रबुद्ध जन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## लूटी चेन बिकवाने वाले किशोरों के माल सहित सर्राफ गिरफ्तार

आगरा। ताजगंज क्षेत्र में दो किशोरों ने आईफोन खरीदने के लिए कारोबारी की चेन लूटी। मामले में पुलिस ने सराफ सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जोनल पार्क (ताजगंज) के पास आलू कारोबारी महेंद्र सिंह से चेन लूट के मामले में ताजगंज पुलिस ने दो और आरोपियों को जेल भेजा है। एक नाबालिग भाइयों का रिश्ते का मामा है।

आरोप है कि उन्होंने लूट की चेन बेचने में मदद की। दूसरा चेन खरीदने वाला सराफ है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह विश्वकमार्पुरम, ताजगंज निवासी महेंद्र सिंह से सुबह बाइक सवार दो किशोर सौ ग्राम सोने की चेन लूट ले गए थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ताजगंज क्षेत्र के दो सगे भाइयों को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस के मुताबिक, उन्होंने आईफोन खरीदने के लिए लूट की थी। उनसे 1 लाख रुपये की कीमत का आईफोन, 1.50 लाख रुपये और बाइक बरामद हुई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया था कि चेन बेचने में उनके रिश्ते के मामा ने मदद की थी। पुलिस ने मामा परवेज को पकड़ा। उसने बताया कि देवरी रोड पर मां अंबे ज्वैलर्स की दुकान पर चेन 4.50 लाख रुपये में बेची थी। 2.70 लाख रुपये भांजे ले गए थे।

1.80 लाख रुपये उसने रख लिए। पुलिस ने संजय वर्मा को पकड़ लिया। वह नगला पदी का निवासी है। दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में वह चेन खरीदता दिख रहा है। मामा और सराफ को जेल भेज दिया गया। सराफ ने चेन गला दी थी

# फसलों की संतुलित मात्रा के अनुसार ही करें उर्वरकों का प्रयोगः जिलाधिकारी




फिरोजाबाद। जनपद मे खरीफ की फसलों मुख्य रूप से धान मक्का बाजरा आदि की बुबाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिसके लिए किसानों को एन0पी0के0 आदि उर्वरकों की आवश्यकता रहती है। किसानों द्वारा मुख्य रूप से वुबाई के समय डीएपी का प्रयोग किया जाता है सामान्यतः किसानों द्वारा उर्वरकों की वैज्ञानिकों द्वारा संस्तुत मात्रा से अधिक यूरिया व डी0ए0पी0 लगायी जाती है यूरिया और डी0ए0पी0 से मात्र नत्रजन और फॉस्फोरस ही पौधों को प्राप्त होता है, अतः अन्य पोषक तत्व यथा पोटास, कैल्शियम सल्फर मैगनीसियम और सूक्ष्म पोषक तत्वों का भी वैज्ञानिक संस्तुतियों के अनुसार प्रयोग किया जाना चाहिए, अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए अपने खेतों की मिटटी की जाँच अवश्य करानी चाहिए और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए।

किसानों और उर्वरक विक्रेताओं को जनपद की मुख्य फसलों मे उर्वरकों की वैज्ञानिक संस्तुतियों की जानकारी के लिए जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी सहकारी समितियों और निजी विक्री केन्द्रो पर बैनर लगाने के निर्देश दिए गए हैं, जिलाधिकारी ने सभी किसान भाइयों से फसल की संतुलित मात्रा के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करने की अपील की है, साथ ही साथ उन्होने यह भी अपील की है कि समितियों और निजी दुकानों पर खादों की खरीददारी करते समय आधार और जोतवही अथवा खतौनी लेकर अवश्य जायें।

खड़ी फसलों मे नैनो यूरिया और नैनो डीएपी भी नत्रजन और फॉस्फोरस पोषक तत्वों का सस्ता श्रोत उपलब्ध है जब पौधों पर पर्याप्त संख्या मे पत्तियां हों तब नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का छिड़काव किया जाना चाहिए। इफको द्वारा जनपद मे किसानों के खेतों पर नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के छिड़काव की सुविधा के लिए 3 ड्रोन उपलब्ध कराये गए हैं जिससे किसानों को श्रमिक ना मिलने की समस्या का समाधान हुआ है और बहुत बड़े खेतों मे भी आसानी से कम समय मे छिड़काब हो जाता है। प्रगतिशील कृषक सत्येंद्र कुमार पथरिया ग्राम बिल्टीगढ़ ने बताया कि मेरे द्वारा पिछले वर्ष खरीफ मे बाजरा की फसल और रबी मे नैनो यूरिया और नैनो का प्रयोग किया गया फसल की पैदाबार अच्छी हुयी और लागत भी कम आयी, इसी प्रकार प्रगतिशील कृषक कैलाश चंद्र ग्राम, नगला लाभौआ शिकोहाबाद ने बताया कि मेरे द्वारा अपने खेत में मक्का की प्रजाति लगाई गई इस फसल में सिर्फ नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का प्रयोग किया फसल अच्छी थी मेरे खेत का निरीक्षण केंद्रीय लवणीय मृदा एवं जल अनुसंधान सी०एस०एस०आई०आर० छलेसर के कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर आनंद गुप्ता केवीके फिरोजाबाद के कृषि वैज्ञानिक डॉ नौशाद आलम द्वारा भी किया गया। बिना दानेदार उर्वरक के सिर्फ नैनो तरल के प्रयोग से फसल उत्पादन अच्छा प्राप्त हुआ है।

## संक्षेप

### चीन का निर्यात जून में 5.8 प्रतिशत बढ़ा

बीजिंग। चीन के निर्यात में अमेरिकी शुल्क से राहत के बाद जून में तेजी आई। सोमवार को जारी सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, निर्यात में सालाना आधार पर 5.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मई में इसमें 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आंकड़ों के अनुसार आयात में भी सुधार हुआ और इस साल पहली बार इसमें वृद्धि दर्ज की गई जो जून में यह 1.1 प्रतिशत बढ़ा। अमेरिका को निर्यात में 16 प्रतिशत की गिरावट आई, लेकिन यह मई में दर्ज की गई 34.5 प्रतिशत की गिरावट के आधे से भी कम है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन से आयात पर 245 प्रतिशत तक का शुल्क लगाने और चीन के जवाब में भारी आयात शुल्क लगाने के बाद दोनों पक्ष बातचीत के लिए समय देने हेतु शुल्क वापस लेने पर सहमत हुए। दोनों पक्षों के बीच प्रारंभिक बातचीत में अभी तक कोई खास प्रगति नहीं हुई है। इस बीच, ट्रंप प्रशासन ने चीन से आयात पर शुल्क में 35 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। अमेरिका और चीन ने फिलहाल टाले गए उच्च शुल्क को वापस लागू करने की समय सीमा 12 अगस्त तय की है। व्यापार में सुधार से अप्रैल-जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### एलजी ने की अगली पीढ़ी के एआई टीवी लॉन्च

नई दिल्ली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने आज भारत में अपने 2025 ओएलईडी ईवो और एलजी क्यूएनईडी ईवो के लॉन्च की घोषणा की। ये नए टेलीविजन एलजी के नवीनतम अल्फा एआई प्रोसेसर जेन2 से लैस हैं, जो बेहतरीन अनुभव और शानदार पिक्चर, साउंड इंटरैक्टिविटी देते हैं। नेक्स्ट लेवल की एआई क्षमताओं और अवार्ड विनिंग पिक्चर टेक्नोलॉजी के साथ आने वाली 2025 की यह रेंज एलजी की इनोवेशन की विरासत को आगे बढ़ाने के साथ-साथ स्मार्ट टीवी के अनुभव को एक नई बुलंदी तक ले जाती है।

### अवीवा भारत बाल विकास योजना लॉन्च

नई दिल्ली। अवीवा इंडिया ने अवीवा भारत बाल विकास योजना लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक नॉन-लिंक्ड नॉन पार्टिसिपेटिंग लाइफ इंश्योरेंस सेविंग्स प्लान है, जिसका लक्ष्य अपने बच्चों के लिए सुरक्षित भविष्य के निर्माण में ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी (सेमी अर्बन) भारत के परिवारों की मदद करना है। मात्र 1,000 रुपये मासिक के शुरूआती प्रीमियम के साथ इस प्लान में गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट एवं लाइफ कवर मिलता है। इससे परिवारों को आत्मविश्वास के साथ बच्चों की उच्च शिक्षा, कौशल विकास या कोई छोटा बिजनेस शुरू करने जैसे खास मौकों की प्लानिंग करने में मदद मिलती है।

### फ्लिपकार्ट ने किया फूड फेस्ट 2025 के दूसरे संस्करण का आयोजन

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट ने सफलतापूर्वक फूड फेस्ट 2025 के दूसरे संस्करण का आयोजन किया है। यह भारत की बदलती खाद्य संस्कृति का उभरता हुआ उत्सव है। कार्यक्रम का आयोजन 8 और 9 जुलाई को बेंगलुरु के फ्लिपकार्ट कैंपस में किया गया। 5 से 10 जुलाई के बीच क्यूरेटेड सेल के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी इस फूड फेस्ट का जश्न मनाया गया। इस दौरान ग्राहकों को गॉमे फूड कलेक्शन, नई लॉन्चिंग एवं टॉप ब्रांड्स पर लिमिटेड टाइम ऑफर्स पाने का मौका मिला। इस इवेंट में देशभर से सेलेब्रिटी शेफ, टॉप क्रिएटर्स, आइकॉनिक ब्रांड्स और स्वाद के दीवानों ने हिस्सा लिया। इससे भारत में गॉमे फूड डिस्कवरी एवं कॉमर्स के भविष्य को आकार देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता मजबूत हुई है।

### बंधन एएमसी 25 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा

बंगलुरू। बंधन एएमसी लिमिटेड, देश की प्रमुख एसेट मैनेजमेंट कंपनियों में से एक, भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में 25 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रही है। बंधन एएमसी का इतना लंबा सफर विश्वास, इनोवेशन और बचतकर्ताओं को निवेशक बनने में मदद करने की अटूट प्रतिबद्धता पर आधारित एक विरासत का प्रतीक है। अपने निवेशकों और साझेदारों के साथ इस उपलब्धि को सांझा करने के लिए, बंधन एएमसी ने 'राजू भैया की कहानी', को पेश किया है। राजू भैया की कहानी, एक पुरानी यादों से भरी, संगीतमय कैंपेन जो कई लोगों के लिए एक-जाने पहचाने सफर को दर्शाती है: बचत से लेकर आत्मविश्वास के साथ निवेश करने तक।

# सेंसेक्स में 247 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 247 अंक टूट गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 68 अंक के नुकसान में रहा। आईटी शेयरों में बिकवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 247.01 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,253.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 490.09 अंक टूटकर 82,010.38 अंक तक आ गया था। पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 67.55 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,082.30 अंक पर बंद हुआ। नौ जुलाई से अबतक की चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स लगभग 1460 अंक यानी 1.75 प्रतिशत और निफ्टी 440 अंक यानी 1.73 प्रतिशत नीचे आ चुका है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 1.58 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईटीसी शामिल है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 5,104.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप और छोटी कंपनियों से जुड़े स्मॉलकैप सूचकांक में क्रमशः 0.71 प्रतिशत और 1.04 प्रतिशत तक की तेजी रही। घरेलू बाजार में गिरावट का दौर जारी रहा। इसका कारण शुल्क को लेकर चिंता और कंपनियों के तिमाही वित्तीय परिणाम की हल्की शुरुआत है। ऐसे में निवेशक तीन साल के ऊंचे मूल्यांकन के बीच कारोबार को लेकर अधिक सतर्क रुख दिखा रहे हैं। हालांकि, स्वास्थ्य सेवा, रियल्टी, उपभोक्ता और सोच-विचार कर किये जाने वाले खर्च से जुड़े क्षेत्रों में तेजी के साथ शेयर-आधारित कार्यवाही जारी है। जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में आमदनी में गिरावट के जोखिम के कारण सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों का प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी के अनुसार, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर एक और दौर की वार्ता के लिए भारतीय अधिकारियों का दल अमेरिका पहुंच गया है। बाजार ने सप्ताह की शुरुआत उतार-चढ़ाव के साथ की और हाल की गिरावट को जारी रखते हुए लगभग आधा प्रतिशत नुकसान के साथ बंद हुआ।

# चांदी 5000 रुपये की छलांग के साथ 1.15 लाख रुपये के नये शिखर पर, सोना भी हुआ मजबूत



नयी दिल्ली। अमेरिकी शुल्क धमकियों को लेकर अनिश्चितताओं के बीच डॉलर की कमजोरी के बाद निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 5,000 रुपये के जोरदार उछाल के साथ 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

शनिवार को चांदी 4,500 रुपये बढ़कर 110,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंची थी। संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200-200 रुपये बढ़कर क्रमशः 99,570 रुपये और 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। चांदी की कीमतें बढ़कर घरेलू बाजार में नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी लगभग 14 साल के उच्चतम स्तर पर है। यह तेजी सोने के विकल्पों के प्रति निवेशकों की रुचि में बदलाव के कारण है। इसके अलावा, जिंस एक्सचेंज में चांदी वायदा 2,135 रुपये या 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,15,136 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में अगस्त डिलिवरी वाले सबसे अधिक कारोबार वाला सोने का अनुबंध 518 रुपये या 0.53 प्रतिशत बढ़कर 98,336 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वैश्विक शुल्क को लेकर तनाव के नए सिरे से बढ़ने से सोने की कीमतों में सकारात्मक रुख देखा गया। अमेरिका द्वारा यूरोपीय संघ, कनाडा और मेक्सिको सहित व्यापारिक साझेदारों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने और डॉलर इंडेक्स में व्यापक कमजोरी के कारण सोना एक पसंदीदा सुरक्षित निवेश गंतव्य बन गया है।

## एनएसई ने मासिक बिजली वायदा अनुबंध शुरू किया

नयी दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने सोमवार को मासिक बिजली वायदा अनुबंध शुरू किए। इससे बिजली खरीदारों, विक्रेताओं, व्यापारियों और खुदरा कारोबारियों को मूल्य जोखिमों का प्रबंधन करने में मदद मिलेगी।

अनुबंधों में दोपहर दो बजे तक 4,000 से अधिक लॉट के लिए कारोबार हुआ था, जो 20 करोड़ यूनिट से अधिक बिजली के बराबर है। एक्सचेंज ने बयान में कहा कि कुल कारोबार की मात्रा 87.36 करोड़ को पार कर गई, जिसका औसत मूल्य 4,368 रुपये प्रति मेगावाट घंटा (मेगावाट-घंटा) दर्ज किया गया। बयान के मुताबिक, पहला कारोबार 4,430 रुपये प्रति मेगावाट घंटा पर खुला, और खबर लिखे जाने तक कीमत 4,364 रुपये प्रति मेगावाट घंटा के आसपास थी। इससे बिजली उत्पादकों, वितरण कंपनियों, बड़े औद्योगिक उपभोक्ताओं और बाजार मध्यस्थों सहित प्रतिभागियों की अच्छी भागीदारी का पता चलता है। एक्सचेंज के अनुसार, यह पेशकश प्रतिभागियों को बिजली की कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचाव, दीर्घकालिक बिजली योजना का समर्थन और देश के व्यापक ऊर्जा रूपांतरण लक्ष्यों में योगदान करने के लिए एक पारदर्शी, जोखिम प्रबंधित मंच देती है।

## रुपया 22 पैसे टूटकर 86.02 प्रति डॉलर पर



मुंबई। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपया सोमवार को 22 पैसे टूटकर 86.02 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निकासी तथा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में किसी भी प्रकार की सफलता में देरी से स्थानीय मुद्रा पर दबाव बढ़ा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.96 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में 85.92 से 86.05 प्रति डॉलर के सीमित दायरे में कारोबार के बाद अंत में यह 86.02 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव से 22 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.80 पर बंद हुआ था। भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अभी तक नहीं हो पाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दो सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों यूरोपीय संघ और मेक्सिको पर शुल्क लगा दिए हैं, जिससे भारतीय रुपये में फिर से गिरावट आई है। डॉलर सूचकांक में तेजी आई और पूरे दिन रुपये में गिरावट रही जबकि एशियाई मुद्राएं थोड़ी कमजोर रहीं। रुपये के मंगलवार को 85.75 से 86.25 के बीच रहने के आसार हैं क्योंकि निवेशकों को अभी अमेरिकी के खुदरा मुद्रास्फीति आंकड़ों का इंतजार है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.82 पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 247.01 अंक की गिरावट के साथ 82,253.46 अंक पर जबकि निफ्टी 67.55 अंक फिसलकर 25,082.30 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71.46 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

## भारतीय दल वॉशिंगटन पहुंचा शुरू होगी व्यापार वार्ता: अधिकारी

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय का दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर एक और दौर की वार्ता के लिए वॉशिंगटन पहुंच गया है। यह वार्ता सोमवार को शुरू होने वाली है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

भारत के मुख्य वार्ताकार एवं वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल बुधवार को दल का हिस्सा बनेंगे। चार दिन की यह वार्ता बृहस्पतिवार को संपन्न होगी। अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित बीटीए के लिए भारत के उप-मुख्य वार्ताकार बीटीए के पहले चरण पर बातचीत के लिए वॉशिंगटन पहुंच गए हैं। कृषि और दुग्ध उत्पादों पर शुल्क में रियायत की अमेरिकी मांग पर भारत ने अपना रुख कड़ा कर लिया है। दुग्ध क्षेत्र में मुक्त व्यापार समझौते में भारत ने अबतक अपने किसी भी व्यापारिक साझेदार को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। यह यात्रा इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका ने अतिरिक्त आयात शुल्क (भारत के मामले में यह 26 प्रतिशत है) को एक अगस्त तक टाल दिया है। भारत, इस्पात तथा एल्युमीनियम (50 प्रतिशत) और मोटर वाहन (25 प्रतिशत) क्षेत्रों पर शुल्क में ढील की भी मांग कर रहा है। भारत ने विश्व व्यापार संगठन के मानदंडों के तहत इनके विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का अपना अधिकार भी सुरक्षित रखा है।

## थोक मुद्रास्फीति 19 माह बाद शून्य से नीचे 0.13 प्रतिशत पर



नयी दिल्ली। खाद्य वस्तुओं एवं ईंधन की कीमतों में गिरावट के साथ विनिर्मित उत्पादों की लागत में कमी आने से थोक मुद्रास्फीति 19 माह बाद शून्य से नीचे आ गई है। जून में यह -0.13 प्रतिशत रही है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति मई में 0.39 प्रतिशत और जून, 2024 में 3.43 प्रतिशत के स्तर पर रही थी।

उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, जून, 2025 में मुद्रास्फीति में कमी की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, मूल धातुओं के विनिर्माण, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस आदि की कीमतों में नरमी रही। थोक महंगाई दर के आंकड़ों के अनुसार, जून में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 3.75 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि मई में इनमें 1.56 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सब्जियों की कीमतों में भी भारी गिरावट दर्ज की गई। जून में सब्जियों के दाम 22.65 प्रतिशत घट गए। मई में सब्जियों की महंगाई दर 21.62 प्रतिशत घटी थी। विनिर्मित उत्पादों के मामले में मुद्रास्फीति 1.97 प्रतिशत रही, जबकि मई में यह 2.04 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली में जून में यह 2.65 प्रतिशत रही, जो मई में 2.27 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के अध्यक्ष हेमंत जैन ने कहा कि लगातार सात महीनों से थोक मुद्रास्फीति में नरमी भारत में उच्च आर्थिक वृद्धि के लिए सकारात्मक संकेत है। जैन ने कहा, भविष्य में घरेलू मांग में वृद्धि, सामान्य मानसून की उम्मीद और देश में मजबूत समग्र आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए हमारा अनुमान है कि मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद आने वाले महीनों में थोक मुद्रास्फीति मध्यम बनी रहेगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि जुलाई, 2025 में खाद्य कीमतों में मौसमी क्रमिक वृद्धि अबतक अपेक्षाकृत मामूली रही है जिससे खाद्य कीमतों में नरमी बने रहने का अनुमान है जबतक कि महीने के शेष दिनों में सब्जियों आदि की कीमतों में असामान्य वृद्धि न हो। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्यतः खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। खुदरा मुद्रास्फीति के जून के आंकड़े आज दिन में जारी किए जाएंगे। आरबीआई ने मुद्रास्फीति में नरमी के बीच पिछले महीने प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.50 प्रतिशत की भारी कटौती करके उसे 5.50 प्रतिशत कर दिया था।

## ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध नहीं रूकने की स्थिति में रूस पर कड़े शुल्क लगाने की चेतावनी दी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि यदि यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए 50 दिन के भीतर कोई समझौता नहीं होता है तो वह रूस पर कड़े शुल्क लगाएंगे। राष्ट्रपति ने नाटो महासचिव मार्क रूट के साथ ओवल ऑफिस में बैठक के दौरान यह घोषणा की। ट्रंप ने कहा, "अगर 50 दिन में कोई समझौता नहीं हुआ तो हम बहुत कड़े शुल्क लगाएंगे।" उन्होंने यह नहीं बताया कि शुल्क कैसे लागू किए जाएंगे।

ट्रंप ने कहा कि मैं व्यापार का इस्तेमाल कई चीज़ों के लिए करता हूं। लेकिन युद्धों के समाधान के लिए यह बहुत अच्छा कदम है। रूट अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से भी मुलाकात करेंगे। ट्रंप लंबे समय से पुतिन के साथ अपने मैत्रीपूर्ण संबंधों का बखान करते रहे हैं, और जनवरी में पदभार ग्रहण करने के बाद से उन्होंने कई बार कहा है कि यूक्रेन से ज़्यादा रूस शांति समझौते के लिए इच्छुक है। साथ ही, ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर युद्ध को लंबा खींचने का आरोप लगाया और उन्हें तानाशाह कहा। हालांकि, यूक्रेन के आवासीय इलाकों पर रूस के लगातार हमलों के बाद ट्रंप ने रूस पर निशाना साधा है। इस बीच, यूक्रेन और रूस के लिए ट्रंप के विशेष दूत ने सोमवार को कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की। जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने और ट्रंप के दूत, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल कीथ केलॉग ने यूक्रेनी वायु रक्षा को मजबूत करने, संयुक्त हथियार उत्पादन और यूरोपीय देशों के साथ मिलकर अमेरिकी हथियारों की खरीद के साथ-साथ रूस पर कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की संभावना के बारे में "सार्थक बातचीत" की। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर कहा, हमें अमेरिका के नेतृत्व से उम्मीद है, क्योंकि यह स्पष्ट है कि रूस तब तक नहीं रुकेगा जब तक उसकी महत्वाकांक्षाओं को बलपूर्वक नहीं रोका जाता। रूस ने राजधानी कीव सहित यूक्रेन के शहरों पर सैकड़ों ड्रोन और क्रूज तथा बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है, जिनका मुकाबला करने में यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली को काफी संघर्ष करना पड़ रहा है।

## पेज एक का शेष

### शुभांशु शुक्ला

शील्ड को स्थापित करना शामिल है, जिससे अंतरिक्ष यान लगभग l,600 डिग्री सेल्सियस के तापमान के संपर्क में आएगा। पैराशूट दो चरण में तैनात किए जाएंगे - पहले लगभग 5.7 किमी की ऊंचाई पर स्थिरीकरण पैराशूट, उसके बाद लगभग दो किमी की ऊंचाई पर मुख्य पैराशूट। अपने आदर्श राकेश शर्मा को याद करते हुए शुक्ला ने कहा कि 41 साल पहले एक भारतीय ने अंतरिक्ष की यात्रा की थी और बताया था कि वहां से भारत कैसा दिखता है।

शुक्ला ने कहा, हम सभी आज भी यह जानने को उत्सुक रहते हैं कि ऊपर से आज भारत कैसा दिखता है। आज का भारत महत्वाकांक्षी दिखता है... आज का भारत निडर दिखता है,...आज का भारत आश्वस्त दिखता है.. आज का भारत गर्व से पूर्ण दिखता है। उन्होंने कहा, इन सभी कारणों से, मैं एक बार फिर कह सकता हूं कि आज का भारत अब भी सारे जहां से अच्छा दिखता है। जल्दी ही धरती पर मुलाकात करते हैं।

### चिकित्सा परंपरा

विंग का लोकार्पण किया। साथ ही 500 बेड वाले ट्रॉमा सेंटर, जनरल सर्जरी विभाग के नवीन भवन, प्रशासनिक परिसर और पेशेंट यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया। सीएम योगी ने कहा कि यह अपने आप में किसी भी चिकित्सा संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि है। एक साथ करीब 1,000 करोड़ रुपये की लागत से परियोजनाएं शुरू होना इस बात का प्रमाण है कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को विश्वस्तरीय बनाने के लिए कितनी गंभीर हैं। सीएम योगी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। स्वास्थ्य क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। देश में एम्स जैसी संस्थाएं जो कभी गिनी-चुनी थीं, आज उनकी संख्या 23 हो गई है। उत्तर प्रदेश भी पीछे नहीं है, 75 जिलों में 75 मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना अब साकार हो रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2024 में ही 17 नए मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू हुई है, जिनमें से 13 शासकीय हैं। यह उस परिवर्तन का संकेत है जो प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र में आमजन को राहत देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार उल्लेखनीय रहा है। पहले डेंगू व इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियों का इलाज लखनऊ तक ही सीमित था, लेकिन अब हर जनपद में प्लेटलेट्स और डायलिसिस की सुविधाएं उपलब्ध हैं। सीएम योगी ने जानकारी दी कि बलरामपुर में केजीएमयू का सेटेलाइट सेंटर स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि महानगरीय चिकित्सा सेवाएं छोटे शहरों तक पहुंचे। इससे लखनऊ स्थित स्वास्थ्य संस्थानों पर दबाव कम होगा और मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही उपचार मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने आईआईटी कानपुर के साथ मेडिकल टेक्नोलॉजी पर केंद्रित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की पहल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास हैं कि केजीएमयू और एसजीपीजीआई इस सेंटर से जुड़कर नई रिसर्च करें और भारत को हेल्थ टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भर बनाएं। सीएम योगी ने मरीजों से संवाद के दौरान उनकी संतुष्टि पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह सामान्य बात नहीं है कि एक मरीज का आत्मविश्वास उसका इलाज कर रहा होता है। केजीएमयू में भर्ती मरीजों की आंखों में यह विश्वास मैंने खुद देखा है। यही इस संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों और अधिकारियों से आह्वान किया कि वे नकारात्मकता को दूर रखें और समय के साथ स्वयं को अपडेट करें। सीएम योगी ने कहा कि व्यक्ति हो या संस्थान, अगर समय की गति के साथ नहीं चलते, तो कालचक्र उन्हें भुला देता है। लेकिन जो आगे बढ़ते हैं, वही प्रेरणा बनते हैं। सीएम योगी ने केजीएमयू में 105 करोड़ रुपये की लागत से न्यू कॉर्डियोलॉजी विंग की शुरूआत की। वहीं 375 करोड़ रुपये की लागत से जनरल सर्जरी विभाग का 6 मंजिला नवीन भवन, 7 मंजिला ट्रॉमा सेंटर विस्तार एवं पेशेंट यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स, सेंटर फॉर ऑर्थोपेडिक सुपरस्पेशियलिटी, डायग्रोस्टिक लैब एवं पेशेंट रिलेटिव एकमोडेशन फैसिलिटी ब्लॉक, नवीन प्रशासनिक भवन, न्यू गेस्ट हाउस का विस्तार का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, स्वास्थ्य एंव चिकित्सा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य पार्थसारथी सेन शर्मा, केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद समेत कई गणमान्य, केजीएमयू प्रशासन से जुड़े अधिकारीगण व चिकित्सक मौजूद रहे।

### कांवड़ यात्रा

सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की घुसपैठ या अराजकता की कोशिश को समय रहते रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटा जाए और उनके खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि यात्रा मार्गों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जरूरी सूचनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए और शिव भजनों का प्रसारण सुनिश्चित हो, जिससे श्रद्धालु भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से जुड़ाव महसूस करें। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए प्रमुख अवसरों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रमुख स्थलों पर चिकित्सा शिविर, प्राथमिक उपचार केंद्र और एम्बुलेंस सेवाएं पूरी तरह सक्रिय रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर मुख्यमंत्री ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया कि वे खानपान सामग्री की गुणवत्ता और शुद्धता की नियमित जांच सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धा, मयार्दा और अनुशासन का पालन करें। उन्होंने कहा कि सभी शिवभक्त पवित्र नदियों से जल लेकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करें और इस दौरान प्रशासन से पूर्ण सहयोग बनाए रखें। राज्य सरकार श्रद्धालुओं की सेवा, सुविधा और सुरक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### 29 को आयेगा

को इस मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुन रही थी। ईडी ने सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा एवं ऑस्कर फर्नांडीस के साथ-साथ सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी यंग इंडियन पर आरोप लगाया है कि इन्होंने नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करने वाली कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति के धोखे से अधिग्रहण के लिए साजिश की और धनशोधन किया है।

### मुठभेड़ में मारा

साथ उम्र कैद की सजा हो गई थी। एसटीएफ चीफ अमिताभ यश नें बताया कि वर्तमान में जमानत पर चल रहा था। करीब छह माह पूर्व जमानत पर आने के बाद इसने हत्या के मुकदमों के गवाही देने वालो को धमकाना और मारने का प्रयास करने में संभल में हत्या के प्रयास और धमकी देने का मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसमे यह वांछित चल रहा था। जिसकी तलाश की जा रही थी। सोमवार को एसटीएफ फील्ड यूनिट मेरठ नें थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर में मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उसको जब उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया ।डॉक्टर नें उसे मृत घोषित कर दिया है ।उन्होंने बताया कि मृत बदमाश के पास से तीस एमएम पिस्टल बरेटा व बत्तीस एमएम रिवाल्वर आर्डिनेंस व नाइन एमएम पिस्टल देशी व बिना नंबर की सफेद ब्रेजा कार और सात कारतूस नाइन एमएम व दस ज़िंदा कारतूस बत्तीस एमएम और छियालिस ज़िंदा कारतूस तीस एमएम व छह खोखा कारतूस बत्तीस एमएम बरामद किया।

### उत्तराखण्ड के

विकास में सीएसआर फंडिंग के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के समान इन स्थलों का भी पुनर्विकास आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री को अगस्त 2026 में आयोजित होने वाली नंदा राजजात यात्रा के लिए आमंत्रित करते हुए, इस ऐतिहासिक पर्व के सफल आयोजन के लिए 400 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता का आग्रह भी किया।

### 'उत्तराखंड निवेश

भाग लेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश के कृषि, कृषक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर तैयारियों की गहन समीक्षा की। मंत्री जोशी ने जिला सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित और सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यक्रम में कोई भी कमी नहीं रहनी चाहिए। गणेश जोशी ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर सुंदर और आधुनिक पंडाल, उच्च गुणवत्ता वाला साउंड सिस्टम, वैकल्पिक विद्युत आपूर्ति के लिए जनरेटर सेट, वीआईपी व वीवीआईपी सहित प्रेस के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही चिकित्सा स्टॉल, पेयजल, मोबाइल शौचालय और स्वच्छता व्यवस्था भी पूरी तरह दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए ।जोशी ने बताया कि यह आयोजन उत्तराखंड के औद्योगिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक साबित होगा। विभिन्न औद्योगिक संस्थानों, स्वयं सहायता समूहों और 'हाउस ऑफ हिमालया' द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक औद्योगिक उद्यमियों को आमंत्रित कर आयोजन को सफल बनाया जाएगा। अधिकारियों को टीम भावना और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, महामंत्री अमित नारंग, सचिव उद्योग विनय शंकर पाण्डे, मंडलायुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पीपीटी के माध्यम से मंत्री को विस्तृत जानकारी भी दी गयी।

### छांगुर बाबा के

था। छांगुर बाबा और उसके साथी वर्ष 2047 तक भारत को एक इस्लामिक देश बनाना चाहते थे। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने भी संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि विश्व हिंदू रक्षा परिषद की मदद से दोबारा हिंदू धर्म अपना चुके लोगों को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। ये धमकियां सोशल मीडिया और स्पीड पोस्ट से भेजे गए पत्रों के जरिए दी जा रही हैं। राय ने यह भी आरोप लगाया कि कथित लव जिहाद की शिकार कुछ महिलाओं को छांगुर बाबा के नेटवर्क से जुड़े लोग धमकियां दे रहे हैं। इसके लिये वह गोमती नगर थाने में शिकायत दर्ज कराने गए थे लेकिन उनकी सुनवाई नहीं की गई। राय ने यह भी बताया कि छांगुर बाबा के पाश में आकर इस्लाम धर्म अपनाने वाले लोगों ने तीन जुलाई को विश्व हिंदू रक्षा परिषद द्वारा आयोजित घर वापसी में हिस्सा लिया था। उसके बाद से ही उन्हें धमकियां मिल रही हैं।

### छांगुर पर

कि उसे पुलिस प्रोटेक्शन दिया गया था। छांगुर के करीबी इस बात की तस्दीक करते हैं कि वर्ष 2023 में वह एक वदीधारी के साथ अपने लग्जरी वाहन से चलता था। एटीएस इस बात की भी पड़ताल कर रही है क्षेत्र के किन-किन प्रॉपर्टी डीलरों के साथ छांगुर की साझेदारी थी। चूंकि छांगुर प्रापर्टी डीलर का काम नवीन रोहरा व नीतू के माध्यम से कर रहा था इसलिए संभावना जताई जा रही है कि अन्य प्रापर्टी डीलरों को या तो उसने आर्थिक मदद दी थी।




# इंग्लैंड ने भारत को 22 रन से हराया

## तीसरा लॉर्ड्स टेस्ट : 193 रन नहीं बना सका भारत, सीरीज में 1-2 से पिछड़ा; आर्चर-स्टोक्स को 3-3 विकेट

एजेंसी



लंदन। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट में भारत को 22 रन से हरा दिया। सोमवार को मैच के 5वें दिन भारत को 135 रन बनाने थे, 6 विकेट बाकी थे। टीम ने 112 रन बनाने में ही सभी विकेट गंवा दिए। इसी के साथ इंग्लैंड ने 5 टेस्ट की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। गुरुवार, 10 जुलाई को लंदन में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी। दोनों टीमें पहली पारी में 387-387 रन ही बना सकीं। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 192 रन बनाए। 193 रन के टारगेट के सामने भारत से केएल राहुल (39 रन) और रवींद्र जडेजा (नाबाद 61 रन) ही फाइट दिखा सके।

बाकी कोई भी बैटर 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। इंग्लैंड से बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने 3-3 विकेट लिए। बेन स्टोक्स प्लेयर ऑफ द मैच रहे। भारतीय बल्लेबाज लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों का सामना करने में नाकाम रहे जिससे मेहमान टीम लंच तक हार के कगार पर पहुंच गई। क्रिस वोक्स (11 रन पर एक विकेट) ने लंच से पहले की अंतिम गेंद पर नितीश कुमार रेड्डी (13) को विकेटकीपर जेम्स स्मिथ के हाथों केच कराया जिससे 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का स्कोर आठ विकेट पर 112 रन हो गया। लंच के समय रविंद्र जडेजा 17 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 58 रन से की।

टीम को तेजी से टूटती और असमान उछाल वाली पिच पर 135 रन की और जरूरत थी। भारत को 1932 के बाद से इस प्रतिष्ठित मैदान पर अपनी चौथी जीत के लिए बल्लेबाजों से आक्रामक प्रदर्शन की जरूरत थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। पहले घंटे के अंदर ज्षभ पंत (12 गेंद पर नौ रन), लोकेश राहुल (58 गेंद पर 39 रन) और वाशिंगटन सुंदर (चार गेंद पर शून्य) के आउट होने से भारत की हार लगभग तय नजर आने लगी थी। जडेजा और रेड्डी ने हालांकि आठवें विकेट के लिए 30 रन जोड़कर विकेटों के पतझड़ पर विराम लगाया लेकिन वोक्स ने लंच से पहले की अंतिम गेंद पर उन्हें विकेटकीपर जेम्स स्मिथ के हाथों कैच करा दिया।

भारत को राहुल और पंत की जोड़ी से काफी उम्मीदें थी लेकिन ये दोनों 18 गेंद के भीतर आउट हो गए। पंत को पहले दिन विकेटकीपिंग करते हुए बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में चोट लगी थी और वह आर्चर की तूफानी गेंदबाजी के सामने असहज दिखे। गेंद के बल्ले पर लगने के बाद उन्हें दर्द हो रहा था। पंत ने बारबडोस में जन्मे इस गेंदबाज की गेंद पर फ्लिक और एक हाथ से ड्राइव लगाकर दो चौकों से अंतर पैदा करने की कोशिश की लेकिन आर्चर ने सीधी गेंद पर इस विकेटकीपर बल्लेबाज का ऑफ स्टंप उखाड़ दिया जो पूरी तरह से फिट नहीं थे। आर्चर ने इसके बाद पवेलियन लौट रहे पंत से कुछ कहा। अब सभी की नजरें राहुल पर टिकी थी।

# सिनर ने गत चैंपियन अल्काराज को हराकर पहला विम्बलडन खिताब जीता



लंदन। शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर ने रविवार को यहां पुरुष एकल के फाइनल में पिछले दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर पहला विम्बलडन और चौथा ग्रैंडस्लैल खिताब जीता। इस तरह इटली के खिलाड़ी सिनर ने पांच हफ्ते पहले हुए फ्रेंच ओपन के ऐतिहासिक फाइनल के नतीजे को भी बदल दिया। अब सिनर दूसरी रैंकिंग पर काबिज स्पेनिश खिलाड़ी अल्काराज से कुल ग्रैंडस्लैम खिताब से एक कदम दूर हैं।

इस जीत से सिनर ने 22 वर्षीय अल्काराज के लगातार खिताब जीतने के सिलसिले को भी तोड़ दिया। अल्काराज ने सिनर के खिलाफ पिछले पांच मुकाबले जीते थे जिसमें हालिया जीत आठ जून को रोलां गैरां में लगभग साढ़े पांच घंटे तक चली पांच सेटों की भिड़ंत में आई थी। सिनर ने उस मैच में दो सेट की बढ़त बना ली थी लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके। इससे अल्काराज का मेजर फाइनल में स्कोर 5-0 हो गया था। सिनर ने ऑल इंग्लैंड क्लब में ऐसे मैच में अपनी छाप छोड़ी जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। हालांकि बीच-बीच में चूक भी हुई। अल्काराज ने सेंटर कोर्ट में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 24 मैच की जीत के साथ उतरे थे। उन्होंने ऑल इंग्लैंड क्लब में लगातार 20 मैच जीते थे जिसमें 2023 और 2024 के फाइनल में नोवाक जोकोविच के खिलाफ जीत भी शामिल है। विंबलडन में पिछली बार अल्काराज को हराने वाले खिलाड़ी सिनर हैं जिन्होंने 2022 में चौथे दौर में उन्हें शिकस्त दी थी। वहीं दूसरी ओर

यनिक सिनर हर हाल में विंबलडन का खिताब जीतना चाहते थे फिर चाहे फाइनल में उनका प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो, लेकिन अब उन्होंने स्वीकार किया है कि कार्लोस अल्काराज़ पर जीत ने इसे खास बना दिया है। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने रविवार को यहां फाइनल में पिछले दो बार के विजेता अल्काराज के खिलाफ 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से जीत हासिल करके पहली बार विंबलडन चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। सिनर ने मैच के बाद कहा यह निश्चित तौर पर काफी मायने रखता है क्योंकि जब आप किसी के खिलाफ कई बार हार जाते हैं, तो यह आसान नहीं होता है। सिनर इससे पहले अल्काराज़ के खिलाफ लगातार पांच मैच हार चुके थे और उनके लिए पिछले महीने फ्रेंच ओपन के फाइनल में खेले गए मैच से ज़्यादा निराशाजनक कुछ नहीं था। सिनर ने उस मैच में दो सेट की बढ़त हासिल की, फिर तीन चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए लेकिन आखिर में पांच घंटे 29 मिनट तक चले मैच में पांच सेटों में हार गए।

सिनर ने कहा मैं कार्लोस को हमेशा अपना आदर्श मानता हूं, क्योंकि आज भी मुझे लगा कि वह कुछ चीज़ें मुझसे बेहतर कर रहा है। इसलिए हम इस पर काम करेंगे और खुद को तैयार करेंगे, क्योंकि हमारा फिर से आमना सामना होगा। अल्काराज़ ने कहा कि उन दोनों के बीच प्रतिद्वंद्विता टेनिस के लिए अच्छी है।

## संक्षेप

### गोल्फ : ग्रीन किम ने जीता खिताब

ऐक्स-लेस-बेन्स (फ्रांस)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और दो ओवर 73 का स्कोर बनाकर यहां अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर रहीं। अदिति का कुल स्कोर पांच अंडर 279 रहा। वह शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जगह नहीं बना सकी लेकिन इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वह एक साल पहले इस प्रतियोगिता में संयुक्त 17वें स्थान पर रही थीं। अदिति ने लगातार नौ पार के साथ शुरुआत की और फिर लगातार चार बोगी कीं, जिससे शीर्ष 10 में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धूमिल हो गईं। उन्होंने 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर कट में जगह नहीं बना पाई थी।

### महिला विश्व कप : दिव्या हम्पी अंतिम-16 में

बातुमी (जॉर्जिया)। महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और ग्रैंडमास्टर बनने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने यहां विपरीत अंदाज में फिडे महिला विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम-16 में जगह बनाई। दिव्या को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए आधा अंक की जरूरत थी जो उन्होंने सर्बिया की टेओडोरा इंजाक के खिलाफ ड्रॉ खेल कर हासिल कर लिया लेकिन हम्पी को पोलैंड की कुलोन क्लॉडिया को हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

### सिराज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना

लंदन। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर यहां लार्ड्स में तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का विकेट लेने के बाद आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए सोमवार को मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। इस टेस्ट में चार विकेट लेने वाले सिराज को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज को आउट करने के बाद उसके खिलाफ दिखाई गई आक्रामक प्रतिक्रिया से संबंधित है।

# राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक मानसून सत्र में किया जायेगा पेश

एजेंसी



नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र के दौरान पेश किया जाएगा। मांडविया ने युवा मामलों के विभाग की नशा के खिलाफ पहल शुरू करने के लिए आयोजित कार्यक्रम के इतर मीडिया से बातचीत में सरकार के इस रुख को भी दोहराया कि बहुपक्षीय खेल आयोजनों के लिए पाकिस्तान के खिलाड़ियों को भारत आने से नहीं रोका जाएगा।

मांडविया ने कहा आगामी सत्र के दौरान यह विधेयक संसद में पेश किया जाएगा। मैं कुछ दिनों में इससे जुड़े और विवरण दूंगा। यह विधेयक देश के खेल प्रशासकों के लिए अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करना चाहता है, जिसमें एक नियामक बोर्ड का प्रावधान होगा। इस बोर्ड के पास राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) को मान्यता देने और सुशासन से संबंधित प्रावधानों के पालन के आधार पर उन्हें धन आवंटित करने की शक्ति होगी। यह बोर्ड उच्चतम शासन, वित्तीय और नैतिक मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार होगा। इसके साथ ही मसौदा खेल विधेयक में शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आचार आयोगों और विवाद समाधान आयोगों की स्थापना का प्रस्ताव है। नियामक बोर्ड के गठन को लेकर हालांकि विवाद चल रहा है और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भी इसका विरोध किया है। आईओए का मानना है कि नियामक बोर्ड के गठन से एनएफएस के लिए नोडल निकाय के रूप में उसकी स्थिति को कमजोर करेगा। मांडविया ने सरकार के इस रुख को फिर से दोहराया है कि अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में आई गिरावट के बावजूद भारत में अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में पाकिस्तान की भागीदारी को रोका नहीं जाएगा। अगले महीने होने वाला पुरुषों का एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट (बिहार), नवंबर-दिसंबर में होने वाला एफआईएच जूनियर विश्व कप (तमिलनाडु) और सितंबर-अक्टूबर में होने वाला जूनियर निशानेबाजी विश्व कप (नयी दिल्ली) प्रमुख खेल आयोजन हैं।

## एमआई न्यूयॉर्क ने वाशिंगटन फ्रीडम को हराकर एमएलसी ट्रॉफी जीती

डलास (अमेरिका)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के शानदार अर्धशतक की मदद से एमआई न्यूयॉर्क ने यहां ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में वाशिंगटन फ्रीडम को पांच रन से हराकर तीन साल में अपनी दूसरी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ट्रॉफी जीती। डी कॉक की 46 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई 77 रन की पारी की बदौलत आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के स्वामित्व वाली एमआई न्यूयॉर्क ने 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर बनाया।

इसके जवाब में न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र के तेज तर्रार 70 रन (41 गेंद) और उनके हमवतन ग्लेन फिलिप्स के नाबाद 48 रन के बावजूद वाशिंगटन फ्रीडम की टीम चार विकेट पर 175 रन ही बना सकी। यह मुंबई इंडियंस का विश्व स्तर पर 13वां और 2025 में तीसरा खिताब है। इससे पहले इस साल की शुरुआत में एमआई केपटाउन की टीम एसए20 और मुंबई इंडियंस की महिला टीम महिला प्रीमियर लीग में चैंपियन बनी थी।

# ऑस्ट्रेलिया के छह विकेट पर 99 रन, ग्रीन ने जगायी उम्मीद

एजेंसी



किंग्स्टन (जमैका)। कैमरन ग्रीन की नाबाद पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को वेस्टइंडीज की आक्रामक तेज गेंदबाजी के सामने 99 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद कुल 181 रन की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ग्रीन 42 रन बनाकर खेल रहे थे। उनके साथ दूसरे छोर पर कप्तान पैट कमिंस पांच रन बनाकर खेल रहे हैं। रविवार को तीनों सत्र में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और दोनों टीमों के 15 विकेट गिरे।

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों ने इस दिन रात्रि टेस्ट मैच में इससे पहले वेस्टइंडीज को पहली पारी में 143 रन पर आउट करके अपनी टीम को 82 रन की बढ़त दिला दी थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही तथा उन्हें तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ (19 रन देकर तीन विकेट) और शमर जोसेफ (26 रन देकर दो विकेट) की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। शमर जोसेफ़ ने दूसरे ओवर में सैम कोंस्टास (00) आउट कर दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पतन शुरू हो गया। 19 वर्षीय कोंस्टास का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। उन्होंने छह पारियों में 50 रन बनाए हैं। उस्मान ख्वाजा (14) और स्टीव स्मिथ (05) दोनों नहीं चल पाए और बोल्ड होकर पवेलियन लौटे। इसके बाद अल्जारी जोसेफ ने 21वें ओवर में ब्यू वेबस्टर (13) और एलेक्स कैरी (00) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया का स्कोर छह विकेट पर 69 रन कर दिया। इससे पहले वेस्टइंडीज के बल्लेबाज भी नहीं चल पाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने 34 रन देकर तीन जबकि जोश हेज़लवुड तथा पैट कमिंस ने दो-दो विकेट लिए, जिससे वेस्टइंडीज़ अपनी पहली पारी में सिर्फ़ 52 ओवर में ही आउट हो गया।

## बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल पति से हुईं अलग

नई दिल्ली। साइना नेहवाल ने 14 दिसंबर, 2018 को कश्यप पारुपल्ली के साथ शादी की थी। उन्होंने पर शादी की फोटो शेयर की थी। भारतीय बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल ने रविवार देर रात अपने पति और बैडमिंटन प्लेयर पारुपल्ली कश्यप (पी. कश्यप) से अलग होने की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी में लिखा, 'बहुत सोच-विचार के बाद, कश्यप और मैंने अलग होने का फैसला किया है। साइना ने लिखा, 'जिंदगी कभी-कभी हमें अलग-अलग दिशाओं में ले जाती है।

# फुटबॉल : चेल्सी बना क्लब विश्व कप का चैंपियन



एजेंसी

ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)। कोल पामर के दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की मदद से चेल्सी ने यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हरा कर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। पामर ने 22वें और 30वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के अंदर से बाएं पैर से लगभग एक जैसे गोल किए। इसके बाद उन्होंने तीसरा गोल करने में भी मदद की। उनके पास पर जोआओ पेड्रो ने 43वें मिनट में गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को छकाकर गोल किया जो दो जुलाई को चेल्सी से जुड़ने के बाद इंग्लैंड के इस क्लब की तरफ से उनका तीसरा गोल है। दो साल पहले मैनचेस्टर सिटी से चेल्सी में शामिल हुए 23 वर्षीय पामर ने इस सत्र में 18 गोल किए हैं। पीएसजी ने अपनी तरफ से वापसी के हर संभव प्रयास किए लेकिन चेल्सी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने उसकी एक नहीं चली। उसे मैच के अंतिम कुछ मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने पड़े क्योंकि 84वें मिनट में मार्क कुकुरेला को बाल पकड़कर गिराने के कारण जोआओ नेवेस को लाल कार्ड दिखा कर बाहर कर दिया गया था। इससे पहले टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली पीएसजी की टीम इस सत्र में लीग।, कूप डी फ्रांस और अपना पहला चैम्पियंस लीग खिताब हासिल करने के बाद अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश में थी। मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए इस फाइनल मैच को देखने के लिए 81,188 दर्शक उपस्थित थे।

## सात्विक-चिराग की निगाह खिताब पर, सिंधू की फॉर्म में वापसी पर

तोक्यो। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखने और खिताबी सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगी। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। इसके अलावा उन्होंने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई थी लेकिन इस सत्र में अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं।

जनवरी में मलेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद यह स्टार जोड़ी सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं और चिराग की पीठ की चोट के कारण कई सप्ताह तक बाहर रही। उन्होंने पूरी तरह से फिट होने के बाद अच्छी वापसी की तथा सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई और इंडोनेशिया में क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। जापान ओपन में यह जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत कोरिया के कांग मिन ह्युक और की डोंग जू के खिलाफ करेगी। एकल वर्ग में लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू 950,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अपनी फॉर्म फिर से हासिल करने की उम्मीद करेंगे। लक्ष्य इस सत्र में कई बार पहले दौर में ही बाहर हो गए हैं।



# प्रतिबंधात्मक व्यापारिक कदमों से बचने की जरूरत

## नौ महीनों में द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में हुई अच्छी प्रगतिः जयशंकर



बीजिंग। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ व्यापक वार्ता के दौरान कहा कि पिछले नौ महीनों में द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में हुई अच्छी प्रगति के बाद भारत और चीन को अब वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव कम करने पर ध्यान देना चाहिए।

बैठक में अपने प्रारंभिक भाषण में जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध इस आधार पर सकारात्मक प्रक्षेप पथ पर उत्तरोत्तर बढ़ सकते हैं कि भारत और चीन के बीच मतभेद विवाद में नहीं बदलना चाहिए और न ही प्रतिस्पर्धा संघर्ष का रूप लेना चाहिए। विदेश मंत्री जयशंकर ने प्रतिबंधात्मक व्यापारिक कदमों और बाधाओं से बचने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उनका स्पष्ट इशारा चीन द्वारा महत्वपूर्ण खनिजों के निर्यात पर रोक लगाने से था। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यह वार्ता जयशंकर के शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन पहुंचने के कुछ घंटों बाद हुई। जयशंकर ने कहा कि हमारे द्विपक्षीय संबंध में इस बात की जरूरत है कि हम अपने संबंधों के सिलसिले में दूरदर्शी पहल करें। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2024 में कजान में हमारे नेताओं की बैठक के बाद से, भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमारी ज़िम्मेदारी इस गति को बनाए रखने की है। जयशंकर 23 अक्टूबर को कजान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनपिंग के बीच हुई बैठक का जिक्र कर रहे थे, जिसमें गलवान घाटी में हुई झड़पों से प्रभावित द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए दोनों पक्षों के बीच विभिन्न वार्ता प्रणालियों को बहाल करने का निर्णय लिया गया था। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में पिछले नौ महीने में काफी प्रगति की है। यह सीमा पर तनाव के समाधान और शांति बनाये रखने की हमारी क्षमता का परिणाम है। यह पारस्परिक रणनीतिक विश्वास और द्विपक्षीय संबंधों के सुचारू विकास का मूलभूत आधार है। अब यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम तनाव कम करने समेत सीमा से जुड़े अन्य पहलुओं पर भी ध्यान दें। जयशंकर ने कहा कि पड़ोसी देशों और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के रूप में, भारत-चीन संबंधों के कई पहलू और आयाम हैं। हमारे लोगों के बीच आदान-प्रदान को सामान्य बनाने की दिशा में उठाए गए कदम निश्चित रूप से परस्पर लाभकारी सहयोग को बढ़ावा दे सकते हैं। इस संदर्भ में यह भी आवश्यक है कि प्रतिबंधात्मक व्यापारिक कदमों और बाधाओं से बचा जाए। मुझे उम्मीद है कि इन मुद्दों पर और विस्तार से चर्चा होगी। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और चीन के बीच स्थिर और रचनात्मक संबंध न केवल दोनों पक्षों के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए लाभकारी हैं। यह आपसी सम्मान, आपसी हित और आपसी संवेदनशीलता के आधार पर संबंधों को संभालने से ही संभव है।

# गडकरी के हाथों शिवमोगा पुल के उद्घाटन से सीएम रहे दूर



शिवमोगा/बेंगलुरु। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कर्नाटक के शिवमोगा में देश के दूसरे सबसे लंबे केबल-आधारित सिगंदूर पुल का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने विरोध स्वरूप बहिष्कार किया और दावा किया कि उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था।

हालांकि, गडकरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सिद्धरमैया को 11 जुलाई को कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए आधिकारिक निमंत्रण दिया गया था। कार्यक्रम संबंधी किसी भी संभावित चुनौती को देखते हुए 12 जुलाई को एक और पत्र भेजा गया, जिसमें डिजिटल माध्यम से उनकी उपस्थिति का अनुरोध किया गया था। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे गए दोनों पत्र भी एक्स पर पोस्ट किए हैं।

हालांकि, सिद्धरमैया ने सोमवार को एक सवाल के जवाब में कहा कि हममें से कोई भी भाग नहीं ले रहा है, क्योंकि मुझे आमंत्रित नहीं किया गया था। मैंने नितिन गडकरी से फोन पर बात की और उन्हें इस बारे में सूचित किया। उन्होंने कहा कि वह कार्यक्रम स्थगित कर देंगे। फिर मैंने उन्हें एक पत्र लिखा। संभवतः भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) नेताओं के दबाव डालने के कारण मुझे कुछ बताए बिना वे ऐसा कर रहे हैं। मैं नहीं जा रहा हूं। मेरा इंडी में एक पूर्व-निर्धारित कार्यक्रम है। कार्यक्रम एक महीने पहले निर्धारित था, मैं वहां जा रहा हूं। उन्होंने बेंगलुरु में पत्रकारों से कहा, विरोध स्वरूप हममें से कोई भी नहीं जा रहा है। न तो मैं, न लोक निर्माण (पीडब्ल्यूडी) मंत्री, न जिला प्रभारी मंत्री और न ही सागर विधायक। यह पूछे जाने पर कि क्या इससे केंद्र और राज्य के बीच टकराव नहीं होगा, मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें (केंद्र को) आमंत्रित करना चाहिए था, ठीक कहा न? टकराव किसने शुरू किया है?

# अमेरिका के यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइलें देने के वादे के बाद ट्रंप के दूत कीव पहुंचे

कीव। यूक्रेन और रूस के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत और सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल कीथ केलॉग सोमवार को यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। यूक्रेन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पिछले सप्ताह ट्रंप ने संकेत दिया था कि वह सोमवार को रूस को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान देंगे। ट्रंप ने रविवार देर रात कहा कि पुतिन अच्छी बातें करते हैं और फिर सब पर बमबारी कर देते हैं। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि अमेरिका यूक्रेन को रूस के तेज़ होते हवाई हमलों से बचाने के लिए अमेरिका-निर्मित पैट्रियट वायु रक्षा मिसाइलें भेज रहा है, जिसकी उसे सख्त जरूरत है। ट्रंप के करीबी सहयोगी और दक्षिण कैरोलिना से सीनेट के रिपब्लिकन सदस्य लिंडसे ग्राहम ने रविवार को कहा कि यह संघर्ष एक निर्णायक मोड़ की ओर बढ़ रहा है, क्योंकि ट्रंप अब यूक्रेन को रूस के पूर्ण पैमाने पर किए गए आक्रमण के खिलाफ लड़ने में मदद देने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। यह वही मुद्दा है जिसे ट्रंप पहले अमेरिकी करदाताओं के पैसे की बर्बादी बताकर खारिज कर चुके थे। इसके साथ ही, नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) के महासचिव मार्क रुट सोमवार और मंगलवार को वॉशिंगटन में रहेंगे। उनकी योजना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और अमेरिकी संसदों के साथ बातचीत करने की है। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमाक ने कहा कि कीथ के लॉग की कीव यात्रा के दौरान बातचीत में रक्षा, सुरक्षा को मजबूत करना, हथियार, प्रतिबंध, लोगों की सुरक्षा और अमेरिका-यूक्रेन सहयोग को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। रूस संघर्षविराम नहीं चाहता। शक्ति के ज़रिए शांति राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सिद्धांत है।

# इजराइल ने किया दक्षिणी सीरिया में टैंकों पर हमला



दमिश्क। इजराइल की सेना ने सोमवार को कहा कि उसने दक्षिणी सीरिया में सैन्य टैंकों पर हमला किया है, क्योंकि वहां सीरियाई सरकारी बलों और बेडौइन जनजातियों का ड्रूज मिलिशिया के साथ संघर्ष हो रहा है।

सीरिया के स्वीदा प्रांत में स्थानीय मिलिशिया और कबीलों के बीच लड़ाई में दर्जनों लोग मारे गए हैं। सोमवार को व्यवस्था बहाल करने के लिए भेजे गए सरकारी बलों की स्थानीय सशस्त्र समूहों के साथ भी झड़प हुई। गृह मंत्रालय ने कहा है कि इस लड़ाई में 30 से अधिक लोग मारे गए हैं और लगभग 100 अन्य घायल हुए हैं। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि कम से कम 50 लोगों की मौत हुई है, जिनमें दो बच्चे और सुरक्षाबलों के छह सदस्य शामिल हैं। इज़राइल पहले भी ड्रूज़ धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए सीरिया में हस्तक्षेप करने की धमकी दे चुका है। दुनिया भर में लगभग 10 लाख ड्रूज़ लोगों में से आधे से ज़्यादा सीरिया में रहते हैं। अधिकतर अन्य ड्रूज़ लेबनान और इजराइल में रहते हैं, जिनमें गोलान हाइट्स भी शामिल है, जिसे इजराइल ने 1967 के युद्ध में सीरिया से छीन लिया था और 1981 में अपने में मिला लिया था। ड्रूज़ को इजराइल में वफादार अल्पसंख्यक माना जाता है और वे अक्सर सशस्त्र बलों में सेवा करते हैं। दिसंबर में पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की सत्ता के पतन के बाद से इजराइल सीरिया के नए नेताओं के प्रति सशंकित रहा है।

# ईडी के समक्ष पेश हुए रॉबर्ट वाड्रा



नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा के पति एवं कारोबारी रॉबर्ट वाद्रा ब्रिटेन में स्थित शस्त्र सलाहकार संजय भंडारी और कुछ अन्य से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

रॉबर्ट वाद्रा (56) पूर्वाह्न 11 बजे के बाद मध्य दिल्ली में स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचे। उनके साथ केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा भी थीं। सूत्रों ने बताया कि रॉबर्ट वाद्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। वाद्रा (56) को जांच एजेंसी ने पिछले महीने बयान दर्ज कराने के लिए दो बार बुलाया था, लेकिन उन्होंने विदेश यात्रा के कारण अपने समन को स्थगित करने का अनुरोध किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी तीन अलग-अलग धन शोधन मामलों में वाद्रा से पूछताछ कर रही है, जिनमें से दो मामले जमीन सौदों में कथित अनियमितताओं से संबंधित हैं। ईडी ने 2008 के हरियाणा भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में अप्रैल में उनसे लगातार तीन दिन तक पूछताछ की थी। राजस्थान के बीकानेर में एक भूमि सौदे में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में भी धन शोधन निरोधक एजेंसी उनसे पूछताछ कर रही है। वाद्रा और भंडारी से जुड़े मामले में ईडी ने 2023 में एक आरोपपत्र दाखिल किया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि भंडारी ने 2009 में लंदन में 12, ब्रायनस्टन स्कायर स्थित घर खरीदा था और वाद्रा के निर्देशों के अनुसार इसकी मरम्मत करायी थी और मरम्मत के लिए धन रॉबर्ट वाद्रा द्वारा दिया गया था। वाद्रा ने इस बात से इनकार किया है कि उनके पास प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लंदन में कोई संपत्ति है। इन आरोपों को अपने खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र करार देते हुए उन्होंने कहा कि राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उन्हें परेशान किया जा रहा है। वाद्रा का बयान दर्ज करने के बाद ईडी भंडारी मामले में नए सिरे से आरोपपत्र दाखिल कर सकती है। आयकर विभाग ने 63 वर्षीय भंडारी के खिलाफ छापे मारे थे।









Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com